CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 09°C

लखनऊ, शुक्रवार 13 फरवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 99 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 24 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विदेशी दबाव में आकर समझौते देशहित के खिलाफः खड़गे पेज 2



ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने जीता स्वर्ण पदक खेल टाइम्स



संघर्ष, सेवा और साहित्य का संगम था सरोजिनी नायडू का जीवन सम्पादकीय



इजरायल ने गिराए थे गाजा में प्रतिबंधित वैक्यूम बम पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### जनवरी में 2.75 प्रतिशत रही महंगाई दर

**नई दिल्ली।** सरकार ने नई सीरीज (आधार वर्ष 2024) के तहत खुदरा महंगाई का पहला आंकड़ा गुरुवार को जारी कर दिया। इसके अनुसार, जनवरी 2026 में महंगाई दर 2.75 प्रतिशत दर्ज की गई। नई सीरीज में जनवरी 2025 से अब तक के उपलब्ध महंगाई के आंकड़ों में जनवरी 2026 की महंगाई दर सबसे अधिक है। इसके आधार पर पिछले साल जनवरी में खुदरा महंगाई 1.67 प्रतिशत और दिसम्बर 2025 में 0.08 प्रतिशत रही थी। इस साल जनवरी में खाद्य महंगाई दर 2.13 प्रतिशत दर्ज की गई। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी में ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई दर 2.73 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 2.77 प्रतिशत रही। इसमें खाद्य एवं पेय पदार्थों की महंगाई दर 2.11 प्रतिशत, कपड़ों तथा जूते-चप्पलों की 2.98 प्रतिशत और स्वास्थ्य सेवाओं की 2.19 प्रतिशत दर्ज की गई है।

### मशहूर समाचार वाचिका सरला माहेश्वरी का निधन

**नई दिल्ली।** मशहूर समाचार वाचिका सरला माहेश्वरी का गुरुवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी में निधन हो गया। वह 71 वर्ष की थीं। सुश्री माहेश्वरी दूरदर्शन के साथ अपने लंबे जुड़ाव के लिए जानी जाती हैं। कई दशकों तक दूरदर्शन पर अपनी शांत, गंभीर आवाज और संतुलित समाचार प्रस्तुति के कारण उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। परिवार के सूत्रों ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार गुरुवार शाम 4 बजे दिल्ली के निगम बोध घाट पर किया गया। हिंदी में पीएचडी करने के बाद 1976 में समाचार प्रस्तोता के रूप में वह दूरदर्शन से जुड़ीं और दो साल की संक्षिप्त अवधि को छोड़कर, वह हमेशा राष्ट्रीय प्रसारक के साथ जुड़ी रहीं।

### 30 करोड़ श्रमिकों की हड़ताल का दिखा मिला-जुला असर

**नई दिल्ली।** सरकार पर कॉरपोरेट समर्थक नीतियों का आरोप लगाते हुए श्रमिक संगठनों के भारत बंद का गुरुवार को देशभर में मिला-जुला असर दिखा। इसका सामान्य जनजीवन पर ज्यादा असर नहीं पड़ा। बता दें कि मजदूर संगठनों ने सरकार पर मजदूर विरोधी, किसान विरोधी नीतियों का आरोप लगाते हुए भारत बंद का ऐलान किया था। इसमें 30 करोड़ मजदूरों के शामिल होने का दावा किया गया था। फाइट फॉर राइट के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर उमंग बंसल ने कहा कि यह पूरी ही राजनीतिक से प्रेरित हड़ताल है और इसका असर देश में नहीं पड़ने वाला है।

### दिल्ली की वायु गुणवत्ता सूचकांक में हुआ सुधार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में तेज दक्षिण-पश्चिमी हवाओं के चलने से गुरुवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में सुधार दर्ज किया गया। समीर एप के आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार सुबह नौ बजे राजधानी का एक्यूआई 194 दर्ज किया गया, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। यह बुधवार के 305 (खराब) के स्तर से काफी बेहतर है।

# भारतीय वायुसेना को मिलेंगे 114 राफेल लड़ाकू विमान

**दो दशक से भी अधिक समय से लटकी पड़ी खरीद के प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाई**

**रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में 3.60 लाख करोड़ के रक्षा सौदों को दी गई मंजूरी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की अगले सप्ताह की भारत यात्रा से पहले सरकार ने वायुसेना के लिए फ्रांस से अतिरिक्त बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान राफेल की दो दशक से भी अधिक समय से लटकी पड़ी खरीद के प्रस्ताव को गुरुवार को हरी झंडी दिखा दी।

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में यहां हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में 3.60 लाख करोड़ रुपये की लागत से राफेल लड़ाकू विमानों के साथ-साथ नौसेना के लिए आठ पी-8 आई टोही विमानों, मिसाइलों तथा स्यूडो सैटेलाइट की खरीद को भी मंजूरी दी गई। इन प्रस्तावों को आवश्यकता के आधार पर खरीद की मंजूरी दी गई है। इन खरीद सौदों के पूरा होने से सशस्त्र बलों की युद्धक तैयारी तथा मारक क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी। उल्लेखनीय है कि रक्षा खरीद बोर्ड ने पिछले महीने ही करीब सवा तीन लाख करोड़ रुपये की लागत से फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमान की खरीद को मंजूरी दी थी। अभी वायुसेना के पास 36 राफेल लड़ाकू विमान हैं। मंत्रालय ने बताया कि परिषद की बैठक में सेना के लिए टैंक रोधी सुरंगों (वैभव) और टी -72 टैंकों तथा इंफेन्ट्री के लिए युद्धक वाहनों की खरीद को भी मंजूरी दी गई है। राफेल विमान की खरीद से संबंधित प्रस्ताव को अब केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति में भी मंजूरी दी जाएगी। सूत्रों के अनुसार इस सौदे में वायुसेना को 18 विमान पूरी तरह तैयार मिलेंगे, जबकि शेष 96 विमान भारत में ही बनाए जाएंगे और इनमें से कुछ विमान दो सीटों वाले भी होंगे जिनका इस्तेमाल पायलटों को प्रशिक्षण में किया जाएगा। फ्रांस की डसॉल्ट एविएशन द्वारा बनाया जाने वाला राफेल एक अत्याधुनिक बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान है, जो हवा से हवा और हवा से जमीनी हमलों के साथ-साथ निगरानी मिशन चलाने तथा परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। इस विमान को अत्याधुनिक मिसाइलों मेटियोर तथा स्कैल्प क्रूज से लैस रहता है।



### तटरक्षक बल को 2312 करोड़ रुपये की लागत से मिलेंगे आठ डोर्नियर 228 विमान

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए आठ डोर्नियर 228 विमानों की खरीद के उद्देश्य से सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 2,312 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि यह अनुबंध 'बाय (इंडियन)' श्रेणी के अंतर्गत किया है और इसमें संचालन भूमिका संबंधी उपकरण की खरीद भी शामिल है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिह की उपस्थिति में इस अनुबंध पर यहां एचएएल के ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट डिवीजन, कानपुर के साथ हस्ताक्षर किए गए। इस अनुबंध से एलएएल का उत्पादन तंत्र सुदृढ़ होगा तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों और सहायक उद्योगों के व्यापक नेटवर्क को समर्थन मिलेगा। इससे रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे और रखरखाव, मरम्मत तथा ओवरहॉल तंत्र बनाने में भी मदद मिलेगी। यह अनुबंध आत्मनिर्भर भारत और मेक-इन-इंडिया के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है तथा भारत की समुद्री सुरक्षा संरचना को भी मजबूत बनाता है।

# 'घूसखोर पंडित' के फिल्ममेकर को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

## शीर्ष अदालत ने कहाः समाज के एक हिस्से को बदनाम नहीं कर सकते



**पहले बदला हुआ नाम बताएं तभी फिल्म रिलीज होगी, बेंच ने 'घूसखोर पंडित' की एक याचिका पर सूचना व प्रसारण मंत्रालय और सेंट्रल बोर्ड फॉर फिल्म सर्टिफिकेशन को भी नोटिस जारी किया**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फिल्म घूसखोर पंडित के फिल्ममेकर नीरज पांडे को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि ऐसे टाइटल का इस्तेमाल करके समाज के एक हिस्से को बदनाम नहीं कर सकते हैं।

मनोज बाजपेई स्टारर फिल्म 'घूसखोर पंडित' की रिलीज पर रोक लगाने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म के नाम पर कड़ी आपत्ति जाहिर की। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली थी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्जल भुयान की बेंच ने फिल्म 'घूसखोर पंडित' की एक याचिका पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय, सेंट्रल बोर्ड फॉर फिल्म सर्टिफिकेशन को भी नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने कहा कि आप ऐसे टाइटल का इस्तेमाल करके समाज के एक हिस्से को बदनाम क्यों कर रहे हैं? यह नैतिकता और पब्लिक ऑर्डर के खिलाफ है। जब तक आप हमें बदला हुआ नाम नहीं बताते हैं। हम आपको फिल्म रिलीज नहीं करने देंगे। कोर्ट ने फिल्म मेकर्स को एक एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया कि घूसखोर पंडित समाज के किसी भी वर्ग को नीचा नहीं दिखाती है। मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को होगी। 'घूसखोर पंडित' के खिलाफ दायर की गई याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह जाति और धर्म पर आधरित स्टीरियोटाइप को बढ़ावा देती है। सांप्रदायिक सद्भाव और संवैधानिक मूल्यों के लिए खतरा पैदा करती है। यह याचिका भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय संगठन सचिव अतुल मिश्रा द्वारा फाइल की गई। इस पीआईएल पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। इस याचिका में फिल्म 'घूसखोर पंडित' की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की गई थी। इस फिल्म को लेकर देश के कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन भी हुए। कई फिल्म संस्थाओं ने भी इनके नाम को लेकर आपत्ति जताई। आखिर में मेकर्स ने नाम बदलने की बात कही। फिल्म 'घूसखोर पंडित' में मनोज बाजपेई के अलावा नुसरत भरुचा, साकिब सलीम, अक्षय ओबेराय और दिव्या दत्ता जैसे कलाकार नजर आएंगे।

# राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव नहीं आएगा

## निशिकांत दुबे ने राहुल की सदस्यता खत्म करने का दिया नोटिस

- कहाः वे गुमराह कर रहे
- संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर वीडियो पोस्ट किया, चार फरवरी को लोकसभा स्पीकर के चैंबर में हंगामे का जिक्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने गुरुवार को राहुल गांधी के खिलाफ लोकसभा में सब्सटेंसिव मोशन पेश किया है। राहुल गांधी पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया है। दुबे ने राहुल की संसद सदस्यता खत्म करने और चुनाव लड़ने पर लाइफटाइम बैन लगाने की मांग की है।

मीडिया सूत्रों के मुताबिक, सरकार राहुल के खिलाफ सदन में उनकी स्पीच के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस नहीं लाएगी। इस पर प्रियंका गांधी ने कहा कि मोदीजी ने छाती 56 इंच की नपवाई थी। उनके खिलाफ भी प्रस्ताव आना चाहिए। हालांकि, बीजेपी उनके (राहुल) भाषण से आपत्तिजनक हिस्से हटाने को लेकर अब भी अड़ी हुई है, क्योंकि उन्होंने अब तक अपने आरोपों को लेकर सबूत पेश नहीं किए हैं। बीजेपी के चीफ व्हिप संजय जायसवाल ने राहुल के बजट चर्चा के दौरान कहे गए कुछ अंशों को रिकॉर्ड से हटाने का औपचारिक नोटिस दिया है।

### मजदूर-किसान की लड़ाई में मजबूती से खड़ा रहूंगा : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार की नीतियों के कारण देश के मजदूर और किसान अपने हक की लड़ाई के लिए सड़कों पर हैं और वह इस संघर्ष में मजबूती से उनके साथ खड़े रहेंगे। श्री गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि देश का मेहनतकश वर्ग अपने साथ हो रहे अन्याय से दुखी है और यही वजह है कि आज देशभर में लाखों मजदूर और किसान अपने हक़ की आवाज़ बुलंद करने सड़कों पर हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरों को डर है कि चार श्रम संहिताएं उनके अधिकारों को कमजोर कर देंगी। इसी तरह किसानों को आशंका है कि व्यापार समझौता उनकी आजीविका पर चोट करेगा। और मनरेगा को कमजोर या खत्म करने से गांवों का आखिरी सहारा भी छिन सकता है।

# यूपी पंचायत चुनाव से पहले बनेगा पिछड़ा वर्ग आयोग

- सरकार ने हाईकोर्ट में दिया हलफनामा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच को सूचित किया है कि प्रदेश में आगामी पंचायत चुनाव से पहले एक समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग बनाया जाएगा।

जस्टिस राजन राय और जस्टिस अवधेश चौधरी की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही थी। दरअसल, हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल कर मौजूदा पिछड़ा वर्ग आयोग के अधिकारों को चुनौती दी गई थी। सरकार ने अब स्पष्ट किया है कि इसी समर्पित आयोग की रिपोर्ट के आधार पर सीटों का आरक्षण तय होगा। यह कदम सुप्रीम कोर्ट के उन निर्देशों के पालन में उठाया गया है, जिनमें स्थानीय निकाय चुनावों से पहले समर्पित आयोग का होना अनिवार्य बताया गया है।

# मुजफ्फरनगरः मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी ढेर

- दो पुलिसकर्मी भी घायल, मारे गए बदमाश पर 40 जघन्य केस थे दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के विज्ञाना रोड पर बुधवार देर रात पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश अमजद को मार गिराया। मुठभेड़ के दौरान दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मारे गए बदमाश पर लूट, हत्या, डकैती समेत करीब 40 जघन्य मुकदमे दर्ज थे और वह अंतरराज्यीय गिरोह का सक्रिय सदस्य बताया जा रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्रामीण इलाके के जंगल के समीप कुछ बदमाश हैं, जो लूट सहित कई मामलों में वांछित चल रहे हैं। सूचना के आधार पर थाना बुढ़ाना, थाना तितावी एवं थाना शाहपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकेबंदी कर सघन चेकिंग शुरू की। इस दौरान पुलिस ने बाइक सवार संदिग्ध बदमाशों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन खुद को घिरा देख, उन्होंने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। मुठभेड़ के दौरान आत्मरक्षार्थ फायरिंग में बदमाशों की गोलियां एसपी देहात आदित्य बंसल की गाड़ी पर लगीं। वहीं कई गोलियां पुलिसकर्मियों की बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी लगीं। इस दौरान दरोगा संदीप और सिपाही अशफाक घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# भारतीय नौसेना ने पहली बार सीटीएफ की कमान संभाली


- सीटीएफ 154 विशेष रूप से सीएमएफ के सदस्य देशों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर केंद्रित

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने बहुराष्ट्रीय संयुक्त समुद्री बल (सीएमएफ) के अंतर्गत बहुराष्ट्रीय संयुक्त टास्क फोर्स (सीटीएफ) 154 की कमान संभाल ली है। नौसेना ने गुरुवार को बताया कि बहरीन के मनामा स्थित सीएमएफ के मुख्यालय में एक समारोह में भारतीय नौसेना ने बुधवार को टास्क फोर्स की कमान संभाली। समारोह की अध्यक्षता अमेरिकी नौसेना के वाइस एडमिरल कर्ट ए. रेनशॉ ने की।

इस अवसर पर भारतीय नौसेना के डिप्टी चीफ ऑफ नेवल स्टाफ वाइस एडमिरल तरुण सोबती तथा अन्य सदस्य देशों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी उपस्थित थे। भारतीय नौसेना के कमोडोर मिलिंद एम. मोकाशी, शौर्य चक्र, ने इतालवी नौसेना के निवर्तमान कमांडर से सीटीएफ 154 की कमान औपचारिक रूप से संभाली। सीटीएफ 154 विशेष रूप से सीएमएफ के सदस्य देशों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर केंद्रित है। यह क्षेत्र में भारत की पेशेवर विशेषज्ञता, संचालन अनुभव और 47 सदस्य देशों के बीच एक पसंदीदा सुरक्षा साझेदार के रूप में उसकी भूमिका पर बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। सीटीएफ 154 की स्थापना मई 2023 में की गई थी और इसका उद्देश्य पश्चिम एशिया और आगे के क्षेत्र में बहुराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से समुद्री सुरक्षा को सुदृढ़ करना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पांच मुख्य स्तंभों समुद्री क्षेत्र जागरूकता, समुद्री कानून , समुद्री अवरोधन अभियान, समुद्री बचाव और सहायता, तथा नेतृत्व विकास पर आधारित है। यह टास्क फोर्स नियमित समुद्री सुरक्षा उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम, कम्पास रोज और नॉर्दर्न/सदर्न रेडीनेस जैसे अभ्यास, तथा साझेदार देशों की परिचालन क्षमताओं को सुदृढ़ करने के लिए संपर्क कार्यक्रम आयोजित करती है, जिससे अवैध तस्करी, समुद्री डकैती और अनियमित प्रवासन जैसे साझा खतरों का मुकाबला किया जा सके। सीटीएफ 154 का संचालन सीएमएफ की अन्य टास्क फोर्स- सीटीएफ 150 (समुद्री सुरक्षा), सीटीएफ 151 (समुद्री डकैती निरोध), सीटीएफ 152 (अरब खाड़ी में समुद्री सुरक्षा) और सीटीएफ 153 (लाल सागर में समुद्री सुरक्षा)-के साथ किया जाता है।

# वंदे मातरम पर सरकार का आदेश आजादी पर हमलाः मदनी

- जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख ने कहाः ये मनमाना और एकतरफा
- वंदे मातरम के सभी छंद गाने के विरोध में संगठन
- पंजाब में भी फैसले का विरोध, दल खालसा ने सिख पहचान के खिलाफ बताया, हिंदुत्व विचारधारा को सिख समुदाय पर थोपने का प्रयास



**नई दिल्ली।** मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने वंदे मातरम के सभी छंद गाने का विरोध किया है। संगठन ने कहा कि सरकार का ये आदेश हमारी धार्मिक आजादी पर हमला है। संगठन ने सरकार के आदेश को एकतरफा और मनमाना बताया। जमीयत के प्रेसिडेंट मौलाना अरशद मदनी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मुसलमान किसी को भी वंदे मातरम गाने या बजाने से नहीं रोकते, लेकिन गाने के कुछ छंद मातृभूमि को एक देवता के रूप में दिखाते हैं।

ये हमारी मान्यताओं के खिलाफ हैं। केंद्र सरकार ने बुधवार को एक आदेश जारी कर राष्ट्रगीत वंदे मातरम को राष्ट्रगान जन गण मन की तरह ही सम्मान देना अनिवार्य कर दिया है। आदेश के मुताबिक राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकंड है। अब तक मूल गीत के पहले दो अंतरे ही गाए जाते थे। मदनी ने कहा कि एक मुसलमान सिर्फ एक अल्लाह की इबादत करता है, इसलिए उसे यह गाना गाने के लिए मजबूर करना संविधान के आर्टिकल 25 और सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का साफ उल्लंघन है। इस गाने को जरूरी बनाना और इसे नागरिकों पर थोपने की कोशिश देशभक्ति का इजहार नहीं है, बल्कि यह चुनावी राजनीति, एक सांप्रदायिक एजेंडा और बुनियादी मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाने की कोशिश है। देश के लिए प्यार का असली पैमाना नारों में नहीं, बल्कि किरदार और कुर्बानी में है। इसकी शानदार मिसालें मुसलमानों और जमीयत उलेमा-ए-हिंद के ऐतिहासिक संघर्ष में खास तौर पर देखी जा सकती हैं। ऐसे फैसले देश की शांति, एकता और डेमोक्रेटिक मूल्यों को कमजोर करते हैं और संविधान की भावना को कमजोर करते हैं। वंदे मातरम को जरूरी बनाना संविधान, धार्मिक आजादी और डेमोक्रेटिक उसूलों पर साफ हमला है। वंदे मातरम अनिवार्य -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### महिला डाक्टर से अभद्र व्यवहार पर एडिशनल प्रोफेसर निलंबित

**लखनऊ।** लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में एक बार फिर महिला रेजिडेंट डाक्टर से कथित अभद्रता का मामला सामने आया है। बाल रोग विभाग के एक एडिशनल प्रोफेसर पर जूनियर रेजिडेंट डाक्टर ने अनुचित व्यवहार और मोबाइल पर आपत्तिजनक संदेश भेजने के आरोप लगाए हैं। शिकायत मिलते ही विश्वविद्यालय प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चिकित्सक को निलंबित कर दिया है। इस बाबत पीड़िता ने परिजनों के साथ संस्थान प्रशासन को लिखित शिकायत दी थी। इसके बाद 11 फरवरी को कुलपति डा. सोनिया नित्यानंद के निर्देश पर सात सदस्यीय आंतरिक शिकायत समिति (विशाखा कमेटी) का गठन किया गया। समिति ने पीड़िता और आरोपी दोनों के बयान दर्ज किए। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर आरोपी एडिशनल प्रोफेसर को निलंबित कर डीन मेडिसिन कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है।

### महर्षि दयानंद सरस्वती राष्ट्र-जागरण के अग्रदूत: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैदिक चेतना के महान उद्घोषक, आध्यात्मिक चिंतक और आर्य समाज के संस्थापक महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि असीम ज्ञान और उच्च गुणों से संपन्न स्वामी दयानंद सरस्वती का संपूर्ण जीवन समाज-उत्थान, राष्ट्र-जागरण और मानव-कल्याण के पावन कार्यों को समर्पित रहा। उन्होंने भारतीय समाज को कुरीतियों से मुक्त करने, वेदों की ओर लौटने और आत्मगौरव की भावना जगाने का आह्वान किया।

# चारु गुप्ता को मिला अंतर्राष्ट्रीय सम्मान कुमारस्वामी पुस्तक पुरस्कार

नई दिल्ली, वार्ता

■ सम्मान के साथ एक हजार डॉलर भी मिलेंगे

दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर प्रोफेसर चारु गुप्ता को प्रतिष्ठित 'आनंद केंटिश कुमारस्वामी पुस्तक पुरस्कार' (दक्षिण एशिया) से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान के साथ उन्हें एक हजार डॉलर (करीब 91 हजार रुपए) भी मिलेंगे।

प्रोफेसर गुप्ता को यह पुरस्कार उनकी नई पुस्तक 'हिंदी हिंदू हिस्ट्रीज: कॉस्ट, आयुर्वेद, ट्रेवल एंड कम्युनिज्म इन अर्ली ट्वेंटिन्थ सेंचुरी इंडिया' के लिए 'एसोसिएशन फॉर एशियन स्टडीज (एएएस) ने दिया है। आनंद केंटिश कुमारस्वामी पुरस्कार दक्षिण एशिया पर विशिष्ट और मौलिक विद्वतापूर्ण कार्यों के लिए दिया जाता है। कला इतिहासकार और सांस्कृतिक चितक आनंद के कुमारस्वामी के नाम पर स्थापित यह पुरस्कार उन पुस्तकों को दिया जाता है, जो दक्षिण एशिया के इतिहास, संस्कृति और समाज के अध्ययन में महत्वपूर्ण और स्थाई योगदान देता हैं। इसे दक्षिण एशियाई अध्ययन के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित मान्यता है। यह पुस्तक 20वीं सदी की शुरुआत में उत्तर भारत की उत्तर भारत में आत्मकथाओं और 'प्रिंट' संस्कृति के जरिए हिंदू जीवन के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करती है। इसमें जाति, आयुर्वेद, यात्रा वृत्तांत और साम्यवाद का ऐतिहासिक विश्लेषण किया गया है। यह दिखाती है कि उस परिवर्तनकारी दौर में जाति, लिंग, राष्ट्र और हिंदू पहचान को लेकर विभिन्न लोकभाषाई दृष्टियां किस तरह से उभर रही थीं। चारु की अन्य चर्चित पुस्तकों में सेक्सुअलिटी, ऑब्सिनिटी, कम्युनिटी एंड द जेंडर ऑफ कॉस्ट तथा 'जाति और लिंग: दलित, सवर्ण और हिंदी प्रिंट संस्कृति हैं। एएएस इस वर्ष की पुरस्कार प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा करते हुए कहा कि सभी सम्मानित व्यक्तियों को बधाई।

# विधान परिषद में गूंजा शहरों में अतिक्रमण और जाम का मुद्दा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ लोक महत्व का अविलंबनीय विषय बताते हुए विपक्ष ने सरकार से कार्रवाई की मांग उठाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद में एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने नियम 110 के अंतर्गत शहरों में बढ़ते अतिक्रमण और यातायात जाम की समस्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने इसे लोक महत्व का अविलंबनीय विषय बताते हुए सरकार से प्रभावी कार्रवाई की मांग की।

सभापति ने विषय को गंभीर मानते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देशों के साथ सरकार को भेज दिया। सदन में कहा गया कि सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश में तेजी से शहरी विकास हो रहा है और स्वच्छता रैंकिंग में भी कई जनपदों ने स्थान बनाया है। हालांकि बढ़ते शहरीकरण के साथ अतिक्रमण की समस्या भी विकराल होती जा रही है, जिससे शहरों में जाम की स्थिति आम हो गई है। इससे आम नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सदस्य ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शहरों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए मॉडल वेंडिंग जोन बनाने के निर्देश दिए गए हैं और कुछ स्थानों पर काम भी हुआ है, लेकिन अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी है। इसके लिए स्थानीय निकायों की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया गया। गाजियाबाद, मुरादाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, कानपुर, बरेली, अलीगढ़ और मेरठ सहित अधिकांश नगर निगमों के प्रमुख चौराहों पर अतिक्रमण की समस्या बनी हुई है। राजधानी लखनऊ में भी विभूति खंड क्षेत्र को छोड़कर अन्य इलाकों में स्थिति चिंताजनक बताई गई। प्रदेश में नगर निगम अधिनियम के तहत गठित टाउन वेंडिंग कमेटी (टीवीसी) की नियमित बैठकें नहीं होने पर भी सवाल उठाए गए। बताया गया कि लखनऊ नगर निगम में लगभग दस महीनों से टीवीसी की बैठक नहीं हुई है, जबकि नियमों के अनुसार हर माह बैठक होना अनिवार्य है। इस समिति में पार्षदों, रेहड़ी-पटरी दुकानदारों, बड़े प्रतिष्ठानों, पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, लोक निर्माण विभाग, विकास प्राधिकरण, विद्युत विभाग, आवास विकास और डूडा के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। सदन में मांग की गई कि टाउन वेंडिंग कमेटियों को सक्रिय कर नियमित बैठकें सुनिश्चित की जाएं, ताकि शहरों को अतिक्रमण से मुक्त कर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जा सके और नागरिकों को राहत मिल सके।

## उप्र विधानसभा में अतुल प्रधान ने नियम 300 के तहत मुद्दा उठाया

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुरुपयोग पर जताई चिंता

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सपा विधायक ने कहा-एआई एक खतरनाक तकनीक साबित हो सकती है, जिसका दुरुपयोग संभव

■ सपा सदस्य सचिन यादव ने विधानसभा में उठाया ट्रांसजेंडर समुदाय का मुद्दा, मंत्री ने दी सफाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को सदन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। शून्य प्रहर के दौरान समाजवादी पार्टी के सदस्य अतुल प्रधान ने नियम 300 के तहत यह मुद्दा उठाया और सरकार से संज्ञान लेने की मांग की।

अतुल प्रधान ने कहा कि एआई एक खतरनाक तकनीक साबित हो सकती है, जिसका दुरुपयोग संभव है। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि एक एजेंसी के कुछ लोग उनके पास आए थे और दावा किया था कि वे उनके बिना मौजूद हुए ही उनकी आवाज और चेहरे का हूबहू इस्तेमाल कर जनता तक उनका भाषण पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि उनकी आवाज और चेहरा सकारात्मक संदर्भ में प्रसारित किए जा सकते हैं, तो उनका गलत इस्तेमाल भी संभव है। इस संबंध में उन्होंने अपने जिले के एसएसपी से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए कहा कि एआई का प्रभाव विशेष रूप से राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों पर अधिक पड़ सकता है। उन्होंने संसदीय कार्य मंत्री से इस पर ध्यान देने का आग्रह किया और शिकायतों पर कठोर कार्रवाई की आवश्यकता जताई। इस पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि केंद्र सरकार ने एआई को लेकर कानून बनाया है। इस विषय पर विधि विशेषज्ञों से चर्चा करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले प्रदेश सरकार के आईटी मंत्री सुनील शर्मा ने भी सरकार का पक्ष सदन में रखा। सदन में हुई इस चर्चा ने एआई जैसी उभरती तकनीक के दुरुपयोग और उससे जुड़े कानूनी पहलुओं पर गंभीर विमर्श की आवश्यकता को रेखांकित किया। वहीं राज्य विस में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के विधायक सचिन यादव द्वारा ट्रांसजेंडर पर उठाए गए प्रश्न के जवाब में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि यह सदन का एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण है, जब सबसे पिछड़े और हाशिए पर रहने वाले समुदाय की समस्याओं पर गंभीर चर्चा हो रही है।

### सपा विधायक रागिनी के सवालों पर सदन में गरमाया माहौल, मंत्री के जवाब पर हंगामा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में गुरुवार को उस समय माहौल गरमा गया जब समाजवादी पार्टी की विधायक रागिनी सोनकर ने मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' से निवेश और डिफेंस कॉरिडोर को लेकर तीखे सवाल पूछे। रागिनी सोनकर ने पहला सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में लाखों करोड़ रुपए के एमओयू साइन किए गए, लेकिन धरातल पर सिर्फ 9 प्रतिशत ही परियोजनाएं क्यों दिख रही हैं? दूसरा सवाल डिफेंस कॉरिडोर को लेकर था। उन्होंने पूछा कि चित्रकूट, झांसी, अलीगढ़ और आगरा जैसे जिलों में अब तक प्रगति शून्य क्यों है। तीसरे सवाल में उन्होंने भाजपा के फंड को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा कि वर्ष 2014 में पार्टी के खाते में 800 करोड़ रुपए थे, जो अब 16 हजार करोड़ रुपए कैसे हो गए, जबकि अर्थव्यवस्था कमजोर बताई जा रही है। रागिनी के सवालों के जवाब में मंत्री नंद गोपाल गुप्ता खड़े हुए और उनके सवालों को पढ़ने लगे। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें टोका। इसके बाद मंत्री विपक्ष पर निशाना साधते हुए सपा सरकार के कार्यकाल का जिक्र करने लगे।

# विदेशी दबाव में आकर समझौते देशहित के खिलाफ: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए कहा है कि विदेशी दबाव में आकर किए गए समझौते देशहित के खिलाफ हैं और सरकार की नीतियां करोड़ों मेहनतकश किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के भविष्य को खतरे में डाल रही हैं।

खड़गे ने नए श्रम कानूनों और मनरेगा को कमजोर करने के आरोपों को लेकर मोदी सरकार की आलोचना करते हुए गुरुवार को कहा कि देशभर में ट्रेड यूनियन, किसान और मजदूर सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विरोध कर रहे हैं। सरकार की नीतियां करोड़ों मेहनतकश किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के भविष्य को खतरे में डाल रही हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी दबाव में आकर किए गए समझौते देशहित के खिलाफ हैं और इससे आम नागरिकों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। छोटे व्यापारी, कामगार और आम जनमानस इस कथित जन-विरोधी डील का सबसे ज्यादा विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि पार्टी इस मुद्दे पर सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने सरकार से किसानों और मजदूरों के हितों की रक्षा करने की मांग भी की।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



संसेक्स 83674.92
निफ्टी 25807.20



सोना 157550
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 257567
प्रति किलो



# आईटी सेक्टर में जबरदस्त गिरावट, सेंसेक्स 559 अंक लुढ़का

मुंबई, वार्ता



सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों में जारी बिकवाली के दबाव में गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई जिससे बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 558.72 अंक (0.66 प्रतिशत) टूटकर 83,674.92 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 146.65 अंक नीचे 25,807.20 अंक पर रहा।

सेंसेक्स में शामिल चारों आईटी कंपनियों टेक महिंद्रा, इंफोसिस, टीसीएस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयरों में पांच से छह प्रतिशत के आसपास गिरावट रही। चौतरफा गिरावट के बीच निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.45 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.64 प्रतिशत नीचे रहा। निफ्टी आईटी सूचकांक 5.51 प्रतिशत लुढ़क गया। तेल एवं गैस, रसायन, रियलटी, मीडिया, एफएमसीजी, बैंकिंग, फार्मा और ऑटो में भी गिरावट रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूह में तेजी रही। एनएसई में शामिल 3,256 कंपनियों के शेयरों में से 2,007 के शेयर गिरावट में रहे जबकि 1.151 में तेजी रही। अन्य 98 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 17 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। टेक महिंद्रा का शेयर 5.99 प्रतिशत टूट गया। इंफोसिस में 5.79 प्रतिशत, टीसीएस में 5.41, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 4.84, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.23, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 2.13 और रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.27 प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, अडानी पोर्ट्स, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक और इंडिगो के शेयर भी लाल निशान में रहे। बजाज फाइनेंस का शेयर 3.17 प्रतिशत चढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 1.73 फीसदी, ट्रेंट का 1.52 और बीईएल का 1.43 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ।

# सर्राफा बाजार में दिखी गिरावट, चांदी 2000 तक टूटी, सोना 600 रुपये सस्ता

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी की कीमतों में गुरुवार को गिरावट देखने को मिली। चांदी 2040 रुपये सस्ती होकर 2.61 लाख रुपये प्रति किलो पर आ गई। वहीं सोना 630 रुपये गिरकर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में बुलियन की दरों के अनुसार सोना 660 रुपये सस्ता होकर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं चांदी 1200 रुपये गिरकर 2.62 लाख प्रति किलो पर आ गई। एमसीएक्स पर गुरुवार को चांदी की कीमतें चार प्रतिशत की तेजी के साथ 2.62 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोना की कीमतों में 1,957 रुपये का उछाल देखने को मिला। सोना 1.25 प्रतिशत चढ़कर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले दिन बुधवार को चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी दर्ज की गई और यह 4,000 रुपये उछलकर 2.68 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई थी। वहीं, सोने के भाव में भी मजबूती रही और यह 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार निकल गया। स्पाट गोल्ड की कीमत मामूली गिरावट के साथ 5,080 डालर प्रति औंस पर आ गई, जबकि स्पाट सिल्वर 2 प्रतिशत लुढ़ककर 82.2 डालर प्रति औंस पर पहुंच गया। अमेरिकी श्रम बाजार के मजबूत आंकड़ों के बाद गुरुवार को एशियाई कारोबार के दौरान सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई।

# चावल, गेहूं, दालें नरम, चीनी मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ गेहूं और दालों में भी गिरावट रही। चीनी के दाम बढ़ गए, जबकि खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 14 रुपये घटकर 3,836 रुपये प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं की कीमत 18 रुपये फिसलकर 2,847 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गई। आटा भी छह रुपये महंगा हुआ।

दाल-दलहनों में नरमी रही। उड़द दाल औसतन 20 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। चना दाल की कीमत 15 रुपये और मूंग दाल की दो रुपये प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल और मसूर दाल में टिकाव रहा। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 24 रिंगिट टूटकर 4,037 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा 0.63 प्रतिशत की मजबूती के साथ 57.41 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 33 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सरसों तेल 99 रुपये और सूरजमुखी तेल 77 रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल की कीमत 60 रुपये और वनस्पति की 51 रुपये घट गई। सोया तेल में 34 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 17 रुपये प्रति क्विंटल उतर गए। वहीं, चीनी तीन रुपये महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# रामपुर में वकील की हत्या के विरोध में साथी वकीलों ने किया कार्य बहिष्कार

**लखनऊ।** रामपुर में बुधवार को एक अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या करने के विरोध में उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में गुरुवार को वकीलों ने कार्य बहिष्कार किया। देवरिया में हत्या के विरोध में दिवानी और कलेक्ट्रेट कचहरी के दर्जनों अधिवक्ता कार्य बहिष्कार कर परिसर में शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किए। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज मिश्रा और कलेक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रीतम मिश्रा बताया कि रामपुर एक अधिवक्ता फारूख अहमद खान की निर्मम हत्या के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया है।

बार एसोसिएशन के दोनों अध्यक्षों ने मांग किया है कि वकील के हत्यारों तत्काल गिरफ्तार कर मामले को एफटीसी कोर्ट में लगाकर तत्काल फांसी दिया जाय। रायबरेली की विभिन्न बार एसोसिएशन ने अधिवक्ता की गोली मारकर की गई हत्या का विरोध करते हुए प्रस्ताव पारित कर न्यायिक कार्यो से विरक्त रहने की घोषणा करते हुए घटना की कड़े शब्दों में निंदा की और अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को सरकार द्वारा लागू कराने की भी मांग की। गौरतलब है कि रामपुर में बुधवार दोपहर अधिवक्ता फारूक अहमद खां (50) की एक लिपिक ने दिनदहाड़े अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**वंदे मातरम...** किए जाने पर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा कि सरकार का यह फैसला गैर कानूनी है। धार्मिक आजादी, सेक्युलर मूल्यों के खिलाफ है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने मांग कि है कि सरकार इस नोटिफिकेशन को वापस ले। वापस नहीं लिया, तो पर्सनल लॉ बोर्ड इस फैसले को कोर्ट में चुनौती देगा। सिख संगठन दल खालसा ने वंदे मातरम अनिवार्य किए जाने के फैसले पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने इसे सिख पहचान व धार्मिक भावनाओं के खिलाफ बताया है। दल खालसा के नेता कंवरपाल सिंह बिट्टू ने बयान जारी करते हुए कहा कि यह फैसला भारतीयता के नाम पर हिंदुत्व विचारधारा को सिख समुदाय पर थोपने का प्रयास है। सिख होने के नाते हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। यह निर्णय सिख समुदाय की भावनाओं और उनकी धार्मिक पहचान के विपरीत है।

# गुरुकुल छात्रा ने 5,555 भिन्न ॐ लिखकर बनाया विश्व रिकॉर्ड

**वाराणसी।** धर्म और अध्यात्म की नगरी काशी के तुलसीपुर महमूरगंज स्थित पाणिनि कन्या महाविद्यालय की कक्षा 10वीं की छात्रा कुमारी स्वर्णा निगम ने कला और आध्यात्मिक क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कुमारी स्वर्णा ने 5,555 अलग-अलग प्रकार के 'ॐ' (ओंकार) की विशिष्ट पेंटिंग्स बनाकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस अद्वितीय कला-साधना को 'यूरेशिया वर्ल्ड रिकॉर्ड' में आधिकारिक रूप से दर्ज किया गया है। यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय, बल्कि पूरी काशी और देश के लिए गौरव का विषय है। गुरुवार को पाणिनि कन्या महाविद्यालय परिसर में भव्य प्रदर्शनी एवं विमोचन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में वाराणसी संसदीय कार्यालय के समन्वयक शिव शरण पाठक, विश्व वैदिक न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सिंह, वरिष्ठ पर्यावरणविद् अनिल कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# नए श्रमिक कानून कामगार विरोधी हैं: विपक्ष

नई दिल्ली, वार्ता

■ कहा: 2020 में तीन श्रम संहिताएं जल्दबाजी में पारित की करने के बाद श्रमिकों के हितों की तिलांजलि दी गई थी

लोकसभा में गुरुवार को विपक्षी सदस्यों ने औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026 को श्रमिकों के हितों के विरुद्ध करार देते हुए कहा कि इस कानून के लागू होने से कामगारों के अधिकारों में और ह्रास होगा।

विधेयक को विचार करने तथा पारित किए जाने के लिए सदन में प्रस्तुत किए जाने के बाद इस पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस के के. सुरेश ने कहा कि देश भर के श्रमिक अपने अधिकारों की रक्षा के लिए जब गुरुवार को देशव्यापी हड़ताल कर रहे हैं, तब यह संशोधन विधेयक लाया गया है। उन्होंने कहा कि 2020 में पारित की गई तीन श्रम संहिताएं जल्दबाजी में पारित की गई थीं, जिनमें श्रमिकों के हितों की तिलांजलि दी गई थी। अब इस विधेयक के जरिए श्रमिकों के अधिकारों को और कम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 300 तक श्रमिकों-कर्मचारियों वाली कंपनियां, फैक्ट्री और कारखाने सरकार की अनुमति के बगैर बंद किए जा सकेंगे।

सुरेश ने कहा कि 90 प्रतिशत कार्यबल असंगठित क्षेत्र में काम करता है, उसकी पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य सुरक्षा का ध्यान कौन रखेगा। महिलाओं की भागीदारी कार्यबल में कम हो रही है। आज कारपोरेट सेक्टर को काफी बढ़ावा दिया जा रहा है। कारपोरेट की मांगें मान ली जाती हैं। श्रमिकों की मांगें ठुकरा दी जा रही हैं। मोदी सरकार श्रमिकों की असुरक्षा को संस्थागत रूप दे रही है। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार श्रमिकों के हितों में काम करती थी। तत्कालीन सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) लाई थी। संप्रग सरकार सामाजिक न्याय के लिए काम करती थी। आज सार्वजनिक उपक्रम कमजोर हो रहे हैं, उनका निजीकरण किया जा रहा है।

अनुबंध पर अधिक कर्मचारी लाए जा रहे हैं। यह विधेयक रोजगार सुरक्षा को क्षति पहुंचाता है। भारतीय जनता पार्टी के दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि इस विधेयक में पहले के श्रमिकों के जुड़े कानूनों को समेकित करके नई श्रम संहिताएंलाई गई हैं। इस विधेयक को प्रगतिशील सुधार के रूप में जाना जाना चाहिए। सरकार की मंशा श्रमिक-मालिक के बीच तालमेल के जरिए उद्योगों में तरक्की लाना है। सरकार गैरकानूनी तालाबंदी पर रोक लगाना चाहती है। सरकार के इन कदमों से अर्थव्यवस्था में सुधार लाना है। इस सरकार की ओर से लाई गई श्रमिक संहिताएंपूरे देश में लागू होंगी। इनके लागू होने से औद्योगिक विवाद सुलझाना जयादा सरल हो जाएगा। समाजवादी पार्टी के सांसद अफजल अंसारी ने कहा कि 2020 में जब श्रम संहिताएंलागू की गई थीं, तो बड़े-बड़े दावे किए गए थे और अब उनमें संशोधन करना पड़ रहा है। सरकार जब एक मजबूत कानून नहीं बना सकती तो यह श्रमिकों के हितों की बात करेगी, ऐसा सोचना निरर्थक है। उन्होंने कहा कि अब श्रमिकों की छंटनी को आसान कर दिया गया है। ऐसी स्थिति में सरकार के प्रति श्रमिकों में घोर निराशा है। उद्योगों को ढील दी जा रही है। तीन सौ कर्मचारियों वाली कंपनियों- कारखानों में जब चाहे तब कामगारों को नौकरी से निकाला जा सकता है। सरकार को मजदूरों के हितों के बारे में सोचना चाहिए।

# बजट पर मंत्री जयवीर सिंह ने सदन में किए दावे

## पर्यटन विकास में पारदर्शिता और गाइडलाइन आधारित कार्यवाही पर जोर

शाह टाइम्स ब्यूरो

- बजट सत्र में पर्यटन का रोडमैप स्पष्ट, चरणबद्ध विकास की रणनीति
- सीतापुर से झांसी और मिर्जापुर तक पर्यटन योजनाओं पर सरकार ने रखी स्थिति स्पष्ट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र 2026-27 के चौथे दिन विधान परिषद में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सदस्यों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का विस्तार पूर्वक उत्तर दिया। उन्होंने ललितपुर, सीतापुर, झांसी, मिर्जापुर स्थित धार्मिक स्थलों के पर्यटन विकास एवं प्रदेश भर में चल रहे होटल, रेस्तरां के सुरक्षा मानकों की जांच तथा दुरुस्तीकरण के संबंध में सदन को अवगत कराया।

मंत्री जयवीर सिंह ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार पर्यटन एवं सांस्कृतिक विरासत के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में ठोस नीतिगत एवं संरचनात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने गुरुवार को विधानसभा में तथ्यों एवं स्पष्ट नीतिगत प्रावधानों के आधार पर सदस्यों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का क्रमवार उत्तर देते हुए पर्यटन विकास को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। जनपद ललितपुर की महरौनी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नीलकंठेश्वर धाम (तहसील पाली) तथा ग्राम डोंगरा कला स्थित डोंगरासन माता मंदिर के आसपास पर्यटन विकास कार्यों से संबंधित प्रश्न पर उन्होंने स्पष्ट किया कि नीलकंठेश्वर धाम मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, भारत सरकार के अधीन है। पर्यटन मंत्री ने जनपद सीतापुर के ब्लॉक खैराबाद स्थित ग्राम पंचायत रामकोट के प्राचीन गंगा सागर तीर्थ रामेश्वर धाम के जीर्णोद्धार के संबंध में मो. जासमीर अंसारी के प्रश्न का उत्तर देते हुए स्पष्ट किया कि पर्यटन विभाग निर्धारित मानकों एवं बजट की उपलब्धता के आधार पर ही पर्यटन स्थलों का विकास करता है झांसी जनपद के आस्था केंद्रों को पर्यटन मानचित्र पर सशक्त पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए विधान सभा बबीना स्थित अंजनी माता मंदिर, गरौठा क्षेत्र के प्राचीन राम जानकी मंदिर सगौली तथा मऊरानीपुर के श्री मढ़ा सरकार प्राचीन मंदिर के पर्यटन विकास को लेकर सदन में प्रश्न उठाया गया। इस पर उत्तर देते हुए पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने स्पष्ट किया कि इन मंदिरों का विकास विभागीय गाइडलाइन एवं बजट की उपलब्धता के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से कराया जाएगा, ताकि क्षेत्रीय धार्मिक पर्यटन को नई गति मिल सके। मिर्जापुर नगर स्थित 100 वर्षीय श्री चित्रगुप्त मंदिर एवं चित्रगुप्त घाट को गंगा के कटाव से सुरक्षा एवं संरक्षण प्रदान किए जाने के संबंध में आशुतोष सिन्हा एवं लाल बिहारी यादव द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में पर्यटन मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह कार्य पर्यटन विभाग की गाइडलाइन्स के अंतर्गत आच्छादित नहीं है। उन्होंने बताया कि इस विषय में आवश्यक कार्यवाही हेतु पर्यटन निदेशालय द्वारा निदेशक एवं मुख्य अभियंता, सिंचाई विभाग को सूचित कर दिया गया है, ताकि मंदिर एवं घाट की संरचनात्मक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। प्रदेश में पर्यटन विकास और पर्यटकों की निरंतर बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने होटल एवं रेस्तरां में सुरक्षा मानकों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। सदन के सदस्य दिनेश कुमार गोयल एवं विजय बहादुर पाठक द्वारा उठाए गए प्रश्नों के उत्तर में पर्यटन मंत्री ने स्पष्ट किया कि होटलों का पंजीकरण सराय एक्ट के अंतर्गत संबंधित जनपद के जिलाधिकारी द्वारा किया जाता है, जबकि बार एवं रेस्टोरेंट का पंजीकरण पर्यटन विभाग के अधीन नहीं है। सीतापुर के महमूदाबाद स्थित मां संकटा देवी धाम के समग्र पर्यटन विकास को लेकर सदन में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि शासनादेश के बाद बजट 2022 दिनांक 10 नवम्बर 2022 के अंतर्गत 87.01 लाख रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन विकास कार्य पूर्ण कराए जा चुके हैं।

## निषादराज की धरती को मिलेगा राष्ट्रीय पहचान का गौरव: जयवीर सिंह

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ/प्रयागराज।** रामनगरी अयोध्या की तर्ज पर प्रभु श्रीराम के परम भक्त निषादराज की राजधानी श्रृंगवेरपुर को भव्य और आकर्षक रूप दिया जा रहा है। प्रयागराज जिले के इस ऐतिहासिक व पौराणिक स्थल पर निषादराज गुहा सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण तेज गति से जारी है।

उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग की इस महत्वाकांक्षी परियोजना की लागत 19.61 करोड़ रुपये है और लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जिससे स्पष्ट है कि सरकार इस परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस सांस्कृतिक केंद्र की सबसे खास पहचान इसका म्यूजियम ब्लॉक है, जहां श्रीराम और निषादराज की अमर कथा चित्रों के माध्यम से जीवंत की जाएगी। यह संग्रहालय उनके आत्मीय संबंधों और सामाजिक समरसता की कहानी बताएगा। इस परियोजना में लगभग 400 लोगों की क्षमता वाला आधुनिक आडिटोरियम भी है, जहां विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आडिटोरियम में स्टेप स्लैब का काम प्रगति पर है और ब्रिकवर्क पूरा हो चुका है। इस पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि श्रृंगवेरपुर केवल एक ऐतिहासिक स्थल नहीं है, बल्कि त्याग, समर्पण और सामाजिक समरसता की अमर प्रतीक भूमि है। यह वह पावन धरा है जहां भगवान श्रीराम और निषाद राज गुहा का मिलन हुआ, जिसने भारतीय संस्कृति में समानता, आत्मीयता और सच्ची मित्रता का अद्भुत संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रामराज्य की परिकल्पना के अनुरूप इस दिव्य प्रसंग को आधुनिक स्वरूप में जीवंत किया जा रहा है। प्रयागराज से लखनऊ रोड पर लगभग 45 किमी दूर स्थित श्रृंगवेरपुर को रामायण में निषादराज की राजधानी बताया गया है। यहां उत्खनन में श्रृंगी ऋषि का मंदिर मिला, जिनके नाम पर नगर का नाम पड़ा। यहीं भगवान राम ने एक रात विश्राम किया था। मांझी के मना करने पर निषादराज ने चरण धोने की अनुमति लेकर गंगा जल से चरण धोए और उसे ग्रहण कर श्रद्धा प्रकट की। यह स्थान आज भी आस्था का केंद्र है।

# स्वच्छता कर्मियों को दिए व्यावसायिक सुरक्षा के टिप्स



शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** नगर निगम के त्रिलोक नाथ हाल में स्वच्छता कर्मियों को व्यावसायिक सुरक्षा पर दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

जलकल विभाग व लखनऊ नगर निगम के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित व्यावसायिक सुरक्षा पर प्रशिक्षण में 100 सफाई कर्मचारियों को सुरक्षित कार्य पद्धतियों, आधुनिक मशीनों के उपयोग, सेफ्टी इक्विपमेंट पहनने की अनिवार्यता और जोखिम वाली स्थिति में बचाव के तरीकों पर प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान यह सन्देश दिया गया कि किसी भी स्थिति में मैन्युअल सीवर एंट्री पूरी तरह प्रतिबंधित है- सभी कार्य प्रोटेक्टिव गियर, गैस मानिटरिंग उपकरण और वैज्ञानिक तरीकों से ही किये जाने चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान स्वच्छता कर्मियों को मास्क, हेलमेट, ग्लव्स, गम बूट जैसी सेफ्टी इक्विपमेंट के इस्तेमाल करने के बारे में प्रेरित किया गया। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि भविष्य में सीवर से जुड़े सभी कार्य सुरक्षित, व्यवस्थित और मशीन आधारित तरीकों से ही किये जाएं। प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन अपर नगर आयुक्त डा. अरविन्द कुमार राव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. पी. के. श्रीवास्तव व उप नगर आयुक्त रश्मि भारती द्वारा किया गया। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त ने कहा कि सफाई कर्मचारियों को जोखिम वाले सामान संभालने और छोटी जगहों पर काम करने में कितना जोखिम होता है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. पी. के. श्रीवास्तव ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य हम सभी के लिए सबसे ज़रूरी है, लेकिन सफ़ाई कर्मचारियों को अपने काम की वजह से कई तरह की बीमारियाँ होने का खतरा रहता है। पीएसआई इंडिया के जनरल मैनेजर दिनेश कुमार पांडे ने नगर निगम को पीएसआई इंडिया और एचसीएल फाउंडेशन को लखनऊ में स्वच्छ उदय प्रोजेक्ट के संचालन में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# अमेंडमेंट बिल के विरोध में बिजली कर्मियों का प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

- निजीकरण का टेंडर हुआ, तो 'जेल भरो आंदोलन'

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केन्द्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि आज उत्तर प्रदेश सहित देश के सभी राज्यों में लाखों बिजली कर्मियों ने कार्य बन्द कर व्यापक विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश के सभी जनपदों में बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर और इंजीनियर कार्यालयों से बाहर आकर बड़ी संख्या में प्रदर्शन में शामिल हुए।

संघर्ष समिति ने स्पष्ट चेता. वनी दी है कि यदि उत्तर प्रदेश में चल रही निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त नहीं की गई और निजीकरण के लिए टेंडर जारी किया गया, तो प्रदेश के सभी बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजी. नियर और इंजीनियर सामूहिक जेल भरो आंदोलन प्रारम्भ करेंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। समिति ने यह भी कहा कि यदि संसद के बजट सत्र में इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल पारित करने का प्रयास किया गया, तो इसकी तीखी प्रतिक्रिया होगी। देश के लगभग 27 लाख बिजली कर्मचारी बिना किसी अतिरिक्त नोटिस के तत्काल कार्य बन्द कर 'लाइटनिंग स्ट्राइक' पर चले जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी। आज का आंदोलन पावर सेक्टर के निजीकरण के विरोध में, इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 एवं प्रस्तावित नेशनल इलेक्ट्रिसिटी पॉलिसी 2026 को वापस लेने, उत्तर प्रदेश में चल रही निजीकरण प्रक्रिया को निरस्त करने की मांग की। बिजली कर्मचारियों के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा और दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने भी आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की। बिजली क्षेत्र का निजीकरण (वितरण, उत्पादन तथा टीबीसीबी के माध्यम से ट्रांसमिशन गरीब उपभोक्ताओं, छोटे एवं मध्यम उद्योगों तथा आम जनता के हितों के विरुद्ध है। इसलिए इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 और प्रस्तावित नेशनल इलेक्ट्रिसिटी पालिसी 2026 को तत्काल वापस लिया जाना आवश्यक है। आज राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जनपदों में बिजली लखनऊ स्थित शक्ति भवन पर आयोजित विशाल प्रदर्शन को संघर्ष समिति के पदा. धिकारियों के साथ संयुक्त किसान मोर्चा के श्री एकादशी यादव एवं श्री दिनेश रावत ने संबोधित किया।

## मांगों को लेकर जनरल बीमा कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** जनरल इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के तत्वाधान में यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस क्षेत्रीय कार्यालय अलीगंज लखनऊ तथा नेशनल इंश्योरेंस क्षेत्रीय कार्यालय पार्क रोड लखनऊ पर आधे घंटे का प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य मांगें निम्नवत है। कर्मचारी विरोधी लेबर कोड बिल के विरोध में, पुरानी पेंशन बहाली 3. चारों सरकारी बीमा कंपनियों का विलय किया जाए।सभी संवर्गों में पर्याप्त भर्ती शुरू की जाए। प्रदर्शन में मुख्य रूप से जी एस सिंह, अंकुर कपूर नीरज वर्मा मनोज कुमार राहुल कश्यप अंकित सिंह आलोक सेट रचना कोठियाल संजीव शर्मा परशुराम, , मनोज श्रीवास्तव, , विकास सिंह, प्रदीप कुमार, राकेश मिश्रा पालीवाल शरद बाजपेई अभिजीत श्रीवास्तव दुर्गेश वाल्मीकि नेशनल इंश्योरेंस में अनिल वर्मा एच एन तिवारी शिवेंद्र शुभकरण मुरली मनोहर सुनील कश्यप बौद्ध राम अमित संतोष शुक्ला पंकज शर्मा प्रदीप श्रीवास्तव जितेन शर्मा अर्चित निगम इत्यादि साथियों ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

# ओडीओपी योजना से बदली कारीगरों की तकदीर, 3.16 लाख लोगों को मिला रोजगार

मुहम्मद जान तुर्की

- सरकार की ओर से अब तक 1,31,000 कारीगरों को नि:शुल्क प्रशिक्षण एवं टूल किट प्रदान की गई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शुरू की गई 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) योजना प्रदेश की अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलाव का माध्यम बनकर उभरी है। वर्ष 2018 में प्रारंभ की गई इस पहल ने पारंपरिक कारीगरों और स्थानीय उत्पादों को न केवल नई पहचान दी, बल्कि उन्हें बाजार, प्रशिक्षण और वित्तीय संबल भी उपलब्ध कराया।

सरकार की ओर से अब तक 1,31,000 कारीगरों को नि:शुल्क प्रशिक्षण एवं टूल किट प्रदान की जा चुकी है। योजना के अंतर्गत कारीगरों को मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना के तहत पांच लाख रुपये तक की सुरक्षा भी दी जा रही है। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने बजट सत्र 2026-27 में प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शुरू हुई इस योजना ने प्रदेश के पारंपरिक कारीगरों और उत्पादकों को नई पहचान दी है। यह योजना परंपरागत उत्पादों को प्रोत्साहन देने, कारीगरों को प्रशिक्षण, टूल किट और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रभावी रूप से संचालित हो रही है। उन्होंने बताया कि सहारनपुर जनपद में 2275 कारीगरों को उन्नत टूल किट उपलब्ध कराई गई, जबकि 454 हस्तशिल्पियों को 16.26 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी वितरित की गई। उन्होंने बताया कि आर्थिक दृष्टि से भी ओडीओपी योजना ने उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। वर्ष 2017-18 में प्रदेश का निर्यात 86 हजार करोड़ रुपये था, जो बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसमें लगभग 50 प्रतिशत योगदान ओडीओपी एवं हस्तशिल्प उत्पादों का बताया गया है। वर्ष 2018 से अब तक इस योजना के माध्यम से 3,16,000 लोगों को रोजगार सृजित हुआ है। पिछले बजट में 145 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था, जिसमें से 135 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी वितरित की जा चुकी है। चालू वित्तीय वर्ष में इसे बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये कर दिया गया है। साथ ही प्रदेश के 79 उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त होने से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ब्रांडिंग को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि ओडीओपी केवल आर्थिक योजना नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक पुनर्जागरण का अभियान है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से कारीगरों को स्वास्थ्य सुरक्षा और शिक्षा सुविधाओं से भी जोड़ा गया है। इसके साथ ही 'वन डिस्ट्रिक्ट वन व्यंजन' जैसी नई पहल स्थानीय पहचान को और व्यापक मंच देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# सीएम योगी ने दिया ब्रह्मोस संग 'हार्ड पावर' विजन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश करने वाली सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने 'नए यूपी' की बढ़ती ताकत का संकेत दिया। बजट 2026-27 के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कवर इमेज बदल दिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्रह्मोस संग अपनी फोटो लगाकर हार्ड पावर विजन का संदेश दिया। सोशल मीडिया हैंडल पर मुख्यमंत्री का यह संदेश बताता है कि लखनऊ में ब्रह्मोस निर्माण के जरिए उत्तर प्रदेश एक तरफ रक्षा उत्पादन का उभरता वैश्विक हब हो गया है। वहीं दूसरी ओर 9.12 लाख करोड़ का बजट और सामरिक शक्ति के संगम का भी संकेत प्रदेशवासियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। बजट के जरिए सीएम योगी ने संद. `श दिया कि यूपी की अर्थव्यवस्था हर्फर्श से अर्श तक पहुंच गई है, जो यूपी के विकास, सुरक्षा और निवेश के त्रिवेणी माडल को प्रदर्शित करता है।

# यह डील' वो 'डाल' है, जिसको उस पर बैठने वाला ही काट रहा: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद अखिलेश यादव ने कहा है कि ये 'डील' वो 'डाल' है, जिसको उस पर बैठने वाला ही काट रहा है। ये डील हमारे देश की सिर्फ़ खेती-मज़दूरी ही नहीं बल्कि हर तरह के पैदावार-उत्पादन, काम-कारोबार और रोज़गार के ख़िलाफ़ है।

ये वो अदृश्य ज़ंजीर है जो पैसे के लालच में डूबे बिचौलियों की मानसिकता वाले ख़ुदगर्ज़ भाजपाइयों को दिख नहीं रही है। श्री यादव ने कहा कि जिन्होंने पहले हमारे लोगों को साक्षात ज़ंजीर में बांधकर भेजा था उन्होंने अब डील का जाल फेंककर भाजपा सरकार को मजबूर कर दिया है। अब भाजपा के वो संगी-साथी कहां भूमिगत हो गये हैं जो स्वदेशी का नारा लगाते थे। आत्मनिर्भरता की जगह भाजपाइयों को 'परनिर्भरता' का नारा अपना लेना चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश का बाजार विदेशियों को सौंप दिया है। इससे खेती किसानी और किसानों का बड़े पैमाने पर नुकसान होगा। जब सब कुछ विदेश से आयेगा तो हमारे देश का किसान क्या उगाएगा और क्या बेचेगा। उन्होंने कहा कि किसानों को नुकसान पहुंचा कर देश में कोई सरकार नहीं चल सकती है। किसान और किसानी विरोधी भाजपा सरकार स्पष्ट करे कि विदेशियों के सामने अपने हितों का समर्पण करने की मजबूरी क्या है? उन्होंने कहा कि भाजपा कभी भूमि अधिग्रहण लाकर खेती-किसानी को हड़पने का षडयंत्र करती है, कभी काले-क़ानूनों से किसानों को मौत के मुंह में ढकेल देती है। भाजपाई सोच बिचौलियों वाली है, वो पैदावार-उत्पादन की जगह बीच में कमीशनखोरी से सिर्फ़ अपना पेट भरना जानती है। 'खेती-किसानी' के बीच ही नहीं, 'किसानों' के बीच भी बैठे भाजपाई बिचौलियों का भंडाफोड़ होना चाहिए।

# प्रतिबंधित मांझे का प्रयोग न करने का लिया प्रण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** डीसीपी पश्चिम की अध्यक्षता में चौक कोतवाली, लखनऊ परिसर में जनसुरक्षा से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सीओ चौक, सीओ बाजारखाला लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, चौक क्षेत्र के पार्षद एवं लखनऊ व्यापार मंडल के महामंत्री अनुराग मिश्रा, पतंग एसोसिएशन के पदा. धिकारीगण, विभिन्न सामाजिक एवं क्लब संगठनों के प्रतिनिधि तथा क्षेत्रीय पतंग प्रेमी नागरिकगण उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य धारदार/प्रतिबंधित मांझे के उपयोग से उत्पन्न हो रही दुर्घटनाओं एवं जनहानि की संभावनाओं को रोकथाम करना था। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम), उपस्थित पतंग उड़ाने वाले नागरिक एवं पतंग विक्रेताओं तथा नागरिकों को सामूहिक रूप से शपथ ग्रहण दिलाई कि आज से किसी भी प्रकार के धारदार अथवा प्रतिबंधित मांझे का प्रयोग नहीं करेंगे। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि धारदार एवं प्रतिबंधित मांझे का प्रयोग विधि विरुद्ध होने के साथ-साथ जनसुरक्षा के लिए अत्यंत घातक है। इसके कारण पूर्व में अनेक दुर्घटनाएं घटित हो चुकी हैं। पुलिस उपायुक्त ने उपस्थित नागरिकों द्वारा स्वेच्छा से धारदार मांझा जमा कराने की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल समाज में सकारात्मक संदेश देगी तथा जनसुरक्षा की दिशा में एक अनुकरणीय उदाहरण सिद्ध होगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

सम्पादक: एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द वत्रा 'सुमन'
☎ 0522-4041004
मुख्यालय:
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हमारा खेत, हमारा अधिकार के नारे के साथ भाकियू का जोरदार प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय किसान यूनियन, जनपद लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय आह्वान के अंतर्गत जिला अधिकारी लखनऊ कार्यालय पर भारत अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। हमारा खेत हमारा अधिकार के गगनभेदी नारों के बीच किसानों ने महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन प्रशासन को सौंपा।

धरना स्थल पर वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि प्रस्तावित भारत‌ अमेरिका व्यापार समझौता देश के करोड़ों किसानों के अस्तित्व पर सीधा हमला है। सस्ती विदेशी कृषि उपज के भारतीय बाजार में प्रवेश से स्थानीय किसान प्रतिस्पर्धा में टिक नहीं पाएगा और व्यापक स्तर पर आर्थिक तबाही का सामना करना पड़ेगा। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि कृयह समझौता डेयरी सेक्टर पर सीधा आघात है। न्यूनतम समर्थन मूल्य और खाद्य सुरक्षा व्यवस्था खतरे में पड़ेगी। बीज एवं कृषि क्षेत्र में कारपोरेट नियंत्रण बढ़ेगा, जिससे किसान की स्वायत्तता समाप्त होगी। देश की कृषि आत्मनिर्भरता कमजोर होगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव गणेश शंकर वर्मा, जिला अध्यक्ष लखनऊ आलोक वर्मा, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील शुक्ला, जिला महासचिव आशीष यादव, महिला जिला अध्यक्ष उर्मिला मौर्य, महानगर अध्यक्ष मोहम्मद इमरान, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार, जिला प्रवक्ता अजय अनमोल, आकाश वर्मा, मोहम्मद वसीम उर्फ मुन्ना, जिला सचिव राम प्रकाश यादव, महिला महासचिव मोनिका यादव सहित विभिन्न तहसील एवं ब्लाक पदाधिकारी एवं सैकड़ों किसान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स

में समाचारों एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिये सम्पर्क करें।
नोटः इच्छुक पत्रकार-शाह टाइम्स में विज्ञापन प्रतिनिधि एवं संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए संपर्क करें।
मौहम्मद जान तुर्की,
ब्यूरो चीफ लखनऊ

कार्यालय: 21, शाह टावर, स्टेशन रोड लखनऊ, उ0प्र0।
Mob. 8630533498
E-mail: shahtimeslko313@rediffmail.com

# कांवड़ियों के आवागमन से औद्योगिक नगरी में बह रही आस्था की बयार

## मण्डी धनौरा मार्ग पर दूर-दूर तक दिखाई दे रहे कांवड़िए, जगह जगह लगे हैं सेवा शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हरिद्वार से गंगाजल भरकर ला रहे कांवड़ियों के आवागमन से औद्योगिक नगरी में आस्था व उल्लास का वातावरण बना हुआ है। सेवा शिविरों पर समा. जसेवियों द्वारा कांवड़ियों की सेवा व सत्कार किया जा रहा है तो वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। धनौरा मार्ग पर केवल कार व बाइक आदि के ही चलने की अनुमति है, भारी वाहनों को पुलिस प्रशासन द्वारा डायवर्ट कराके दूसरे मार्गों से निकाला जा रहा है।

आगामी 15 फरवरी को होने वाले महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर भगवान शिव के भक्तों में अलग ही उल्लास है। कंधे पर कांवड़ रखकर शिवभक्त पैदल पैदल अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे हैं। बम-बम, हर-हर के उदघोष और कांवड़ियों के पैरों में बंधु घुंघरूओं की छम-छम सुनकर नगर के लोगों की आस्था भी हिलौरे मार रही है। हरिद्वार से आने वाले कांवड़िए नजीबावाद से बिजनौर, धनौरा होते हुए गजरौला से भारी संख्या में निकलते हैं। यहां से मुरादाबाद और

**सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क**

दिल्ली दिशा के साथ साथ हसनपुर मार्ग के लिए रवाना होते हैं। गुरूवार को धनौरा मार्ग पर कांवड़ियों की काफी संख्या रही। शुक्रवार को कांवड़ियों की संख्या में ज्यादा वृद्धि देखने को मिलेगी। पुलिस प्रशासन का प्लान है कि यदि कांवड़ियों की संख्या बढ़ती है तो धनौरा मार्ग को जीरो ट्रैफिक भी किया जा सकता है। फाल्गुन मास में 15वीं तिथि को हर वर्ष महाशिवरात्रि का पर्व होता है। यह पर्व भगवान शिव व माता पार्वती की भक्ति के लिए जाना जाता है। इन दिनों चल रही कांवड़ यात्रा में पुरूषों के साथ-साथ महिलाएं और बच्चे भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

कांवड़ मार्ग पर अनेकों शिवभक्तों को कलश कांवड़ लाते हुए देखा जा सकता है। शिवभक्त 51-51 लीटर या उससे अधिक गंगाजल कलश में भरकर अपनी मंजिल की ओर रवाना हो रहे हैं। भारी वजन होने के बाद भी शिवभक्त धीरे-धीरे अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे हैं। **सुरक्षा व्यवस्था को जुटी पुलिस, यातायात का जिम्मा संभालने में सहयोग कर रही यातायात पुलिस।** कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। सीओ अंजलि कटारिया, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अभिलाष प्रधान समेत चौपला पर चौकी इंचार्ज सुधीर कुमार, कुमराला चौकी पर नितेन्द्र वशिष्ठ कांवड़ यात्रा की सुरक्षा के लिए जुटे हैं।



गजरौला। हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौटते हुए मंजिल की ओर रवाना होते कांवड़िए।

# इंटर के छात्र-छात्राओं को दी गयी विदाई



## दिल्ली आईडियल पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** दिल्ली आइडियल पब्लिक स्कूल शाहबाजपुर में इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गयी। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर एमबीबीएस की डिग्री पूर्ण कर एफएमजीई परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कई छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इनमें डॉ. हिना अली, डॉ. सारिया, डॉ. मोहम्मद अलीम, डॉ. मोहम्मद काशिफ, डॉ. फरमान पाशा, डॉ. मोहम्मद रफैस, डॉ. मोहम्मद नासिर, डॉ. राबिया तसलीम, डॉ. जाकिया रानी, डॉ. मोहम्मद हाशिम, डॉ. मोहम्मद फहद, डॉ. सादिक तथा डॉ. आफिया आसिफ सहित अन्य चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। नीट परीक्षा के माध्यम से एमबीबीएस में सरकारी सीट प्राप्त करने वाले अभिषेक सिंह, आईआईटी-जेईई (मेन्स) उत्तीर्ण करने वाले मोहम्मद फैज एवं मोहम्मद शुएब, जामिया मिल्लिया इस्लामिया से बी.टेक पूर्ण करने वाले इंजीनियर आमिर सुहैल, भारतीय नौसेना में चयनित उबैद आलम, यूपी पुलिस में चयनित पवनेश कुमार एवं योगराज सिंह, इंडिया पोस्टल सर्विस में चयनित नितिकेश कुमार तथा एएमयू में चयनित बुशरा अली, मोहम्मद अहमद एवं मोहम्मद अब्बास को भी सम्मानित किया गया।

# वैंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के वीसी का पुतला फूंका

## छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** रजबपुर स्थित श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी एक बार फिर विवादों के घेरे में है। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ और फर्जी डिग्री के गंभीर आरोपों को लेकर भारतीय किसान यूनियन बी.आर. अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय भाटी ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

हसनपुर में सतीश पिक्चर हॉल के सामने भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे दिग्विजय भाटी ने यूनिवर्सिटी के प्रतिकुलाधिपति राजीव त्यागी का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की।प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि यूनिवर्सिटी ने छात्रों को ऐसी डिग्रियां बांटी हैं। जिनकी कोई कानूनी मान्यता नहीं है। ताजा मामला बीएससी ऑप्टोमेट्री के छात्रों



से जुड़ा है। छात्रों का आरोप है। कि जब वे अपनी डिग्री लेकर रजिस्ट्रेशन कराने पहुंचे तो यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने उसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया। जांच में सामने आया कि यूनिवर्सिटी के पास इस कोर्स के संचालन के कोई वैध रजिस्ट्रेशन या अनुमति नहीं थी। छात्रों ने आरोप लगाया कि उनसे प्रति डिग्री 10,300 रुपये की अवैध वसूली की गई है। न्याय मांगने पर यूनिवर्सिटी अधिकारियों द्वारा छात्रों के साथ बदतमीजी और उन्हें डराने धमकाने के भी आरोप लगे हैं।दिग्विजय भाटी ने जिला प्रशासन और पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि यूनिवर्सिटी में पहले भी धोखाधड़ी के कई मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई न होने से इनके हौसले बुलंद हैं। उन्होंने चेता. वनी देते हुए कहा कि यदि 7 दिनों के भीतर राजीव त्यागी और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो हम बड़ा आंदोलन और यूनिवर्सिटी गेट के सामने धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।इस विरोध प्रदर्शन ने शिक्षा जगत में हड़कंप मचा दिया है। अब देखना यह है कि प्रशासन छात्रों के भविष्य को लेकर क्या कड़ा कदम उठाता है। पुतला दहन करने वालों में सोनू गुर्जर अक्की कसाना अरविंद जाटव रूम सिंह मदन प्रधान आदि मौजूद रहे।

# गेहूं के कट्टों तले बुझ गयी मासूम की जिंदगी

## सुभाषनगर में मातम का साया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** मोहल्ला सुभाष नगर में गुरुवार को दिल दहला देने वाला हादसा हुआ, जब खेलते-खेलते राशन गोदाम में घुसे पांच वर्षीय मासूम सार्थक की गेहूं के भारी कट्टों के नीचे दबकर दर्दनाक मौत हो गई। खुशियों से भरे घर में पल भर में मातम पसर गया और पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई।



बताया गया कि राशन डीलर गंगादान के परिवार का बच्चा सार्थक अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। खेल-खेल में वह गोदाम के भीतर छिप गया। ऊपर ऊंचाई पर रखे गेहूं के भारी कट्टे अचानक असंतु. लित होकर नीचे गिर पड़े और मासूम उनके नीचे दब गया। करीब दो घंटे तक वह कट्टों के नीचे ही दबा रहा, किसी को भनक तक नहीं लगी। जब काफी देर तक सार्थक दिखाई नहीं दिया तो परिजनों ने तलाश शुरू की। खोजते-खोजते जब गोदाम पहुंचे तो वहां का मंजर देखकर सबके होश उड़ गए। आनन-फानन में बच्चे को बाहर निकालकर निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां से उसे अमरोहा रेफर किया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पिता बदहवास नजर आए। मोहल्ले के लोग भी गमगीन माहौल में परिवार को सांत्वना देते नजर आए। एक मासूम की जिंदगी यूं गेहूं के कट्टों तले दबकर खत्म हो जाना पूरे क्षेत्र को झकझोर देने वाली घटना बन गई है

# मतदान के प्रति ग्रामीणों को जागरुक किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सरदार बेगम मेमोरियल पीजी कॉलेज में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के तीसरे दिन दोनों इकाइयों ने ग्राम अब्दुल्ला कॉलोनी और काला खेड़ा में मतदान जागरूकता अभियान चलाया। ग्राम वासियों को घर-घर जाकर स्वयं सेवक सेविकाओं ने मतदान करने की अपील की। स्वयं सेवक सेविकाओं ने गली मोहल्ले में मतदान जागरूकता के नारे लगाते हुए ग्राम वासियों को मतदान के प्रति जागरूक किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम इकाई प्रभारी डॉक्टर नसरे आलम



व द्वितीय इकाई प्रभारी डॉक्टर विनेश कुमार ने स्वयं सेवक सेविकाओं को ग्राम वासियों को जागरूक करने के तथ्य दिये। साथ ही रैली में शामिल होकर मतदान को बढ़ावा दिया। कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर मलका निजामी ने स्वयं सेवक सेविकाओं को मतदान की प्रति प्रेम भावना का विकास किया। साथ ही बताया कि इस काम को ग्राम वासियों में सम्पूर्ण मन से करना है। जिससे ग्रामवासी जागरूक हो सके इस अवसर पर प्रथम व द्वितीय इकाई प्रभारी डॉक्टर नसरे आलम व विनेश कुमार किरन चौहान शीतल सक्सेना असमा चौधरी राजकुमार भूपेंद्र सर अनवार सर आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

## हेल्पिंग हैंड ने श्रद्धालुओं को दी राहत सामग्री

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सामाजिक संस्था हेल्पिंग हैंड धनौरा की ओर से तीसरी बार नि:शुल्क सेवा कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं और जरूरतमंदों को बिस्कुट, केले, संतरे, दवाइयां और पानी की बोतलें वितरित की गईं। सेवा कैंप में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और संस्था के सेवा भाव की सराहना की। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था की अध्यक्ष सृष्टि अग्रवाल एवं सचिव सिम्मी अग्रवाल ने किया। कैंप में युक्ति, उमा, कमलेश, सीमा, नीति, शोभा, अनीता, सुशीला, उषा रॉय, बबीता, चित्रा, उषा, पारुल, अंशु, सुधा, कंचन, रुचि, गरिमा, नीतू, कल्पना, ममता, शिल्पा, शशि सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय रूप से सेवा कार्य में भाग लिया।

**रूबी हत्याकांड में पुलिस पर जबरन बयान बदलवाने का आरोप**

# नामजद आरोपियों को बचा रही देहात पुलिस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गांव पचोकरा मेहरबान अली में दिनदहाड़े हुई महिला रूबी की हत्या के मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद मृतका के पति ने पुलिस पर ही गंभीर आरोप लगाते हुए अन्य नामजद आरोपियों को बचाने और समझौते का दबाव बनाने की शिकायत एसपी से की है। ग्रामीणों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचे पीड़ित पति ने निष्पक्ष जांच और सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग उठाई है

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव पचोकरा मेहरबान अली में बीती चार फरवरी को दिनदहाड़े हुई महिला रूबी की चाकू से गोदकर हत्या के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतका के पति नरेंद्र सिंह ने गुरुवार को ग्रामीणों व परिजनों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर थाना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने अन्य आरोपी मुनिराम और बृजपाल सहित सभी आरोपियों की गिरफ्तारी और उन पर समझौते का दबाव बनाए जाने की शिकायत की। नरेंद्र सिंह ने बताया कि चार फरवरी को गांव के धीरज ने उनकी पत्नी रूबी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। इस संबंध में अमरोहा देहात थाने में पांच नामजद समेत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।पुलिस ने मुख्य आरोपी धीरज और नीरज को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। नरेंद्र का आरोप है कि मुनिराम ने घटना के समय उनकी पत्नी को पीछे से पकड़ रखा था, जबकि धीरज और नीरज ने उस पर चाकू से वार किए। मृतका की बड़ी बहन राजेश्वरी ने जब उसे बचाने की कोशिश की, तो उसके साथ मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। पीड़ित पति ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उनके मुताबिक, जब उन्होंने मुनिराम का नाम पुलिस को बताया, तो उन्हें थाने बुलाकर बयान बदलने का दबाव डाला गया और कथित तौर पर गाली-गलौज भी की। नरेंद्र सिंह ने यह भी बताया कि आरोपी मुनिराम खुलेआम घूमते हुए उन पर समझौते का दबाव बना रहा है और मामला तय न करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहा है। आरोप है कि बृजपाल गांव में राशन की दुकान चलाता है। इस मामले में एसडीएम स्तर से कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नरेंद्र सिंह ने एसपी से सभी नामजद आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजने और मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने की मांग की।

# विवाहिता को पीटने में ससुर, जेठ, देवर पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** पति की गैर मौजूदगी में विवाहिता से मारपीट के मामले में पुलिस ने ससुर, जेठ व देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घटना कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती की है। यहां अरशद हयात का परिवार रहता है। उनकी पत्नी, शेबी अंसारी उर्फ इमराना द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक पांच फरवरी की दोपहर एक बजे वह घर में थीं। आरोप है कि पति की गैर मौजूदगी में ससुर रईस अहमद, जेठ इशरत अली व देवर अशरफ हयात घर में घुस आए। आरोपियों ने बाल नोंचते हुए मारपीट की, बच्चे और पति को फांसी पर लगाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि इससे पूर्व भी आरोपी मारपीट कर चुके हैं। धमकी और मारपीट की ऑडियो व वीडियो रिकॉर्डिंग भी है। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों का जल्दी चालान किया जाएगा।

# अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करने की मांग

## रामपुर में वकील की हत्या पर फूटा अधिवक्ताओं का गुस्सा, प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रामपुर में बुधवार को एक अधिवक्ता की गोली मारकर हुई हत्या के मामले में बार एसोसिएशन ने विरोध जताया है। बार एसोसिएशन जनपद, अमरोहा के अध्यक्ष सलीम खान के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने बृहस्पतिवार को कलक्ट्रेट में आकर नारेबाजी की और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

अध्यक्ष सलीम खान ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में अधिवक्ताओं के खिलाफ हत्या, लूटपाट और मारपीट की घटनाओं में लगातार वृद्धि हुई है। इससे अधिवक्ता समुदाय में भय और असुरक्षा का माहौल है। आरोप लगाया कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन और पुलिस द्वारा प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। बार एसोसिएशन ने मांग की कि हत्या में शामिल आरो. पियों को तुरंत गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाए और उन्हें अधिकतम दंड दिया जाए। इसके अलावा, मृतक अधिवक्ता के परिवार को 1.5 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक आश्रित सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करने की जाए। प्रदेश में अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम क शीघ्र लागू करने की मांग भी दोहराई, ताकि अधिवक्ताओं को अपने विधिक कार्य के दौरान समुचित सुरक्षा और भयमुक्त वातावरण मिल सके। कचहरी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। मांग की गई कि असलहा लेकर आने वाले व्यक्तियों की सघन जांच की जाए और न्यायालय परिसर में हथियारों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो वे प्रदेश स्तर पर व्यापक आंदोलन क रेंगे। इस मौके पर महासचिव सतीश कुमा त्यागी, इरशाद बेग, प्रमोद कुमार शर्मा, इमरान खान, यासिर अंसारी, इसरार अहमद्र, नदीम अहमद, नवनीत कुमार गोला, जीशान अहमद, प्रदीप कुमार गिल, सतीश कुमार चौहान, रविन्द्र सिंह सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

**परिवार को मिले डेढ़ करोड़ का मुआवजा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** जनपद रामपुर में वरिष्ठ अधिवक्ता फारूक अहमद खां की दिनदहाड़े हुई निर्मम हत्या के विरोध में गुरुवार को तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के अधिवक्ताओं ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। चौधरी गजेंद्र सिंह की अध्यक्षता और बृज किशोर के संच. ालन में आयोजित एक शोक सभा में अधिवक्ताओं ने इस घटना की घोर निंदा की। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिवक्ता समाज में व्याप्त भारी रोष के चलते संघर्ष समिति के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। अधिवक्ताओं ने शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मांगें रखीं कि हत्या में संलिप्त आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर कठोरतम सजा दी जाये।मृतक अधिवक्ता के परिवार को 1.5 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और एक आश्रित को सरकारी नौकरी प्रदान की जाये। प्रदेश में अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शएडवोकेट प्रोटेक्शन एक्टश को तत्काल लागू किया जाये। कचहरी परिसर में हथियारों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगे और सुरक्षा की सख्त जांच हो। सभा के बाद अधिवक्ताओं ने एसडीएम हिमांशु उपाध्याय को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि आये दिन अधिवक्ताओं के साथ लूटपाट और हत्या जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस अवसर पर महासचिव बृज किशोर, चरन सिंह, महबूब आलम, हितेश त्यागी, मनोज सक्सेना, ओमपाल सिंह कोहली, ऋषि पाल सिंह चौहान,दिनेश प्रजापति सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।



अमरोहा। कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपने जाते अधिवक्ता।

# पूर्व केन्द्रिय मंत्री चौधरी अजित सिंह की जयंती मनाई

**गजरौला।** जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्षा इन्द्रवती ने अपने आवास पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौ. अजित सिंह की जयंती मनाई और उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए और मिष्ठान का वितरण किया। नगर के टीचर्स कॉलोनी स्थित आवास पर आयोजित कार्यक्रम में इन्द्रवती ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री रहते हुए चौ.अजित सिंह ने कई चीनी मिलें लगवाईं तो वहीं युवाओं के रोजगार के लिए उद्योग की स्थापना कराई। किसानों के लिए उन्होंने सदैव अपनी आवाज बुलंद की। बसपा नेता चौ. बलवीर सिंह ने कहा कि चौ.अजित सिंह ने हमेशा अपने पिता पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरण सिंह जैसी ही उसूलों की राजनीति की। इस मौके पर जिपं सदस्य मीनाक्षी चौधरी, राविन्द्र सिंह, निरंजन सिंह, समीक्षा चौधरी, विपिन आदि मौजूद रहे।

# एएनटीएफ की बड़ी कार्रवाई

## 20 लाख की अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

■ मोबाइल व नकदी बरामद, एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) यूनिट बरेली ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सक्रिय तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 4 किलोग्राम अवैध अफीम, एक मोबाइल फोन और 3,400 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। बरामद अफीम की अनुमानित कीमत लगभग 20 लाख रुपये बताई गई है।

यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) व अपर पुलिस महानिदेशक (अपराध) के मार्गदर्शन तथा पुलिस महानिरीक्षक एएनटीएफ लखनऊ के नेतृत्व में की गई।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान वीरेंद्र पुत्र मूलचंद निवासी ग्राम बरसेर, थाना सिरौली, जनपद बरेली के रूप में हुई है। उसे गुरुवार को थाना सुभाषनगर क्षेत्र में मदर्स पब्लिक स्कूल से करीब 150 मीटर आगे रामगंगा रेलवे स्टेशन की ओर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने एक साथी के साथ मिलकर अफीम की सप्लाई करता था। उसका पार्टनर झारखंड से अफीम मंगवाता था, जिसे आगे पंजाब में सप्लाई कर मुनाफा आपस में बांट लेते थे। इस संबंध में थाना सुभाषनगर में धारा 8/18/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी उपनिरीक्षक विकास यादव, हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार, कांस्टेबल सौरभ चौधरी, अंकित यादव, रसविंद्र चौधरी, कुश कुमार एवं महिला कांस्टेबल छाया शामिल रहीं। थाना सुभाषनगर पुलिस ने भी सहयोग प्रदान किया।

# अधिवक्ता फारूख अहमद खां की हत्या पर बहेड़ी बार एसोसिएशन में रोष

■ मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा, दोषियों की गिरफ्तारी व एक करोड़ मुआवजे की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** जिला रामपुर के अधिवक्ता फारूख अहमद खां की दिनदहाड़े हुई हत्या के विरोध में बार एसोसिएशन बहेड़ी के अधिवक्ताओं में गहरा आक्रोश देखने को मिला। गुरुवार को बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी सुनील रस्तोगी के नेतृत्व में लगभग 40-50 अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर पहुंचकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन कानूनगो राजीव सक्सेना को सौंपा।

ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि जिला रामपुर में अधिवक्ता फारूख अहमद खां की निर्मम हत्या जिला पंचायत कार्यालय के कर्मचारी असगर अली द्वारा, कथित रूप से अपर मुख्य अधिकारी नीरज रस्तोगी के कहने पर की गई। अधिवक्ताओं ने घटना को बेहद गंभीर और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों के बढ़ते दुस्साहस का परिणाम है। इस घटना को लेकर तहसील बहेड़ी के अधिवक्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओं ने मांग की कि आरोपितों को यथाशीघ्र गिरफ्तार कर कठोरतम दंड दिया जाए। साथ ही मृतक अधिवक्ता के परिजनों को तत्काल प्रभाव से एक करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा प्रदान किया जाए। बार एसोसिएशन बहेड़ी के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# हवन-पूजन के बाद हुआ विशाल भंडारा, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** मोहल्ला ललित पुरी स्थित श्री बालाजी दरबार, नथपुरा रोड पर चालीस दिवसीय हनुमान चालीसा व्रत की पूर्णाहुति पर आयोजित हवन-पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। प्रात:काल सुंदरकांड पाठ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसके पश्चात विद्वान पंडित विनय कुमार शर्मा एवं राजबहादुर शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न कराया। यजमान के रूप में महंत रामकिशोर उपस्थित रहे।

हवन के दौरान भक्तों ने श्रद्धापूर्वक आहुति दी और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। आरती एवं भोग के उपरांत आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया।

आयोजन श्री बालाजी दरबार समिति के सौजन्य से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सुषमा देवी, योगेश कुमार गुप्ता, उमेश कुमार, बब्लू मौर्य, टिंकू, ओमकार गंगवार, दीपक, पुष्पा सहित अनेक सेवादारों ने सक्रिय सहयोग किया।

# नन्हें मुन्ने कलाकारों ने बिखेरी देशप्रेम, अध्यात्म की अनूठी छटा

■ प्रेटी पेटल्स पब्लिक स्कूल का भव्य वार्षिकोत्सव




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** प्रेटी पेटल्स पब्लिक स्कूल का रंगारंग वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नन्हें बच्चों ने नृत्य, संगीत, नाट्यमंचन की दो दर्जन से अधिक बेहतरीन प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। नन्हें शिशुओं की एक टोली ने देशभक्ति गीत पर मनभावन सामूहिक नृत्य पेश कर तालियां बटोरीं। इन बच्चों को प्रेमपाल गंगवार, संजीव शर्मा, रवींद्र सिंह चौहान ने प्रमाणपत्र देकर, मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

नन्हें-मुन्नों की टोली ने ष्इक मोड़ आया, मैं उत्थे दिल छोड़ आया-गीत पर सामूहिक नृत्य किया और खूब तालियां बटोरीं। पूर्व चेयरमैन केपी मौर्य, कुर्मी क्षत्रिय महासभा के तहसील अध्यक्ष चेतराम गंगवार ने इन बच्चों को मेडल पहनाए। नन्हें कलाकारों द्वारा मंचित संदेशप्रद श्ओल्ड एज होमश नाटक को भी खचाखच भरे पंडाल में उपस्थित जन समूह द्वारा जमकर सराहा गया। कश्मीर की पृष्ठभूमि पर बेस्ड समूह गान-बुमरो-बुमरो, श्याम रंग बुमरो, आए हो किस बगिया से, ओ-ओ तुम-की शानदार प्रस्तुति पर भी पंडाल देर तक तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। बच्चों को आशीष पांडेय, खेमपाल गंगवार, सौरभ पाठक, गणेश श्पथिकश ने सम्मानित किया।

विद्यालय प्रबंधक श्री पांडेय ने इन अतिथियों को फूलमालाएं पहनाकर और स्मृतिचिह्न प्रदान किए। गायत्री परिवार की बहनों डॉ. दीपमाला पांडेय, उपासना शर्मा आदि ने भी बच्चों का हौसला बढ़ाया। प्रबंध समिति अध्यक्ष श्रीमती कमला पांडेय ने इन बहनों को सम्मानित किया। गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिब्राजक पंडित लीलाधर शर्मा ने अपने प्रेरणाप्रद उद्बोधन में समझाया कि माताएं शिशु को मनुष्य से देवता बनाने की अनूठी दैविक संस्कारशालाएं हैं। कहा-भौतिक विकास की चकाचौंध में आध्यात्मिक, नैतिक और चारित्रिक उत्थान की उपयोगिता को हरगिज भी विस्मृत न करें।

मुख्य अतिथि बीएसएफ भिटौरा के डिप्टी कमांडेंट दिनेश सिंह ने राष्ट्र निर्माण में माता, विद्यालय और शिक्षकों का अतुलनीय और महान योगदान होता है क्योंकि यही संस्कारक्षम, बहुमुखी प्रतिभा से भरी नई पीढ़ी का विकास कर सकते हैं।

देश को वास्तविक रूप से विकसित बनाना है तो हमें सबसे बड़ी पूंजी नई पीढ़ी के बहुमुखी विकास पर ध्यान केंद्रित करना ही होगा। बच्चों को रमन जायसवाल, प्रेमपाल गंगवार, संजीव शर्मा, रवींद्र सिंह चौहान आदि ने सम्मानित किया। यहां पूर्व चेयरमैन केपी मौर्य, चेतराम गंगवार, दिनेश पांडेय, राहुल यदुवंशी, सत्यदेव यदुवंशी, गीता तोमर, शिखा आदि मौजूद रहे।

# औषधि विभाग का बड़ा एक्शन

■ बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर से 50 हजार की दवाएं जब्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिले में अवैध दवा कारोबार के खिलाफ औषधि विभाग ने गुरुवार को सख्त कार्रवाई करते हुए फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के गांव पढ़ेरा में बिना लाइसेंस संचालित हो रहे मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। टीम की अचानक कार्रवाई से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और अन्य दवा विक्रेताओं में भी हड़कंप मच गया।

गोपनीय सूचना के आधार पर औषधि निरीक्षक राजेश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ औषधि निरीक्षक अनामिका अंकुर जैन भी मौजूद रहीं। जांच के दौरान पाया गया कि देशदीपक सिंह के नाम से मेडिकल स्टोर संचालित किया जा रहा था, लेकिन संचालक के पास दवा विक्रय का कोई वैध लाइसेंस उपलब्ध नहीं था। टीम द्वारा लाइसेंस और खरीद-बिक्री से संबंधित अभिलेख मांगने पर संचालक कोई संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हुआ कि बिना अनुमति एलोपैथिक दवाओं का भंडारण एवं विक्रय किया जा रहा था, जो ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत गंभीर उल्लंघन है।

कार्रवाई करते हुए औषधि विभाग की टीम ने लगभग 50 हजार रुपये मूल्य की दवाएं मौके पर ही सीज कर दीं। साथ ही पांच दवाओं के नमूने लेकर उन्हें गुणवत्ता परीक्षण हेतु राजकीय प्रयोगशाला भेज दिया गया है।

औषधि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में बिना लाइसेंस दवा बिक्री या अवैध भंडारण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग द्वारा ऐसे अवैध कारोबारियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# मुकद्दस रमजान: दरगाह से मरकजी कैलेंडर 2026-27 व सहरी-इफ्तार की जंत्री जारी

■ 19 या 20 फरवरी से शुरू होगा रमजान
■ 18 फरवरी को होगा चांद देखने का एहतमाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मुकद्दस महीना रमजान का आगाज 19 या 20 फरवरी को चांद के दीदार के साथ होने की उम्मीद है। रमजान को लेकर शहर की मस्जिदों, दरगाहों, खानकाहों, मदरसों और घरों में तैयारियां जोरों पर हैं। मस्जिदों में नमाज-ए-तरावीह के लिए हाफिजों की नियुक्ति की जा रही है, वहीं इबादतगाहों में साफ-सफाई और रंग-रोगन का काम भी तेजी से चल रहा है।

18 फरवरी को चांद देखने का एहतमाम किया जाएगा। अगर चांद नजर आ जाता है या कहीं से शरई शहादत मिल जाती है तो उसी रात से नमाज-ए-तरावीह शुरू हो जाएगी और 19 फरवरी को पहला रोजा रखा जाएगा। चांद नजर न आने की सूरत में 20 फरवरी से रमजान की शुरुआत मानी जाएगी। इसी सिलसिले में दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने संयुक्त रूप से मरकजी कैलेंडर 2026-27 और रमजान की जंत्री (सहरी व इफ्तार के समय) जारी की। इस जंत्री में पहले रोजे से लेकर आखिरी रोजे तक सहरी और इफ्तार का मुकम्मल समय दर्शाया गया है, ताकि रोजेदारों को आसानी हो सके।

मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी ने बताया कि जंत्री के साथ मरकजी रेहाने मिल्लत कैलेंडर भी जारी किया गया है, जिसमें पूरे साल के इस्लामी त्यौहारों, अहम तारीखों और देशभर में होने वाले प्रमुख उर्स की तिथियां दर्ज की गई हैं। यह कैलेंडर दीन की बुनियादी जानकारी के साथ मुसलमानों के लिए एक मार्गदर्शिका के रूप में तैयार किया गया है।

दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि कैलेंडर में रोजा और इफ्तार की दुआ, सदका-ए-फित्र के मसाइल, एतिकाफ के अहकाम, नमाज-ए-ईद की तरकीब, फजाइल-ए-रमजान, नमाज-ए-तरावीह और मकरूहात-ए-रोजा समेत कई जरूरी दीनि मसाइल भी शामिल किए गए हैं। मरकजी रेहाने मिल्लत कैलेंडर को देश-विदेश में मौजूद अकीदमंदों और मुरीदों तक सोशल मीडिया और डाक के माध्यम से भेजा जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग इससे फायदा उठा सकें। इस मौके पर हाजी जावेद खान, औरंगजेब नूरी, परवेज नूरी, अजमल नूरी, शाहिद नूरी, ताहिर अल्वी, शान रजा, मंजूर रजा, मुजाहिद रजा, जोहिब रजा, साजिद नूरी, इशरत नूरी, इरशाद रजा, काशिफ सुब्हानी, यूनुस गद्दी, शरिक बरकाती, सबलू अल्वी, अब्दुल माजिद, सुहैल रजा, शाद रजा, नईम नूरी, सय्यद माजिद, आलनबी, सय्यद एजाज, आरिफ नूरी, अमान रजा, हाजी अजहर बेग, अजमल रजा, समी रजा, साकिब रजा, तारिक सईद, हाजी शरिक नूरी, अरवाज रजा सहित बड़ी संख्या में अकीदमंद मौजूद रहे।

# शोषित-पीड़ितों की भाग्य विधाता है भाजपा: विनोद दिवाकर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनोद दिवाकर का सेंथल पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से स्वागत किया। सेक्टर संयोजकों, बूथ अध्यक्षों और मोर्चा पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा गरीब, कमजोर, मजदूर, शोषित, पीड़ित और दलित समाज की सच्ची हितैषी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन सरकार अनुसूचित वर्ग के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनजागरण अभियान चलाने का आह्वान करते हुए कहा, "चाहे रोटी कम खाना पड़े, लेकिन बच्चों को जरूर पढ़ाना चाहिए, क्योंकि शिक्षा ही भविष्य संवारती है।"

विनोद दिवाकर ने संत गाडगे बाबा, संत रविदास, ज्योतिबा फुले, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर और नारायण गुरु सहित महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संत गाडगे बाबा ने अपना जीवन सेवा, स्वच्छता और शिक्षा के लिए समर्पित कर दिया।

उनका संदेश आज भी समाज को जागरूक और शिक्षित बनाने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं ने महापुरुषों के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# बन्द मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के कुंडरा के बन्द पड़े मकान का ताला तोड़कर चोर लाखों रुपए के सोने चांदी की जेवर और वर्तन चोरी कर ले गए। मकान मालिक ने गांव के तीन लोगों पर आशंका जताते हुए घटना की तहरीर दी है। पुलिस चौकी कुंडरा कोठी के गांव कुंडरा के राजकुमार पुत्र कुन्दन लाल बाहर रहकर मेहनत मजदूरी करते हैं। गांव में उनके मकान में ताला लगा रहता है। बुधवार की रात उनके बन्द पड़े मकान का ताला तोड़कर चोर घर में रखे सोने चांदी के कई आभूषण, पीतल के वर्तन के साथ ही घर का काफी सामान चुरा ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर गांव पहुंचे राजकुमार ने गांव के ही तीन युवकों पर आशंका जताते हुए इसकी तहरीर कुंडरा चौकी इंचार्ज को दी है।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की प्रति जलाकर किसानों का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में गुरुवार को क्षेत्र के किसानों ने अपने खेत में समझौते की प्रतिलिपि जलाकर जोरदार प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बैनर तले आयोजित इस विरोध कार्यक्रम में किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए समझौते को किसान विरोधी बताया।

किसानों का कहना था कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौते देश के कृषि क्षेत्र पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। उनका आरोप है कि विदेशी कंपनियों को बढ़ावा मिलने से स्थानीय किसानों की फसलों के उचित दाम और बाजार व्यवस्था प्रभावित होगी। वक्ताओं ने कहा कि यदि समय रहते इस पर पुनर्विचार नहीं किया गया तो छोटे और मझोले किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो सकता है। प्रदर्शन के दौरान भाकियू टिकैत के प्रदेश मीडिया प्रभारी (तराई क्षेत्र) चौधरी अजीत सिंह ने कहा कि किसान पहले ही लागत और बाजार की मार झेल रहा है, ऐसे में किसी भी ऐसे समझौते को स्वीकार नहीं किया जाएगा, जिससे उसकी आजीविका पर खतरा हो। प्रदेश प्रवक्ता चौधरी सुरेंद्र सिंह और प्रदेश संगठन मंत्री चौधरी सूरज पाल सिंह ने भी सरकार से किसान संगठनों से संवाद कर निर्णय लेने की मांग की। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र सिंह, प्रमोद मौर्य, संदीप सिंह, धर्मेंद्र कश्यप, तेजपाल कश्यप, रमेश मौर्य, हरीश कश्यप, चंद्रपाल सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। अंत में किसानों ने एकजुटता का संकल्प लेते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई तो आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा।

# अधिवक्ता की हत्या से भड़के वकील, नारेबाजी कर एसडीएम को सौंपा पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** प्रदेश के जिला रामपुर में अधिवक्ता फारूक अहमद खां की दिन दहाड़े निर्मम हत्या किए जाने से पूरे अधिवक्ता समाज में भारी आक्रोश फैल गया है। इस घटना के विरोध में नवाबगंज एडवोकेट प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन ने गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। अधिवक्ताओं ने बताया गया कि 11 फरवरी 2026 को हुई इस जघन्य वारदात से अधिवक्ता समुदाय स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। संगठन ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। एसोसिएशन द्वारा एसडीएम उदित पवार को सौंपे गए ज्ञापन में हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी कर जेल भेजे जाने, आरोपियों की संपत्ति कुर्क किए जाने, अधिवक्ता के परिजनों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने, प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू किए जाने के साथ ही परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की गई है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, संगठन के सचिव पुष्पाल सिंह, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र पटेल के साथ ही राजीव गंगवार, दुष्यन्त गंगवार, आनन्द कुमार, अशर्फी लाल गंगवार, सुरेंद्र पाल सिंह, बुद्धसेन कश्यप, निजाम हैदर जैदी, संतोष कुमारी, बेवी अंसारी, सलमा परवीन जैदी, नवी अहमद अंसारी, मो. ताहिर, मो. उमर, मो. हारून अंसारी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे।

# धूमधाम से मनाई स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** स्वामी दयानंद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, परौरा में गुरुवार को महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य आदेश पाल गंगवार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। विद्यालय में रंगोली, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। निदेशक पंकज गंगवार ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने समाज में फैली कुरीतियों, अंधविश्वास और जातिवाद के विरुद्ध सशक्त आंदोलन चलाकर नई चेतना जगाई। यहां प्रबंधक डॉ. सत्यवीर गंगवार, राजेश गंगवार, देवेश कुमार, अनुज कुमार, प्रेमप्रकाश, यशपाल, तोताराम, सुरेन्द्र कुमार, योगेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### भाई की मारपीट में युवक घायल, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** धंतिया के मझरा खुदागंज निवासी कमल किशोर ने अपने बड़े भाई अनिल पर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार 10 फरवरी की शाम करीब 5:30 बजे अनिल ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उन्हें बुरी तरह पीटा, जिससे वह घायल हो गए। आरोप है कि शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने बुधवार को घायल की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने कमल किशोर को उपचार के लिए सीएचसी भेजा है।

### पॉपलर के पेड़ उखाड़े, महिला से मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** गांव दियोरिया अब्दुल्लागंज की पूनम पत्नी ब्रह्म स्वरूप ने अपने जेठ रामपाल पर मारपीट और उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 10 बजे रामपाल ने उनके खेत में लगे पॉपलर के पेड़ उखाड़ दिए। उस समय पूनम घर में खाना बना रही थीं। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारपीट की और पेट में लात मार दी, जिससे उन्हें अंदरूनी चोटें आईं। जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ससुर पर बहू से मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** गुलड़िया निवासी नीलम पत्नी वीरेंद्र ने अपने ससुर पूरन लाल पर मारपीट का आरोप लगाया है। महिला के अनुसार 9 फरवरी की शाम करीब 6 बजे उनके ससुर शराब के नशे में लकड़ी की फंटी लेकर घर में घुस आए। आरोप है कि उन्होंने गाली-गलौज करते हुए विरोध करने पर नीलम को फंटी से बुरी तरह पीटा और जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर मोहल्ले के लोगों ने महिला को बचाया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### सेंथल में पं. दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर नगर पंचायत सेंथल के तीनों सेक्टरों में बूथ स्तर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

मुख्य अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा ने उनके एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचारों को याद करते हुए कहा कि पं. उपाध्याय ने राष्ट्रवाद और संगठन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री उमाकांत जोशी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। ग्राम बरौर, हाफिजगंज और लाड़पुर में भी श्रद्धांजलि सभाएं आयोजित की गईं।

### अवैध तमंचे के साथ युवक पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध एवं अवैध शस्त्र रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बहेड़ी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान मारुफ खां पुत्र राहिद वली खां निवासी ग्राम मण्डनपुर जनूबी थाना बहेड़ी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर थाने लाया गया, जहां उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। बाद में उसे जेल भेज दिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अवैध तमंचे के बल पर लोगों में भय पैदा कर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देता था और उसी से अर्जित धन से अपना जीवन यापन करता था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अपराध और अवैध शस्त्र रखने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। इस तरह की गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### शादी समारोह में शराबी युवक ने किया हमला, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के गांव खंजनपुर खघ्जानियां में शादी समारोह के दौरान मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित राम बहादुर पुत्र भैरो प्रसाद निवासी मनु नगर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी प्रदादी लाल पुत्र चिरंजी लाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घायल के अनुसार वह 10 फरवरी की रात अपने रिश्तेदार के गांव खंजनपुर खघ्जानियां में ग्राम जगदीशपुर से आई बारात में शामिल होने गया था। रात करीब 11:45 बजे आरोपी प्रदादी लाल शराब के नशे में गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने राम बहादुर और उसके भाई भानु प्रसाद पर लाठी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में राम बहादुर के सिर और बाएं पैर में गंभीर चोटें आईं, जबकि भानु प्रसाद के सिर में गहरी चोट और शरीर में कई जगह चोटें आई हैं।

घटना के बाद पीड़ित ने 112 नंबर पर कॉल की, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गया। आरोप है कि जाते-जाते आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। गांव के लोगों के हस्तक्षेप से दोनों भाइयों की जान बच सकी। इसके बाद दोनों घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### होली के अगले दिन परीक्षा कराने पर आपत्ति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** होली के बाद आयोजित की जा रही कुछ विद्यालयों की परीक्षाओं को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) महानगर इकाई ने इस संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर परीक्षा तिथि पर पुनर्विचार की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि होली हिंदू समुदाय का प्रमुख त्योहार है और इसके अगले दिन परीक्षा आयोजित किए जाने से छात्रों और अभिभावकों को असुविधा हो सकती है। संगठन का तर्क है कि त्योहार के कारण पारिवारिक और सामाजिक कार्यक्रम होते हैं, जिससे विद्यार्थियों की तैयारी और उपस्थिति प्रभावित हो सकती है। पत्र के अनुसार, कुछ स्कूलों में 5 मार्च को परीक्षा निर्धारित की गई है, जबकि 4 मार्च को होली का पर्व मनाया जाएगा। विहिप पदाधिकारियों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि विद्यार्थियों की भावनाओं और सुविधा को ध्यान में रखते हुए परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने के निर्देश जारी किए जाएं। ज्ञापन पर महानगर अध्यक्ष आशु अग्रवाल के हस्ताक्षर हैं। इस दौरान संजय शुक्ला, दिव्य चतुर्वेदी, कपिल चंदानी, कमलेश वर्मा, शोभित मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। फिलहाल जिला प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। प्रशासन के निर्णय के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि परीक्षा तिथि में बदलाव किया जाएगा या नहीं।

### टाइट ग्राउंड पर ट्रॉमल मशीन का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर पालिका परिषद बहेड़ी द्वारा शहर में वर्षों से जमा लिगेसी वेस्ट (पुराने कचरे) के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए 15वें वित्त आयोग के टाइट ग्राउंड में ट्रॉमल मशीन स्थापित की गई है। इस मशीन का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि जायसवाल ने विधिवत फीता काटकर किया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि जायसवाल ने कहा कि ट्रॉमल मशीन की स्थापना से शहर में लंबे समय से जमा कचरे का प्रभावी और वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जा सकेगा। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था भी बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद स्वच्छ और सुंदर बहेड़ी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और इस दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। पालिका की अधिशासी अधिकारी शशि प्रभा चौधरी ने बताया कि ट्रॉमल मशीन के माध्यम से पुराने कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में छांटकर उसका उचित निस्तारण किया जाएगा।

# योगी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को नोएडा के सेक्टर-38 में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में जनपद की कानून व्यवस्था की स्थिति और विकास परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी की।



बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के साथ-साथ सभी विकास परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए और योजना संचालन में पारदर्शिता बनी रहे।

4000 करोड़ से लगेगा सेमीकंडक्टर पार्क यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर 28, ई-01 में फॉक्सकॉन (Hon Hai Precision Industry Co., Ltd-) द्वारा 48 एकड़ में लगभग 4000 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे विकसित उत्तर प्रदेश के पहले सेमीकंडक्टर पार्क के प्रस्तावित कार्यक्रम की भी समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस परियोजना को आधुनिक तकनीक और वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित किया जाए।

3000 लोगों को रोजगार मिलेगा जिससे राज्य में निवेश आकर्षित हो और रोजगार सृजन में वृद्धि हो। इस सेमीकंडक्टर पार्क के बनने से लगभग 3000 लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके अलावा, उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परियोजना के संचालन में पर्यावरणीय मानकों का पालन किया जाए और स्थानीय लोगों को इससे अधिकतम लाभ मिले।

## छत से गिरकर मासूम की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** कस्बे के मोहल्ला आंबेडकर नगर में छत पर खेल रहा ढाई वर्षीय मासूम तीन मंजिला मकान की रेलिंग से नीचे आ गिरा। हादसे में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा गया। गुरुवार शाम उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कस्बे के मोहल्ला आंबेडकर नगर निवासी पंकज की पत्नी खुशबू गुरुवार की दोपहर अपने तीन मंजिला मकान की छत पर कपड़े सुखा रही थी। उनका ढाई वर्षीय बेटा शिवम छत पर ही खेल रहा था। खेल-खेल में शिवम मकान की छत पर लगी रेलिंग पर चढ़ गया और अचानक संतुलन बिगड़ने से वह तीन मंजिला मकान से नीचे आ गिरा। शोर होने पर बच्चे की मां खुशबू को हादसे की जानकारी हुई। घटना के बाद परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजन गंभीर हालत में घायल बच्चे को स्थानीय डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे, लेकिन इससे पहले ही उसकी मौत हो गई।

## महुआ मोइत्रा के वायरल चैट्स पर हाईवोल्टेज ड्रामा, नोएडा में बंगाल-यूपी पुलिस भिड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-110 स्थित लोटस पनास सोसायटी में उस समय हड़कंप मच गया, जब तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की कथित चैट्स वायरल करने के आरोपी सुरजीत दास गुप्ता के फ्लैट पर नोएडा पुलिस पहुंची।

बताया जा रहा है कि पुलिस कोर्ट से जारी वारंट के आधार पर कार्रवाई करने पहुंची थी। इसी दौरान घटनाक्रम ने नया मोड़ ले लिया। सूत्रों के मुता. बिक, जब पुलिस टीम फ्लैट पर पहुंची तो सुरजीत दास ने एक पुलिसकर्मी के मोबाइल पर किसी व्यक्ति से बात करवाई, जिसे उसने एक नेता बताया। कथित तौर पर उस व्यक्ति ने पुलिस से कहा कि वे कोई कार्रवाई न करें और इंस्ट्रक्शन का इंतजार करें। इसके बाद पुलिस टीम मौके से लौट आई। बाद में पुलिस दस्तावेजों में उल्लेख किया गया कि आरोपी फ्लैट पर मौजूद नहीं मिला।

इस पूरे घटनाक्रम से जुड़ा एक वीडियो टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने सोशल मीडिया पर साझा किया है, जिससे मामला और गरमा गया है। यह मामला उस समय और गंभीर हो गया, जब पश्चिम बंगाल के कृष्णनगर से एक पुलिस टीम सोमवार सुबह नोएडा पहुंची। बंगाल पुलिस का कहना है कि उनके पास सुरजीत दास के खिलाफ गैर-जमानती वारंट था और वे उसे गिरफ्तार करने आए थे। बंगाल पुलिस का दावा है कि उन्होंने आरोपी को ढूंढ लिया था और हिरासत में भी ले लिया था, लेकिन तभी नोएडा पुलिस की 10-15 जवानों की टीम मौके पर पहुंची और गिरफ्तारी की कार्रवाई रोक दी। बंगाल पुलिस का आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने सहयोग नहीं किया, जिसके कारण उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। वहीं, नोएडा सेंट्रल पुलिस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पश्चिम बंगाल पुलिस ने थाना फेस-2 को विधिवत नॉन-बेलेबल वारंट सौंपा था। आरोपी की लोकेशन सेक्टर-110 स्थित लोटस पनास सोसायटी में बताई गई थी। इसके बाद स्थानीय चौकी प्रभारी सहित पुलिस टीम बंगाल पुलिस के साथ मौके पर पहुंची। फ्लैट और टावर की जानकारी जुटाई गई और दबिश भी दी गई, लेकिन आरोपी मौके पर नहीं मिला।

पुलिस का कहना है कि आरोपी की पत्नी को आवश्यक सूचना दे दी गई। घटना के दौरान सोसायटी में बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए थे, जिसे देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने स्पष्ट किया कि स्थानीय पुलिस ने बंगाल पुलिस को पूरा सहयोग दिया है और सहयोग न करने के आरोप निराधार हैं। इस पूरे मामले ने दो राज्यों की पुलिस के बीच समन्वय और राजनीतिक संवे. दनशीलता को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

## बाजारों और मॉल पर चढ़ा प्यार का रंग

**नोएडा।** वेलेंटाइन डे से पहले बाजारों और मॉल पर प्यार खुमार चढ़ गया है। हर तरफ लाल रंग की चमक, दिल के आकार की सजावट और रोमांटिक थीम लोगों को आकर्षित कर रही है। कुछ मॉल को लाल गुब्बारों, दिल के कटआउट और गुलाबों से सजाया गया है। कुछ मॉल में हार्ट थीम डेकोरेशन और सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं जहां युवा जोड़े तस्वीरें खिंचवाते नजर आए। कुछ जगहों लव इन द एयर थीम पर आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई है। किस डे पर बृहस्पतिवार को बाजारों में खरीदारी तेज हो गई। सबसे ज्यादा भीड़ लाल रंग के गिफ्ट की दुकानों पर रही। गुलाब, टेडी बियर, चॉकलेट, हार्ट शेप कुशन और लाल रंग की ड्रेस की मांग अधिक रही। गिफ्ट शॉप संचालकों का कहना है कि इस बार युवाओं में खास उत्साह देखने को मिल रहा है। शहर के फूल विक्रेताओं के अनुसार, लाल गुलाब की मांग सबसे अधिक है और कीमतों में भी हल्की बढ़ोतरी हुई है।

# ठगी करने वाले गिरोह के तीन शातिर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारतीय रेलवे में विभिन्न पदों पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले एक गिरोह के तीन शातिर बदमाशों को थाना बिसरख पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



पुलिस के अनुसार अभियुक्तों ने एक युवक को रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 8 लाख रुपये की वसूली कर ली। पीड़ित की शिकायत पर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से कूटरचित दस्तावेज, फर्जी ज्वाइनिंग लेटर व अन्य फर्जी दस्तावेज व दस्तावेज तैयार करने के उपकरण बरामद किया है।

डीसीपी सेन्ट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि अभियुक्तगण अश्वनी व पवन चौधरी के द्वारा एक युवक से रेलवे में नौकरी दिलाने की नाम पर धोखाधडी से करीब 8 लाख रुपये लिये गए थे। बाद में युवक को एक फर्जी ज्वाइनिंग लेटर दे दिया गया था। जिसके संबंध में वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना बिसरख पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच कर रही थाना पुलिस ने एक सूचना के आधार पर आज अभियुक्त अश्वनी सारस्वत पुत्र विनोद सारस्वत व पवन चौधरी पुत्र हरवीर चौधरी को रेलवे फाटक चिपियाना बुजुर्ग के पास से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि अश्वनी सारस्वत, पवन चौधरी की निशादेही पर उनके साथी आकिल उर्फ अयान पुत्र जमशेद को शाहबेरी से गिरफ्तार किया गया है

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया है कि सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर वे लोगों के साथ ठगी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों से फर्जी कूटरचित रेलवे के ज्वाइनिंग लेटर, भारत सरकार द्वारा जारी फर्जी चरित्र प्रमाण-पत्र व कूटरचित रेलवे के रबर की मोहरें, अन्य फर्जी दस्तावेज, कम्प्यूटर, प्रिंटर आदि सामान व एक स्कूटी बरामद हुई। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के अन्य आपराधिक इतिहास के बारे में विस्तार से जानक. ारी की जा रही है।

## एक नजर

### सोसाइटी में क्रेडल का तार टूटा, तीन तार के सहारे फंसा मजदूर

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** नोएडा के सेक्टर-78 स्थित सिक्का कार्मिक ग्रींस सोसायटी के एस्पायर टावर की मरम्मत कर रहा एक मजदूर बाल-बाल बच गया। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो एक मिनट से अधिक का है। जिसमें तीन तारों पर क्रैडल लटका दिख रहा है। उस पर एक मजदूर भी है। जिसे पास वाले फ्लैट से एक अन्य व्यक्ति रस्सी के जरिए बचाने का प्रयास कर रहा है।

क्रैडल तीन तारों पर लटका रहा। गनीमत रही कि तार टूटने के दौरान क्रैडल से मजदूर नीचे नहीं गिरा। पास के फ्लैट की बालकनी की ग्रिल से रस्सी बांधकर उसे ऊपर की ओर खींचा गया। बता दें सिक्का कार्मिक ग्रींस सोसायटी में रखरखाव के लिए मरम्मत कार्य चल रहा है। एस्पायर टावर पर मरम्मत के लिए प्लास्टर का काम हो रहा है। इसके लिए क्रैडल लगाया गया था। इसी दौरान क्रैडल का एक ओर से तार टूट गया। तीन तारों पर क्रैडल लटका रहा। घबराया मजदूर ने खुद को बचाने की गुहार लगाई। इसके बाद पड़ोस के एक फ्लैट की बालकनी में ग्रिल से दूसरी रस्सी बांधकर उसको ऊपर खींचा गया। फिलहाल मजदूर पूरी तरह से सुरक्षित है।

### नोएडा प्राधिकरण का अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज, 18 स्थानों पर कार्रवाई

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** नोएडा प्राधिकरणने शहर में सड़कों और सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए अभियान तेज कर दिया है। प्राधिकरण टीम ने वर्क सर्किल-1 से 10 के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण उन्मूलन दल ने व्यापक कार्रवाई की।

प्राधिकरण ने बताया कि सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों पर अवैध रूप से लगाए गए ठेले, पटरी दुकानों और अन्य अस्थायी कब्जों को हटाया गया, ताकि यातायात सुगम रहे और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। गुरुवार को जिन प्रमुख क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाया गया, उनमें सेक्टर-44, 45, 62, 66, 67, 68, 70, 121, एमपी-3 मार्ग, एफएनजी मार्ग, फेस-2, सेक्टर-80, 81, नगला चरणदास टी-पॉइंट, सेक्टर-87 (केंट रोड), सेक्टर-108 वाणिज्यिक भूखंड, सेक्टर-135 और सेक्टर-150 शामिल हैं। प्राधिकरण के अनुसार, विभिन्न माध्यमोंख्र जनसुनवाई, आईजीआरएस, फोन कॉल और अन्य शिकायत प्लेटफॉर्मख्र के जरिए अवैध वेंडर्स और अतिक्रमण की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इन्हीं शिकायतों के आधार पर नियमित रूप से अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। नोएडा प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई आगे भी प्रतिदिन जारी रहेगी और शहर को व्यवस्थित एवं यातायात सुचारु बनाए रखने के लिए सख्ती बरती जाएगी।

### बच्चा चोर के शक में बुजुर्ग महिला को पीटा

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र स्थित नगला जहानु गांव में एक बुजुर्ग महिला की पिटाई का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने महिला पर बच्चा चोर होने का शक जताते हुए उसके साथ मारपीट की। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ ग्रामीण एक बुजुर्ग महिला को घेरकर पीट रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि महिला गांव के पास जंगल में छिपी हुई थी, जिसके कारण उन्हें उस पर बच्चा चोर होने का संदेह हुआ। इसी शक के आधार पर ग्रामीणों ने महिला को पकड़कर उसके साथ मारपीट की। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बुजुर्ग महिला को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाकर अपने संरक्षण में लिया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं लग रही थी और वह मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रही थी। स्थानीय लोगों द्वारा बिना पुष्टि किए कानून अपने हाथ में लेने की इस घटना ने कई सवाल खड़े किए हैं। पुलिस का कहना है कि यदि किसी पर संदेह हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करना चाहिए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और वायरल वीडियो के आधार पर मारपीट करने वाले लोगों की पहचान की जा रही है।

# अपनी संस्कृति-संस्कार न छोड़ें : साध्वी प्राची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नगर पंचायत कार्यालय के पीछे मैदान पर बृहस्पतिवार को आयोजित हिंदू महासम्मेलन में साध्वी डॉ. प्राची ने कहा कि अब हिंदुओं के एकजुट होने का समय आ गया है। आरएसएस के शताब्दी वर्ष पूरे होने पर आयोजित सम्मेलन में 1500 से अधिक लोग पहुंचे। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान साध्वी डॉ. प्राची की अचानक तबियत खराब हो गई जिसके चलते उन्होंने आगे के सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए।

साध्वी ने कहा कि लोग जब-जब शांत बैठे हैं तब-तब हिंदू समाज का नुकसान हुआ है। हिंदू समाज को एकत्रित और समय-समय पर जगाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने लोगों से एकजुटता का आह्वान करते हुए संस्कृति व संस्कारों से जुड़े रहने की भी अपील की। मुख्य वक्ता आनंद सहप्रांत प्रचारक मेरठ प्रांत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बताया संघ के पाकिस्तान और चीन के आक्रमण के समय में भी स्वयंसेवकों ने कंधा से कंधा मिलाकर देश के लिए काम किया था। सम्मेलन में नगर पंचायत अध्यक्ष लता चौधरी, भाजपा नेता संजय चेची, राधाकृष्ण, अनुपम तायल, कोमल शर्मा, गौरव संघी, रवि चेची, राकेश शर्मा, अंकित भाटी आदि उपस्थित रहे।

## रामपुर में वकील की गोली मारकर हत्या

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के रामपुर में अधिवक्ता फारूक अहमद की गोली मारकर हत्या के विरोध में वकीलों में भारी रोष है। गुरुवार को ग्रेटर नोएडा में भी वकीलों ने प्रदर्शन किया। जिला बार एसोसिएशन के नेतृत्व में अधिवक्ता जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और उन्होंने घटना की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला बार एसोसिएशन गौतमबुद्ध नगर के अध्यक्ष मनोज भाटी ने बताया कि रामपुर में एक अधिवक्ता की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसी घटना को लेकर जिला बार एसोसिएशन गौतमबुद्ध नगर ने अपना रोष व्यक्त किया। उन्होंने इसे एक गंभीर घटना बताया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की कि इसमें शामिल आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

# औद्योगिक सेक्टर इकोटेक-16 में पहुंचना आसान होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के नए औद्योगिक सेक्टर इकोटेक-16 में पहुं. चना आसान होगा। यहां 80, 60 और 24 मीटर चौड़ी सड़क बनाई जाएगी। इस सेक्टर को 130 मीटर चौड़ी सड़क से जोड़ने का काम जल्द शुरू होगा। इसके लिए सर्वेक्षण का काम चल रहा है। एजेंसी को कार्य आदेश जारी कर दिया गया है। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक इकोटेक-16 को दादरी जीटी रोड से जोड़ा जाएगा। इसका फायदा आसपास के गांवों के लोगों को होगा। यह सेक्टर सुनपुरा, खेड़ी और धूममानिकपुर गांव की जमीन पर बसाया जा रहा है।

यहां सोलर कंपनी अवाडा इलेक्ट्रो प्राइवेट लिमिटेड को 25-25 एकड़ के दो भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं। अन्य भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया चल रही है। लोगों को सेक्टर तक पहुंचने में किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए मुख्य सड़कों से जोड़ने की कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया गया है। अन्य मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराए जाने पर भी काम चल रहा है। अधिकारी के मुता. बिक सेक्टर के चारों तरफ 80 मीटर और 60 मीटर चौड़ी सड़क बनाई जाएगी।

80 मीटर और 60 मीटर चौड़ी सड़क चार लेन की होगी। हरित क्षेत्र भी विकसित किया जाएगा। वहीं, सेक्टर के अंदर की मुख्य सड़क 24 मीटर चौड़ी होगी। वरिष्ठ प्रबंधक नरा. ेत्तम सिंह ने बताया कि इकोटेक-16 को 130 मीटर चौड़ी सड़क को जोड़ने के लिए सर्वेक्षण का काम चल रहा है। अगले एक सप्ताह में सड़क बनाने का काम शुरू हो जाएगा। इस सेक्टर को 130 मीटर सड़क से जोड़ने के लिए लगभग तीन किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा,जो भनौता गांव के पास जुड़ेगी।

**वाहन जाम में नहीं फंसेंगे:** 130 मीटर चौड़ी सड़क सीधे ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट को जोड़ती है। इसका विस्तार यमुना प्राधिकरण क्षेत्र तक किया जाना प्रस्तावित है। यह सेक्टर दादरी जीटी रोड से भी जुड़ जाएगा। ऐसे में औद्योगिक सेक्टर में आने वाले माल वाहक वाहनों के जाम में फंसने की समस्या नहीं पैदा होगी।

**औद्योगिक इकाइयां स्थापित होंगी:** प्राधिकरण ने 130 मीटर चौड़ी सड़क के किनारे औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने की योजना बनाई है। उद्यमी भी इसके आसपास निवेश करने को इच्छुक हैं। इसके लिए औद्योगिक सेक्टरों में जमीन की खरीदारी के साथ जरूरी विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सेक्टर इकोटेक-आठ और नौ 130 मीटर सड़क के किनारे ही स्थित है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के चलते ग्रेटर नोएडा में निवेश की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

# परीक्षा में लगाए गए समस्त अधिकारीगण समय से अपनी ड्यूटी पर पहुंचकर अपने दायित्वों का करें निर्वहन: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षा-2026 को मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम जनपद में नकल विहीन, शांतिपूर्ण एवं सुचिता के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने आज आईआईएमटी कॉलेज ग्रेटर नोएडा के ऑडिटोरियम हॉल में प्रशासन एवं पुलिस के संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में 60 परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक, बाह्य केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा जोनल मजिस्ट्रेट द्वारा प्रतिभाग किया गया।



जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बोर्ड परीक्षाएं पूर्णतः नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो। परीक्षा से पूर्व सभी परीक्षा केंद्रों का शत-प्रतिशत निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए और जहां कहीं भी कमियां हों, उन्हें समय रहते दुरुस्त कराया जाए। सभी परीक्षा केंद्रों पर स्ट्रांग रूम की स्थापना कर 24 घंटे सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय अवस्था में रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा ड्यूटी में लगाए गए सभी अधिकारीगण समय से उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। परीक्षा केंद्रों के आसपास साफ-सफाई, परीक्षा कक्ष में प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं प्राथमिक उपचार की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए एवं शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया गया कि परीक्षा केंद्र के स्ट्रांग रूम तथा स्ट्रांग रूम में रखी चार डबल लॉक अलमारियों का खोलना, चाबीयों का रख रखाव नियमानुसार किया जाए, परीक्षा दिवस पर प्रश्न पत्र खोलने से पहले दिनांक वार विषय, पाली आदि को भली भांति देखकर खोलें, किसी भी तरह का विचलन किसी भी दशा न हो, निर्देशों आदेशों का भली भांति अध्ययन कर लें, समय से परीक्षा केंद्र पहुंचकर नकल विहीन, सुचिता के साथ परीक्षा सम्पादित कराएं।पुलिस विभाग द्वारा परीक्षा अवधि में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला विद्यालय निरीक्षक राज. ेश कुमार सिंह ने अवगत कराया कि यूपी बोर्ड परीक्षा-2026 में गौतम बुद्ध नगर के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के लगभग 42917 छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे।

# बिल्डर और उसके सहयोगियों पर धोखाधड़ी का केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जमीन खरीद-फरोख्त से जुड़े एक मामले में धोखाधड़ी, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में बिल्डर और उसके सहयोगियों के खिलाफ एक्सप्रेसवे थाने में केस दर्ज हुआ है। केस दिल्ली निवासी एक व्यक्ति के प्रार्थनापत्र पर न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ है। करतार सिंह अनेजा ने न्यायालय में दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि उन्होंने एक बिल्डर कंपनी से नगला बहारामपुर गांव में करीब छह बीघा जमीन खरीदने का सौदा किया था। इस जमीन की कुल कीमत लगभग 94 लाख रुपये तय हुई थी। करतार सिंह ने नगद, चेक और एनईएफटी के माध्यम से पूरी रकम का भुगतान कर दिया और 12 मई 2023 को बिक्री अनुबंध भी हो गया।

आरोप है कि भुगतान के बाद बिल्डर की ओर से केवल दो बीघा जमीन की रजिस्ट्री कराई गई। बाकी चार बीघा जमीन की रजिस्ट्री बाद में करने का आश्वासन दिया गया। काफी समय बीतने के बाद भी शेष जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराई गई। जब पीड़ित ने जमीन या रुपये मांगे तो आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी।

मई 2025 में जब पीड़ित अपनी जमीन पर कब्जा लेने पहुंचा तो आरो. पियों और कुछ अन्य लोगों ने उस पर हमला कर दिया। उसे जमीन पर गिराकर गला दबाने की कोशिश की गई और गोली चलाने की धमकी भी दी गई। बाद में पीड़ित ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। उनका आरोप है कि शुरू में पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों से कई बार शिकायत की और कार्रवाई न होने पर अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस को संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच करने का आदेश दिया।

# अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन ने आज अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन किया। गौतम बुद्ध नगर के जिला मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष रॉबिन नागर के नेतृत्व में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनुराग सारसवत्स को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया।

रॉबिन नागर ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति को अवगत कराया गया है कि देश भर के किसान संगठन इस समझौते को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन का मानना है कि यह समझौता किसान विरोधी है।

नागर ने तर्क दिया कि अमेरिका की खेती भारी सब्सिडी पर आधारित और पूरी तरह मशीनीकृत है। यदि भारत सोयाबीन, मक्का, गेहूं, डेयरी उत्पाद और दालों पर आयात शुल्क घटाता है, तो सस्ती अमेरिकी फसलें भारतीय मंडियों में आएंगी। इससे भारतीय किसान, जो पहले से ही न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए संघर्ष कर रहे हैं, प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाएंगे।

उन्होंने आगे कहा कि भारत का डेयरी मॉडल छोटे और सीमांत किसानों पर आधारित सहकारी व्यवस्था पर टिका है। अमेरिकी डेयरी उत्पादों के आसान प्रवेश से लाखों दुग्ध उत्पादक परिवार प्रभावित होंगे, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर सीधा नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। नागर ने यह भी उल्लेख किया कि अमेरिकी कंपनियां पेटेंट आधारित बीज और बौद्धिक संपदा अधिकारों के माध्यम से अपने किसानों को आत्मनिर्भर बनाती हैं। इसके विप. रीत, भारत में किसान आज भी पारंपरिक बीज संचय और संरक्षण पर निर्भर हैं। यदि बीज कंपनियों के नियंत्रण में आ जाते हैं, तो भारतीय किसान अपनी पारंपरिक बीज स्वतंत्रता और नियंत्रण खो देंगे।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# जनपद में व्यापक स्तर पर किया जाए प्रचार प्रसार : न्यायाधीश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के क्रम में जनपद की जनता के विधिक अधिकार व सशक्तिकरण एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों व योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से आगामी 22 फरवरी 2026 को नोएडा शिल्प हाट सेक्टर-33ए नोएडा में मेगा/वृहद विधिक साक्षरता/सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

मेगा/वृहद विधिक साक्षरता/सेवा शिविर की तैयारियों को लेकर आज मा0 जनपद न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय के सभागार में जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं से संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जनपद न्यायाधीश ने कहा कि आगामी 22 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले विधिक साक्षरता/सेवा शिविर में जनपद के 44 विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी संबंधित विभाग अपने-अपने विभागों की तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करते हुए अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी विभाग शिविर में अपने-अपने स्टॉल स्थापित कर जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, ताकि अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

बैठक में प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/नोडल अधिकारी मेगा विधिक साक्षरता शि. विर गौतम बुद्ध नगर विरेक अग्रवाल ने अवगत कराया कि शिविर में नाल्सा की प्रचलित योजनाओं जैसे श्रम, बाल संरक्षण, ट्रांसजेंडर अधिकार, बंदी/कैदी सहायता, अनुसूचित जाति एवं जनजाति, वरिष्ठ नागरिक, यातायात दुर्घटना एवं महामारी पीड़ितों के लिए विधिक सहायता से संबंधित योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभार्थियों का चिन्हांकन एवं पंजीकरण भी किया जाएगा।



इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 शिवाकांत द्विवेदी ने अब तक की गई तैयारियों से जनपद न्यायाधीश को विस्तारपूर्वक अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल आवंटन, लाभार्थियों की सूची तैयार करने, योजनाओं के प्रचार-प्रसार, पात्र व्यक्तियों के चिन्हांकन तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा यह सुनिश्चित करें कि शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध हो सके। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि लाभार्थियों की पूर्व पहचान कर उन्हें व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया जाए, ग्राम एवं शहरी स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए तथा सभी व्यवस्थाएं बैठक, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य सहायता एवं सुरक्षा समुचित रूप से सुनिश्चित की जाएं।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग अपने स्तर पर प्रगति की दैनिक समीक्षा करते हुए समय से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण करे, ताकि मेगा/वृहद विधिक साक्षरता/सेवा शि. विर को सफल, सुव्यवस्थित एवं जनोपयोगी बनाया जा सके।

बैठक में जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश सहित समाज कल्याण, शिक्षा, दिव्यांग सशक्तिकरण, महिला एवं बाल विकास, कृषि, जल शक्ति, पिछड़ा वर्ग कल्याण, पंचायती राज, उद्योग, कौशल विकास, पशुपालन, श्रम, पुलिस, राजस्व, स्वास्थ्य, परिवहन, विद्युत, खाद्य सुरक्षा एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय बजट में सभी वर्गों का ध्यान: जयंत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता एवं शिक्षा राज्य मंत्री जयन्त चौधरी ने

**■ कौशल विकास का बजट बढ़ा 62 फीसदी**

'अमरोहा कोशल महोत्सव' कार्यक्रम में आयोजित पत्रकार वार्ता में केन्द्रीय बजट की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि बजट में सभी के हितों का ध्यान रखा गया है। केन्द्रीय मंत्री ने नवीं बार देश का बजट प्रस्तुत किया है। उनके पास एक बड़ा अनुभव है। उन्होंने बजट में वर्तमान के साथ साथ भविष्य का भी ध्यान रखा है। कौशल विकास के बजट को 62 फीसदी बढ़ाते हुए दस हजार करोड़ निर्धारित किया गया है, जिससे स्पष्ट हो जाता है कि केन्द्र सरकार को युवाओं के रोजगार उनकी शिक्षा को आगे बढ़ाने की तरफ पूरा ध्यान है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बजट में डेढ़ लाख करोड़ की बढ़ोत्तरी कर रखी है। उद्योग और कुटीर उद्योग के बढ़ावा देने के लिए भी बजट में पूरा ध्यान रखा गया है। इसी के




साथ ही बजट में पहली बाहर स्पोर्टस मैनुफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए 500 करोड़ रूपये के बजट का प्रावधान किया गया है। इसी तरह रेल प्रबंधन में भी उत्तर प्रदेश के लिए 20 हजार करोड़ रूपये के बजट का प्रावधान किया गया है। जिससे नई रेल लाइन समेत अन्य विकास कार्यों पर व्यय किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में 17 वंदे भारत व 18 अमृत भारत ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। इसी के साथ ही बजट में कृषि एवं कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रावधान किया गया है। कहा कि उत्तर प्रदेश में पहले उद्योग लगाने में उद्योग. पति संकोच करते थे मगर अब केन्द्र व प्रदेश की सरकार में उद्योगपतियों को निवेश के लिए सुरक्षा और सुविधा दोनों ही प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को बड़े पैमाने से रोजगार देने के लिए बड़े स्तर पर कौशल महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। पहले लखनऊ, फिर बिजनौर व अमरोहा में यह महोत्सव आयोजित किया गया है। जिसमें भारी संख्या में युवाओं को रोजगार के ऑफर लेटर प्रदान किए गए हैं। पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी, सलाहकार वीरपाल सिंह, मंडलाध्यक्ष रामवीर सिंह, जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, दिनेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## जयंत का डा. सत्यवीर ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो गजरौला।** रालोद नेता एवं कैंसर विशेषज्ञ तथा राष्ट्रीय लो. कदल के प्रोफेशनल मंच के क्षेत्रीय अध्यक्ष डा. सत्यवीर सिंह चौहान ने केन्द्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी का स्वागत किया। गुरूवार को केन्द्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी नगर में एक कार्यक्रम में शामिल होने आये थे। इस दौरान रालोद नेता एवं नौगांवा सादात विधानसभा से चुनाव की तैयारी कर रहे डा. सत्यवीर सिंह चौहान ने उनका स्वागत किया। जयंत ने उनसे पार्टी को मजबूत करने का आह्वान करते कहा कि जिले में रालोद संगठन को मजबूत करें। आने वाले विधानसभा चुनाव में रालोद पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगा। इस दौरान डा. सत्यवीर चौहान ने जयंत चौधरी को भरोसा दिलाया कि पार्टी इस बार के चुनाव में बढ़िया प्रदर्शन करेगी।

# युवाओं को उनके कौशल अनुरूप मिल रहे रोजगार

### कौशल महोत्सव में युवाओं को मिले जाब ऑफर लेटर, सात हजार ने कराया पंजीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** 'अमरोहा कौशल महोत्सव' में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने युवाओं को विभिन्न कंपनियों एवं इकाईयों की नौकरी हेतु नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि अब पहले जैसी स्थिति नहीं है, नई पीढ़ी को उनके कौशल के अनुसार अवसर मिल रहे हैं। केन्द्र व उत्तर प्रदेश की सरकार कौशल विकास के जरिये युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है।

गुरूवार को नगर के शिव इण्टर कॉलेज में पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह की जयंती पर आयोजित 'कौशल महोत्सव' में केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता एवं शिक्षा राज्य मंत्री जयन्त चौधरी ने युवाओं को जॉब ऑफर लेटर प्रदान करके एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौ.अजित सिंह के चित्र के समक्ष पुष्पअर्पित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि उनके दादा पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरण सिंह कहते थे कि बड़े उद्योग हैं ये ठीक है मगर लघु और कुटीर उद्योगों का विकास भी बेहद आवश्यक है। उनके पिता पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौ.अजित सिंह ने भी यही स्वपन देखा

**■ कौशल महोत्सव में बोले केन्द्रीय मंत्री जयंती चौधरी**

था कि किसान, लघु व कुटीर उद्योगों का विकास हो। वर्तमान में संचालित केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार उनकी भावनाओं के अनुरूप ही अंतोदय तक पहुंचन में जुटी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व में एक बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभर रहा है। कौशल विकास के जरिये सरकार द्वारा युवा और छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। वहीं महोत्सव में भाग लेने के लिए सात हजार से अधिक युवाओं ने अपना पंजीकरण कराया वहीं हजारों की संख्या में जॉब ऑफर लेटर वितरित किए गए। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी, सलाहकार वीरपाल सिंह, मंडलाध्यक्ष रामवीर सिंह, जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, डॉ.सत्यवीर सिंह चौहान, सरजीत सिंह, मीनाक्षी चौधरी, रेनू चौधरी, दिनेश शर्मा, डॉ.सोरन सिंह, नेमपाल सिंह, चौ.नरेन्द्र सिंह, सतीश चौधरी, अभिनव चौधरी, चौ.विरेन्द्र सिंह, कामेन्द्र सिंह, डॉ.ललित चाहल आदि मौजूद रहे। वहीं ओंकाकेयर अस्पताल के संचालक व समा. जसेवी डॉ.सत्यवीर सिंह चौहान ने केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी को पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरण सिंह की प्रतिमा भेंट करके स्वागत किया। वहीं कौशल महोत्सव में 'मेदांता अस्पताल' ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। शिविर में निशुल्क रक्त जांच, एक्सरे, ईसीजी, बीपी, शुगर आदि की जांच करके निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया।




■ गजरौला। कौशल महोत्सव के दौरान अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपते जयंत चौधरी।

## महिला के साथ मारपीट करके किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** विवाद के चलते एक महिला को मारपीट करके घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। जानकारी के अनुसार मुहल्ला अल्लीपुर भूड़ निवासी महिला सरोज बीते सोमवार को अपने घर पर थीं। उनका आरोप है कि पड़ोसी युवक सैंकीए रेखा और नीलम गाली गलौज करते हुए घर में घुस आए थे। जिसका विरोध करने पर तीनों ने लात घूंसों से उनके साथ मारपीट की थी। पुघलिस ने तहरीर पर तीनों के घ्आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर मनोज कुमार का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कॉस्मेटिक दुकान में आग से लाखों का नुकसान

### शार्ट सर्किट से लगी दुकान में आग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मोहल्ला लकड़ा चौराहा स्थित एक कॉस्मेटिक दुकान में देर रात भीषण आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। शुरूआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई, जबकि आग से लाखों रूपये का सामान जलकर राख हो गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लकड़ा चौराहा स्थित चेक पोस्ट के पास की है। बैंक कॉलोनी (चूना भट्टी) निवासी कुंवर सैन की चौराहे पर कॉस्मेटिक सामान की दुकान है। बुधवार देर शाम वह रोजाना की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। देर रात करीब तीन बजे शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दुकान से धुआं और लपटें उठती देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। पड़ोसियों ने तत्काल दुकान स्वामी कुंवर सैन को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे, तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। हालांकि तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर राख का ढेर हो चुका था। पुलिस की शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। अग्निकांड से व्यापारी कुंवर सैन को लाखों रुपये का नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

# पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी: गुरेन्द्र

### ब्लाक स्तरीय मिनी क्रीड़ा प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** ब्लॉक स्तरीय मिनी क्रीड़ा एवं शैक्षिक प्रतियोगिता का आयोजन श्री राम इंटर कॉलेज बादशाहपुर में किया गया। खेलों के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अमरोहा गुरिंदर सिंह ढिल्लो व खंड शिक्षा अधिकारी सोनू सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

गुरुवार को ब्लॉक प्रमुख गुरेन्द्र सिंह ढिल्लो व खंड शिक्षा अधिकारी ने 50 मीटर बालिका वर्ग की दौड़ को हरी झंडी दिखाकर खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। ब्लॉक पीटीआई अजीत कुमार जी ने अतिथियों का बैज लगाकर तथा कैप पहनाकर स्वागत किया। 50 मी बालिका वर्ग प्राथमिक स्तर दौड़ में अंशिका प्रथम और इनायत द्वितीय,



100 मीटर दौड़ में शाहजीन प्रथम, गौसिया द्वितीय, 200 मीटर दौड़ में अंशिका प्रथम, अलफिजा द्वितीय स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ में कौशल प्रथम अंशिका द्वितीय स्थान पर रहे। बालक वर्ग में 50 मीटर में रो. हित प्रथम व शिवांग दूसरे स्थान पर रहे। 100 मीटर में कार्तिक प्रथम व सादिक द्वितीय, 200 मीटर दौड़ में कार्तिक प्रथम इस्माईल द्वितीय, 400 मीटर में इस्माइल प्रथम कार्तिक द्वितीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विपिन चौहान, एससी एसटी टीचर एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष वरण सिंह एससी एस टी बेसिक टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष करतार सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश चौहान, नीरज चौहान, एआरपी. संजीव कुमार और लव सूरी, व्यायाम शिक्षकों में महेश कुमार योगाचार्य परवेज खान, लोकेश कुमार आर्य, विकास चौधरी, वीरेंद्र सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह, लुकमानुद्दीन, विवेक शर्मा, संकुल शिक्षकों में सर्वेश चंद, धर्मेंद्र सिंह संजीव सिरोही, श्रीनिवास कुमार, प्रमोद कुमार, विजेंद्र सिंह, निशि भूषण,डॉक्टर रेनू, ओंकारी गुर्जर,सुषमा वंदना मागध, रजनी दधीच, गुलनाज बानो, रमा रस्तोगी, रेखा सागर, रेनू सिंह आकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## सीबीएसई शिक्षकों को मिले कैशलेस चिकित्सा का लाभ

### शिक्षक विधायक डा. ढिल्लो ने सदन में उठाया मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने सीबीएसई आईसीएसई एवं आईएससी बोर्ड के विद्यालयों के शिक्षकों को भी कैशलेस चिकित्सा योजना का लाभ दिये जाने की मांग सदन में उठायी।



सदन में यह मामला उठाते डा. ढिल्लो ने प्रदेश सरकार द्वारा यूपी बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों एवं उनके आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान किये जाने के फैसले का स्वागत करते कहा कि इससे प्रदेश के 15 लाख शिक्षकों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सीबीएसई, आईसीएसई व आईएससी बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालित हैं इन शिक्षकों को भी कैशलेस चिकित्सा योजना में शामिल किया जाये ताकि उन्हें भी इसका लाभ मिल सके।

# लेटलतीफ कर्मियों को डीएम ने हड़काया

### जिलाधिकारी ने किया सीएचसी का निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ड्यूटी पर उपस्थित न रहने व देर से आने वाले कर्मियों को कड़ी फटकार लगायी। जबकि संस्थागत प्रसव बढ़ाने पर जोर दिया।

सबसे पहले जिलाधिकारी ने निरीक्षण के 30 शैय्या वाले मातृत्व (मेटरनिटी) विंग और लैब का जायजा लिया। उन्होंने महिला चिकित्सक डॉ. ममता से बीते एक माह में हुई डिलीवरी की संख्या के बारे में जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि पिछले माह 50 डिलीवरी हुई हैं। क्षेत्र की जनसंख्या को देखते हुए डिलीवरी की संख्या अपेक्षाकृत कम पाए जाने पर डीएम ने नाराजगी जताई और संस्थागत प्रसव बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान समय पर ड्यूटी पर उपस्थित न रहने और देर से आने वाले कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई गई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद डीएम जनरल वार्ड पहुंचीं और डिलीवरी के बाद भर्ती चार महिलाओं से बातचीत कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। मरीजों से नाश्ता व भोजन समय पर मिलने तथा अन्य व्यवस्थाओं के बारे में पूछा गया। मरीजों ने संतोषजनक व्यवस्था होने की बात कही।

## बाइकों की भिड़ंत में दम्पति समेत तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** गजरौला-चांदपुर स्टेट हाईवे पर कावड़ मार्ग पर गांव रसूलपुर के पास बुधवार देर शाम दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक दंपति और एक अज्ञात युवक शामिल है। जानकारी के अनुसार, एक बाइक पर सवार यूनुस पुत्र मोहम्मद हुसैन निवासी गजरौला अपनी पत्नी रोशन के साथ चांदपुर से गजरौला की ओर जा रहे थे। तभी सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल से उनकी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। दूसरी बाइक सवार युवक की पहचान नहीं हो सकी है, जो हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही रसूलपुर चौकी पुलिस, डायल 112 (पीआरवी) टीम और थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनौरा पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद अज्ञात घायल की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि दंपति का उपचार सीएचसी में जारी है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद दोनों मोटरसाइकिलें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के दौरान एक बाइक पर रखी थैले में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे मौके पर दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए पानी डालकर आग पर काबू पाया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

## इंटरनेशनल स्पेलिंग बी में सिद्धार्थ ने जीता कांस्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** कहते हैं हुनर उम्र नहीं देखता, और यह बात कक्षा 6 के छात्र सिद्धांत चमन ने सच कर दिखाई है। लिटिल स्कॉलर्स एकेडमी में पढ़ने वाले सिद्धांत ने इंटरनेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक और मेरिट सर्टिफिकेट हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में उसने स्कूल में तीसरा स्थान और देश में 212वीं रैंक प्राप्त कर अपने स्कूल, परिवार और पूरे इलाके का नाम रोशन किया है।



देशभर से आए हजारों बच्चों के बीच सिद्धांत ने अपनी मेहनत, समझदारी और आत्मविश्वास से खास पहचान बनाई। इतनी छोटी उम्र में यह कामयाबी दिखाती है कि अगर बच्चे को सही रास्ता मिले और वह मन लगाकर पढ़ाई करे तो बड़ी से बड़ी मंजिल पाई जा सकती है। सिद्धांत चमन, एसडीएम चंद्रकांता के बेटे हैं। बेटे की इस कामयाबी से परिवार में खुशी का माहौल है। स्कूल के शिक्षक, साथी बच्चे और इलाके के लोग सभी सिद्धांत को बधाई दे रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि सिद्धांत शुरू से ही मेहनती बच्चा रहा है, जो पढ़ाई के साथ-साथ हर काम में आगे रहता है। प्रतियोगिताओं में भाग लेना और लगातार अभ्यास करना ही उसकी सफलता की वजह बना। सिद्धांत की यह सफलता सिर्फ उसके परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे इलाके के बच्चों के लिए प्रेरणा है कि मेहनत और लगन से कोई भी बच्चा आगे बढ़ सकता है और बड़ा नाम कमा सकता है।

## सीएचसी में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाई जाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने सदन में यह मामला उठाते कहा किनगर के सरकारी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाये जाने की जरूरी है। कहा कि आज के दौर में नई नई बीमारियां हो रही हैं जिनकी रोकथाम जरूरी है। परन्तु शहर की सीएचसी में अल्ट्रासाउंड मशीन न होने से मरीजों को जिला अस्पताल ले जाना पड़ता है। जिसके आने जाने में परेशानी होती है। स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने आश्वास्त किया कि जल्द ही यहां अल्ट्रासाउंड मशीन लगाई जाएगी।



**■ सदर विधायक ने सदन में उठाया मामला**

ताकि रोगियों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# दो सौ मीटर दौड़ में गौतम व अंशू रहे प्रथम

### भागीरथी देवी कालेज में ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** भागीरथी देवी महाविद्यालय धनोरा में दो दिवसीय खेल मेरा युवा भारत, अमरो. हा विभाग के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी निशांत रौतेला के निर्देशन में संपन्न हुआ, जबकि आयोजन की जिम्मेदारी अजय कुमार, जिला आयुक्त (स्काउट), भारत स्काउट व गाइड, अमरोहा ने संभाली। प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स (200 मीटर दौड़) में बालक वर्ग में गौतम व बालिका वर्ग में अंशु बधेरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में रॉबिन (पपसारी खादर) विजेता रहे, जबकि बालिका कबड्डी में अंशी व उनकी टीम ने पहला स्थान हासिल किया। समापन अवसर पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा सभी विजेता-उपविजेता खिलाड़ियों को



ट्रॉफी और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन उत्साह और खेल भावना के वातावरण में हुआ इस मौके पर डा. अभय आर्य व डा. नवनीत विश्नोई मौजूद रहे।

## सनराइज ने सुपरकिंग को 67 रन से हराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** द आर्यन स्कूल जोया में आयोजित तृतीय अंडर-12 लेट श्री जसवंत सिंह (साहब) क्रिकेट टूर्नामेंट में सनराइजर्स अल्फा हॉस्पिटल ने डॉ. अहमद चाइल्ड केयर सुपर किंग को 67 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स अल्फा हॉस्पिटल ने 30 ओवर में 151 रन बनाए। अहम (42) और अरीब (41) ने अहम योगदान दिया। जवाब में सुपर किंग की टीम 20 ओवर में 83 रन पर सिमट गई। मोहम्मद हसन (13) और सहल (12) ने संघर्ष किया। अल्फा की ओर से आयशा सिंह, सूर्यांश और मन्नान पाशा ने दो-दो विकेट लिए। अहम को मैन ऑफ द मैच और मोहम्मद रिहान को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया। मुख्य अतिथि डीएम डॉ. निधि गुप्ता वत्स ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। फाइनल मुकाबला सनराइजर्स अल्फा हॉस्पिटल और बजाज टेक्सटाइल इंडियन के बीच खेला जाएगा

# मौ. शेखान में अल्वी समाज की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

## पूर्व डिप्टी एसपी इकबालुज्जमा ने शिक्षा व सामाजिक सुधार पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के मौहल्ला शेखान में अल्वी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक पूर्व डिप्टी एसपी इकबालुज्जमा की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में समाज की बेहतरी शिक्षा को बढ़ावा देने, सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने और संगठन को मजबूत बनाने जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व डिप्टी एसपी इकबालुज्जमा ने कहा कि किसी भी समाज की असली ताकत उसकी शिक्षा अनुशासन और एकता में होती है। हमें अपने बच्चों खासकर बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा। जब तक हमारा युवा वर्ग शिक्षित और जागरूक नहीं होगा। तब तक समाज का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। उन्होंने समाज से आपसी मतभेद भुलाकर एक मंच पर आने और सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने का आह्वान किया।

मौहम्मद अकरम अल्वी ने अपने वक्तव्य में कहा कि अल्वी समाज को आगे बढ़ाने के लिए हमें केवल बैठकों तक सीमित नहीं रहना है। बल्कि जमीनी स्तर पर काम करना होगा। शिक्षा रोजगार सामाजिक सहयोग और जरूरतमंदों की मदद हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। हम सभी मिलकर एक संगठित और मजबूत समाज का निर्माण करेंगे। बैठक में शादियों में बारात के देर से पहुंचने, फिजूलखर्ची और दिखावे जैसी सामाजिक समस्याओं पर भी चर्चा की गई। सर्वसम्मति से समय की पाबंदी सादगीपूर्ण विवाह और सामाजिक अनुशासन को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया। साथ ही मेधावी छात्रों को सम्मानित करने नशामुक्ति अभियान चलाने तथा जरूरतमंद परिवारों की सहायता करने का भी प्रस्ताव रखा गया।

इस अवसर पर संरक्षक मलिक अख्तर अल्वी अध्यक्ष राशिद अली अल्वी, उपाध्यक्ष अनीश अल्वी, कुर्बान अल्वी, नजाकत हुसैन अल्वी, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती नीलोफर, मंत्री अथर अल्वी, मौहम्मद जमशेद अल्वी, अमीर उमर अल्वी, महिला मंत्री श्रीमती निषाद कोषाध्यक्ष एड. कमरुज्जमा, मीडिया प्रभारी जुबैर हसन, अर्शी, सदस्य अशरफ अल्वी, शकील अहमद, नफीस अहमद अल्वी, सलीम अल्वी, इश्तर अल्वी सहित मौहम्मद यामीन, मौहम्मद राशिद, नसरुद्दीन, विरासत हुसैन, मौहम्मद आरिफ, मौहम्मद इकबाल, मौहम्मद शान खिलाफत, आसिफ अख्तर अल्वी, महमूद अल्वी, मौहम्मद वसीम, इकबाल, अरशद असलम, दिलशाद, नजाकत, हनीफ मौहम्मद शरीफ, सरताज इफ्तेखार, करीब अल्वी, इकरार अल्वी, नफीस अल्वी, फहीम सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में समाज को संगठित, शिक्षित और जागरूक बनाने का संकल्प लेते हुए बैठक का समापन किया गया। उपस्थित लोगों ने विश्वास जताया कि पूर्व डिप्टी एसपी इकबालुज्जमा के मार्गदर्शन और मौहम्मद अकरम अल्वी के सक्रिय नेतृत्व में अल्वी समाज नई दिशा और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगा।

# कांवड़ती महिला को बंदर ने काटा

**बिजनौर।** मंगलवार को हरिद्वार के मनसा मंदिर में एक महिला कांवड़ती सरिता (25 वर्ष) पुत्री प्रकाश ग्राम रतुपुरा सरकड़ा, पोस्ट रतनपुर, थाना ठाकुरद्वारा की बाजू में बंदर ने काट लिया था। महिला का हरिद्वार के सरकारी अस्पताल में उपचार कराया गया। जहां उसे टिटनेस और एंटी रेबीज वैक्सीन का पहला टीका लगाया गया। बृहस्पतिवार को महिला ने नगीना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के कोर्स के तहत वैक्सीन की दूसरी डोज ली। महिला से बात करने पर उसने समाचार प्रकाशित न करने का आग्रह किया है।

# पुलिस की सख्ती के बाद भी गंगा खादर मार्ग से गुजरे कांवरती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** वैसे तो पुलिस ने सुरक्षा का हवाला देकर गंगा खादर कांवड़ मार्ग को बंद करा दिया था, फिर भी कांवड़ियों के कई जत्थे इस मार्ग से गुजरते देखे गए।

हरिद्वार से गंगाजल लेकर बड़ी संख्या में कांवड़िए जगजीतपुर, भोगपुर, भीक्कमपुर आदि उत्तराखंड के ग्राम से होते हुए नांगल गंगा घाट पर नाव से गंगा पार कर अपने गंतव्य को जाते हैं, जिससे कांवड़ियों के मार्ग की दूरी 15 किमी तक कम हो जाती है। इस वर्ष भी बड़ी संख्या में कांवड़िये खादर क्षेत्र से गुजर रहे थे। गुलदार प्रभावित क्षेत्र होने के बाद भी वन विभाग का कोई कर्मचारी खादर क्षेत्र में तैनात नहीं है। बुधवार को हरिद्वार प्रशासन से वार्ता कर पुलिस ने शिव भक्तों का आवागमन बंद करा दिया था, इसके बावजूद भी बृहस्पतिवार को कांवड़ियों के कई जत्थे खादर क्षेत्र से होकर गुजरे।

हरिद्वार से गंगा जल लेकर प्रतिदिन सैकड़ों कांवड़िए नांगल और उत्तराखंड के रंजीतपुर के सामने गंगा नदी को नाव के सहारे पार कर अपने गंतव्य की ओर जा रहे थे। बिजनौर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा का हवाला देकर उत्तराखंड पुलिस से वार्ता करके इस मार्ग पर कांवड़ यात्रा को बंद करा दिया था, जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने गंगा नदी पर चल रही नाव का आवागमन बंद करा दिया है।

सूत्रों के अनुसार गुरुवार को हरिद्वार से जल लेकर सैकड़ों कांवड़ उत्तराखंड के रंजीपुर ग्राम के सामने पहुंचे, लेकिन प्रशासन द्वारा गंगा नदी पर नाव का आवागमन बंद होने के चलते यह कांवड़िए गंगा की धार पार नहीं कर सके।

जिस कारण कांवड़िए उत्तराखंड की सीमा पर भटकते रहे। प्रशासन ने कांवड़ियों का गंगा खादर क्षेत्र आवागमन बंद कराने के लिए गंगा घाट पर पुलिस की तैनाती कर दी है, जिस कारण कोई भी व्यक्ति गंगा पर नाव नहीं चला सका।

# ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक जारी

## कुत्तों ने दर्जनों लोगों को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों के आतंक से कोहराम मचा हुआ है। दो दिनों में दर्जनों लोगों को काटकर घायल कर दिया है। जिन्हें सीएचसी अफजलगढ़ व पीएचसी कासमपुर गढ़ी में भर्ती कराया गया। जहां पर चिकित्सकों द्वारा एंटीरेबिज इंजेक्शन लगाकर उपचार किया।

मंगलवार व बुधवार को मात्र दो दिनों में लगभग डेढ़ दर्जन बच्चों, बूढ़ों व जवानों को आवारा कुत्तों ने अपना शिकार बना लिया। जिनमें गुड्डी (45 वर्ष) सीरियावाली चक, लवी कुमार (छह वर्ष) नारायनवाला, शाकिर (50 वर्ष) कासमपुर गढ़ी, कपिल (30 वर्ष) तिरलोकपुर, राजेंद्र (46 वर्ष) रायपुर, पुष्पा देवी (35 वर्ष) शाहपुर जमाल, मनीष व महेश (30 वर्ष) जोगीपुरा, अमृत (दो वर्ष) सलावत नगर, प्रेम शीला (30 वर्ष) अफजलगढ़, सुखविंदर (21 वर्ष) कादराबाद, आवारा कुत्तों ने राधिका तुरतपुर, पवन कुमार भिक्कावाला, लक्की अलियारपुर, किशन नेगी कादराबाद, अकिंत सिंह कल्लूवाला, सौरभ कल्लूवाला, अहान हिदायतपुर टांडा, रियान मानियावाला को काटकर घायल कर दिया। सभी घायलों का चिकित्सक ने सीएचसी पीएचसी पर एंटीरेबिज इंजेक्शन लगाकर उपचार किया।

गौरतलब है कि प्रशासन की लापरवाही के चलते लगातार आवारा कुत्तों के झुंड नगर व ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों, बूढ़ो, नौजवानों को अपना शिकार बना रहे हैं। अभिभावक अपने छोटे बच्चों को अपनी कड़ी सुरक्षा के दरमियां स्कूल वाहनों तक छोड़कर आ रहे हैं। जिसको लेकर क्षेत्र में दहशत का माहौल है। खण्ड विकास अधिकारी मनवीर सिंह लगातार कुत्तों को पकड़वाने की बात तो करते हैं, परंतु अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाए हैं। जिसको लेकर क्षेत्र की जनता में आक्रोश है।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए संगठित होने की है आवश्यकता: चंद्रहास

## पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता के लिए विद्यालयों एवं कार्यालयों में संपर्क



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** 15 फरवरी को इंदिरा बाल भवन में होने वाले पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता को लेकर आज जनपद के विद्यालयों एवं कार्यालयों में बैठक शिक्षकों एवं कर्मचारियों से अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन जिला अध्यक्ष राजेश रवि एवं विद्युत प्राविधक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष लौकेन्द्र चौधरी सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह इरिगेशन मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार अटेवा जिला महामंत्री सुभाष चंद्र यादव के नेतृत्व में संपर्क किया।

इस अवसर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता के लिए सहयोग एवं समर्थन व अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। पुरानी पेंशन बहाली के मुद्दे पर दोनों बजट से शिक्षकों एवं कर्मचारियों के निराशा हाथ आई हैं संगठित होकर संघर्ष करेंगे तो निश्चित सुखद परिणाम मिलेंगे। आदि से किया गया। 15 फरवरी को सभी शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद होकर इंदिरा बाल भवन पहुंच कर पुरानी पेंशन बहाली की मजबूत हुंकार भरे। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह इरिगेशन मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने कहा कि अटेवा पुरानी पेंशन बहाली को लेकर ईमानदारी से संघर्षरत है। 15 फरवरी को हमें इंदिरा बाल भवन पहुंचकर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के मनोबल को मजबूत करने का कार्य करना है।

# डिवाइडर से टकराई कार, चार युवक बाल-बाल बचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना चौराहे से आगे कोऑपरेटिव बैंक के पास बुधवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। काशीपुर से रेलवे स्टेशन धामपुर की ओर आ रही एक कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर पर चढ़ गई और पास लगे बिजली के पोल से जा टकराई।

हादसा इतना तेज था कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में चार युवक सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। गनीमत रही कि कार में सवार सभी युवक सुरक्षित रहे और किसी को गंभीर चोट नहीं आई। सूचना मिलने पर थाना धामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाया गया, जिससे यातायात सुचारु हो सका। हादसे के बाद कुछ समय तक मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार या चालक का नियंत्रण खो देना प्रतीत हो रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर रात के समय तेज गति से वाहन चलाए जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। लोगों ने प्रशासन से इस स्थान पर स्पीड ब्रेकर या संकेतक लगाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

# मदरसा बोर्ड परीक्षा सीसीटीवी निगरानी में शुरू

## दो पालियों में हो रही परीक्षा, सेक्टर व स्टैंडिंग मजिस्ट्रेट कर रहे मॉनिटरिंग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार नजीबाबाद स्थित हिमालयन पब्लिक इंटर कॉलेज में मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं कड़ी निगरानी के बीच आयोजित की जा रही हैं। नकल विहीन और पारदर्शी परीक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है। परीक्षाएं नौ फरवरी से 14 फरवरी तक दो पालियों में संचालित हो रही हैं।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सेकेंडरी बोर्ड की परीक्षा प्रतिदिन सुबह आठ बजे से 11 बजे तक आयोजित की जा रही है, जबकि सीनियर सेकेंडरी बोर्ड की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक संपन्न कराई जा रही है। बुधवार 12 फरवरी को आयोजित परीक्षा में कुल 272 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, जिनमें से 40 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र प्रशासन ने बताया कि शेष विद्यार्थियों ने शांतिपूर्ण और व्यवस्थित माहौल में परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान केंद्र पर सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की विशेष निगरानी रखी जा रही है।

परीक्षा केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट दीपक तेवतिया खंड विकास अधिकारी, नजीबाबाद और स्टैंडिंग मजिस्ट्रेट जयप्रकाश (एडीओ पंचायत) लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। दोनों अधिकारी समय-समय पर कक्षों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो।

केंद्र व्यवस्थापक दुष्यंत सिंह, जो हिमालयन पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य हैं, परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उनके साथ सहायक केंद्र व्यवस्थापक मौलाना सलीम अहमद, मौहम्मद शाहनवाज, मौहम्मद दिलशाद, गोविंद सिंह और मौहम्मद सादिक भी व्यवस्थाओं में सहयोग कर रहे हैं। केंद्र प्रशासन के अनुसार परीक्षा कक्षों में पर्याप्त दूरी, प्रश्नपत्रों की सुरक्षित वितरण व्यवस्था और परीक्षार्थियों की सघन जांच सुनिश्चित की जा रही है।

इस परीक्षा केंद्र पर कुल 11 मदरसों के छात्र-छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं। इनमें साहनपुर भागूवाला, जोगीरम्पुरी, समीपुर, नजीबाबाद, करमसखेड़ी, हुसैनपुर और नवादा सहित आसपास के क्षेत्रों के मदरसे शामिल हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पूरी परीक्षा प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराई जा रही है। सीसीटीवी कैमरों के जरिए प्रत्येक कक्ष की निगरानी की जा रही है, जिससे नकल की किसी भी संभावना को समाप्त किया जा सके। मदरसा बोर्ड की परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शिक्षा विभाग और प्रशासनिक अधिकारी लगातार सक्रिय बने हुए हैं।

# चार सगे भाइयों के खिलाफ दी तहरीर

**नूरपुर।** क्षेत्र के गांव पीपला जागीर निवासी लियाकत ने अपने चार सगे भाइयों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर देकर चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।इस दौरान उसके सगे भाई नसीम अहमद रईस अहमद राशीद और फहीम पुत्रगण इदरिस घर में घुस आए और उस पर हमला कर दिया उन्होंने लाठी डंडों से हमला कर जान से मारने की नियत से लियाकत की पिटाई कर दी हमलवारों ने घर के बाहर खड़ी लियाकत हुसैन की भाभी के साथ गाली-गलौच भी की और उसके वालिद वालिदा को गंदी गंदी अपमानित किया। उन्होंने घर के बाहर बाहर खड़ी मोटर साइकिल भी तोड़ दी दबंगों ने मारपीट और तोड़फोड़ के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए पुलिस ने लियाकत की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है थाना प्रभारी विकास कुमार तेवितिया ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ग्राम प्रधान व पंचायत सचिवों की दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

## ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने पर मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विकासखंड अल्हेपुर में ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिवों के लिए दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी एम.एल. त्रिवेदी द्वारा किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रति. निधि नीरज प्रताप सिंह उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एडीओ पंचायत अनिल कुमार एवं ग्राम प्रधान संघ की अध्यक्ष संध्या सिंह ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके उपरांत सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यशाला के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सचिवों को पंचायत स्तर पर शिक्षा, स्वच्छता, बाल शिक्षा, विद्यालयों में आधारभूत सुविधाएं, मिड-डे मील, ऑपरेशन कायाकल्प, डीबीटी के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी।

कार्यशाला में बताया गया कि गांवों के समग्र विकास के लिए ग्राम प्रधानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पंचायतों के माध्यम से स्कूलों को बेहतर बनाने, बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही आउट ऑफ स्कूल बच्चों के नामांकन और शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर भी चर्चा हुई।

कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। एडीओ पंचायत अनिल कुमार, ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष संध्या सिंह सहित अन्य अतिथियों ने पंचायत स्तर पर शिक्षा और विकास कार्यों में समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों, पंचायत सचिवों एवं शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न ग्राम पंचायतों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रधानों, पंचायत सचिवों और शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने कार्यशाला को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे पंचायतों को विकास कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन में मार्गदर्शन मिलेगा।

कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। आयोजन के सफल संचालन में कार्यालय स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# गंगाजल लेकर स्वयंभू मोटा महादेव पहुंच रहे हजारों कांवरती

## महाशिवरात्रि पर शिवमय हुआ वातावरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** फाल्गुन माह की महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कांवड़ यात्रा पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ जारी है। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौट रहे हजारों शिवभक्त स्वयंभू मोटा महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

'हर हर महादेव' और 'बम बम भोले' के गगनभेदी जयकारों से पूरा इलाका गुंजायमान है। भगवा वस्त्र धारण किए कांवड़िए कंधों पर कांवड़ लेकर आगे बढ़ते नजर आ रहे हैं। कांवड़ की घंटियों की मधुर ध्वनि और शिवभक्तों के जयकारों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। पूरा मार्ग शिवमय दिखाई दे रहा है। यात्रा को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मंडावली पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार स्वयं यात्रा की निगरानी में जुटे हैं और लगातार पुलिस बल के साथ व्यवस्था संभाल रहे हैं। क्षेत्राधिकारी (सीओ) नितेश कुमार ने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिगत प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। यात्रा मार्ग और मंदिर परिसर की 24 घंटे निगरानी की जा रही है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके।

यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए कांवड़ यात्रा मार्ग पर डायवर्जन लागू किया गया है। भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है और वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। स्वयंभू मोटा महादेव सिद्धपीठ सहित अन्य प्रमुख स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात है। प्रशासन श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए लगातार व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहा है। इस वर्ष यात्रा में युवाओं के साथ-साथ महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। मंगलवार को नजीबाबाद और चांदपुर से भी कांवड़ियों की टोलियां गुजरती देखी गई। रास्ते भर स्थानीय लोग पुष्पवर्षा और स्वागत कर शिवभक्तों का उत्साह बढ़ा रहे हैं। हरिद्वार से गंगा. जल लेकर लौट रहे श्रद्धालुओं के लिए हर वर्ष की तरह इस बार भी भंडारे की विशेष व्यवस्था की गई है। बुलंदशहर के जहांगीराबाद निवासी श्रद्धालु सियाराम सिंह, सतपाल वालियान, दयानन्द लोधी, कलवा, जगन्न सिंह, रूपचंद, अजय, डॉ. सतीश, ओमपाल और पूरन पिछले 27 वर्षों से सेवा भाव से भंडारा आयोजित कर रहे हैं। इस वर्ष भी आठ फरवरी से भंडारा निरंतर चल रहा है। जहां श्रद्धालुओं को भोजन और विश्राम की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। महा. शिवरात्रि के अवसर पर क्षेत्र पूरी तरह आस्था, उत्साह और भक्ति के रंग में रंगा नजर आ रहा है।

## एक नजर

### इलेक्ट्रॉनिक तौलनपटों का आकस्मिक निरीक्षण



**अफजलगढ़।** नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में कल दोपहर द्वारिकेश शुगर मिल बहादरपुर के मिल गेट पर स्थापित विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक तौलनपटों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण विधिक माप विज्ञान विभाग की मोबाइल वेब्रिज टेस्टिंग वैन के माध्यम से संपन्न हुआ। निरीक्षण के दौरान विधिक माप विज्ञान अधिकारी प्रशांत त्रिपाठी, सचिव गन्ना समिति साहब सिंह सत्यार्थी उपस्थित रहे। जांच के अंतर्गत तौलनपटों का परीक्षण विधिक माप विज्ञान अधिनियम एवं नियमों के तहत निर्धारित मानक बाटों द्वारा किया गया, जिसमें तौलनपट निर्धारित मानक सीमाओं के अनुरूप शुद्ध वजन प्रदर्शित करते पाए गए। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि गन्ना किसानों के हितों के दृष्टिगत एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भविष्य में भी इस प्रकार की संयुक्त एवं क्रॉस जांच निरंतर समय-समय पर की जाती रहेगी। निरीक्षण के दौरान मिल गेट पर अनेक कृषक बंधु, मुख्य महाप्रबंधक गन्ना उमेश कुमार सिंह, लवकुश सिंह, अनिल कुमार सिंह, कुंदन सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मिस फेयरवेल इशिका व मिस्टर फेयरवेल देव रहे



**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल नजीबाबाद रोड कोतवाली देहात में फेयरवेल पार्टी का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि चेयरपर्सन श्रीमती मीना सिंह ने फीता काटकर किया। इसके पश्चात प्रधानाचार्य अजय कुमार, उपप्रधानाचार्या शालिनी चौहान, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम व सतेंद्र कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलन हुआ। विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किये। इसके बाद रैंप वॉक, म्यूजिकल चेयर, हरियाणवी डांस, बॉयज मैशअप शक्तिमान स्टाइल डांस किया। मिस फेयरवेल ईशिका गंगवाल और मिस्टर फेयरवेल देव कुमार रहे। मिस्टर पर्सनालिटी अलतामश मिस पर्सनालिटी पावनी रहे। मिस्टर हैंडसम मोहम्मद हादी मिस ब्यूटीफुल वंशिका कुमारी रही। विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती मीना सिंह ने सभी बच्चों को अपना आशीर्वाद व स्नेह दिया। छात्र अदीब शमशी ने अपने गीत से सभी को भावुक कर लिया। कार्यक्रम का आयोजन बहुत धूमधाम से किया गया। अंत में सभी विजेता छात्र एवं छात्रों को क्राउन व सैशे से पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रितु, नौशाद, बालेश कुमार, कृष कुमार, मंतोष कुमार का विशेष योगदान रहा। अंत में प्रधानाचार्य ने बच्चों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और कार्य का समापन हुआ।

### अवैध मिट्टी खनन की ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी




**हल्दौर।** कूकड़ा चुंगी के समीप कुछ लोगों द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से अवैध रूप से मिट्टी खनन किए जाने की सूचना राजस्व विभाग को मिली थी। सूचना मिलते ही लेखपाल चंद्रप्रकाश पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम को देखकर ट्रैक्टर चालक मौके से भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर तीनों वाहनों को पकड़ लिया। जांच के दौरान ट्रैक्टर चालकों से मिट्टी खनन एवं परिवहन से संबंधित वैध प्रपत्र और अनुमति पत्र प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वे कोई भी अधिकृत दस्तावेज नहीं दिखा सके। इसके बाद पुलिस ने एक नाबा. लिग किशोर सहित संबंधित लोगों को हिरासत में ले लिया। लेखपाल की तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को सीज कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई जारी रहेगी

# सीओ डॉ. अंजनी चतुर्वेदी ने कांवड़ियों की सुरक्षा को बताया पुलिस की प्राथमिकता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। कांवड़ मार्गों पर लगातार पुलिस अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है।

नगर के विभिन्न मार्गों से कांवड़िए गुजर रहे हैं। जिसको लेकर पुलिस तैनात है। साथ ही सड़कों से अतिक्रमण के रुप में खड़े होने वाले ठेलों को भी हटवा दिया गया है। इसके अलावा मंदिर व अन्य धार्मिक स्थलों के आसपास भी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

फाल्गुन कांवड़ यात्रा के चलते बुधवार को सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारियों ने सड़क पर डेरा डाल दिया है। नगर व देहात क्षेत्रों की सड़कों पर कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए अधिकारियों द्वारा निरीक्षण करते हुए खामियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि कांवड़ मार्गों पर कोई खामी नहीं मिली है। कांवड़ मार्गों पर सुरक्षा की दृष्टि से गड्ढे भर दिए गए हैं। इसके अलावा सड़क किनारे खुली हुई मांस की दुकानों को भी बंद करवा दिया गया है। वहीं बुधवार को उन्होंने कोतवाली प्रभारी और संबंधित चौकी इंचार्जो के साथ सड़कों पर सुरक्षा की जांच पड़ताल की। उन्होंने नगर के बढ़ापुर रोड, बुंदकी रोड, विश्नोई सराय, रामलीला मार्ग, मेन बाजार, जामा मस्जिद मार्केट, पहाड़ी दरवाजा, सर्राफा बाजार आदि स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था की जांच की। साथ ही नगर के विभिन्न मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों पर विशेष निगाह रखी जा रही है। इन स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से सादी वर्दी में भी पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं सेंट मैरी तिराहे पर कांवड़ियों के सैलाब को लेकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी गई है। इसके अलावा खुफिया विभाग की टीमें भी बाजार व भीड़भाड़ वाले स्थानों की जांच पड़ताल कर रही हैं।

सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि कांवड़ की सुरक्षा को पुलिस एक चुनौती मान रही है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिसकर्मियों को सख्त हिदायत दी गई है। वहीं लोगों से भी अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है।

# रामपुर अधिवक्ता हत्याकांड के विरोध में पीली कोठी चौराहे पर अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर लगाया जाम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** रामपुर में अधिवक्ता फारुख अहमद खां की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या किए जाने के विरोध में गुरुवार को मुरादाबाद के अधिवक्ता सड़कों पर उतर आए। बार एसोसिएशन के आहवान पर वकीलों ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया और कचहरी परिसर से जुलूस निकालते हुए पीलीकोठी चौराहे पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया, जिससे यातायात प्रभावित हो गया।प्रदर्शन के दौरान "अधिवक्ता एकता जिंदाबाद" के नारे लगाए गए। स्थिति को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिवक्ताओं ने एडीएम सिटी को ज्ञापन सौंपकर मृतक अधिवक्ता के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।इससे पूर्व दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के सभागार में शोकसभा आयोजित की गई, जिसमें दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत अधिवक्ता को श्रद्धांजलि दी गई। सभा का संचालन महासचिव कपिल गुप्ता ने किया तथा अध्यक्षता आनंद मोहन गुप्ता ने की। वक्ताओं ने अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग उठाई और सरकार पर सुरक्षा को लेकर लापरवाही का आरोप लगाया।बार पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उच्चस्तरीय जांच कर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन में जितेंद्र प्रताप सिंह (जेपी), आवरण अग्रवाल श्रेष्ठ, अभिषेक भटनागर, अंजार हुसैन, पुनीत चौहान, विजेंद्र राज सिंह, सुनील सक्सेना, त्रिलोक चंद्र दिवाकर और राजेश दयाल, शमीम सैफी, नासिर अली, मौ. सालिम, अनुज शर्मा, मुकेश वर्मा, विपिन प्रजापति सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।





## रामपुर में अधिवक्ता की हत्या पर भड़के तहसील के वकील

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिलारी।** रामपुर में अधिवक्ता की हत्या को लेकर तहसील के वकीलों में भारी रोष है। बृहस्पतिवार को तहसील बार एसोसिएशन की आपात बैठक अध्यक्ष चौधरी विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुलाई गई इसमें सभी वकीलों ने कहा कि वकील दिनों दिन असुरक्षित होते जा रहे हैं जो चिंता की बात है इसको लेकर सरकार को गंभीरता से कदम उठाकर अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करना चाहिए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। वक्ताओं ने कहा वकीलों पर जहां तहां रोजाना हमले हो रहे हैं। बैठक में हत्याकांड के विरोध में तहसील परिसर में स्थित सभी न्यायालयों में न्यायिक कार्य नहीं करने का निर्णय लिया गया बैठक में दो मिनट का मौन रख मृतक के प्रति शांति के लिए प्रार्थना भी की गई। बैठक में रामकुमार सिंह यादव, अजय पाल सिंह, सुनील कुमार,जबर सिंह, आफाक हुसैन, नवाब हुसैन, अनवार हुसैन, अनोद कुमार,मोहित कुमार,भगवान शरण माथुर, तेज प्रताप सिंह चौहान, चौधरी विजयवीर सिंह आदि शामिल रहे।

# पंचायत भवन में यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर बैठक हुई आयोजित, 18 फरवरी से शुरू होंगी परीक्षाएं

**मुरादाबाद।** आगामी बोर्ड परीक्षाओं को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को पंचायत भवन सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे ने की। बैठक में परीक्षा संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जनपद में इस वर्ष 112 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 18 फरवरी से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा में कुल 75,760 छात्र-छात्राएं सम्मिलित होंगे। परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए स्ट्रेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापकों को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।बैठक में परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, नकल विहीन परीक्षा तथा समयबद्ध संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सभी व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने पर जोर दिया।



## सेना व रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने त्रिशूल डिफेंस म्यूजियम' का किया निरीक्षण

**मुरादाबाद।** नगर निगम द्वारा निर्मित 'त्रिशूल डिफेंस म्यूजियम' का रक्षा मंत्रालय और भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को सेना के उच्च अधिकारियों की एक टीम ने संग्रहालय पहुंचकर निर्माण कार्य, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा प्रदर्शित की जाने वाली सैन्य सामग्री की तैयारियों का गहन जायजा लिया।अधिकारियों ने संग्रहालय भवन की संरचना, गैलरियों की व्यवस्था, तकनीकी इंस्टॉलेशन और सुरक्षा मानकों की समीक्षा की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए, ताकि संग्रहालय को उच्च गुणवत्ता और राष्ट्रीय स्तर की अपेक्षाओं के अनुरूप तैयार किया जा सके।इससे पूर्व भी रक्षा मंत्रालय, भारतीय सेना तथा डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन) के अधिकारी कई बार निरीक्षण कर चुके हैं। अधिकारियों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि संग्रहालय में प्रदर्शित सैन्य उपकरण, मिसाइल मॉडल और रक्षा तकनीक से जुड़ी जानकारियां प्रामाणिक और आकर्षक ढंग से प्रस्तुत हों। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार 'त्रिशूल डिफेंस म्यूजियम' युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करने और उन्हें रक्षा क्षेत्र की उपलब्धियों से अवगत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## प्रजापिता ब्रह्मा कुमारीज ने धूमधाम से मनाया 90 वां शिव जयंती महोत्सव, नगर में निकाली भव्य शोभायात्रा

**बिलारी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र बिलारी द्वारा 90 वीं शिव जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर में एक भव्य और दिव्य शोभा यात्रा निकालकर नगर वासियों को शिव बाबा का संदेश दिया गया। शोभा यात्रा का शुभारंभ नगर मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन ने शिव बाबा का ध्वज दिखाकर किया, उसमें अनेक बी के भाई बहन हाथों में सदवाक्य लिखे पोस्टर तख्तियां और पताकाएं लिए थे। इससे पहले आश्रम में कार्यक्रम हुआ जिसका शुभारंभ एसडीएम विनय कुमार सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू चौधरी और नगर मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन ने शिवलिंग पर माला समर्पित करके किया, केक भी काटा गया। नम्रता नामक बालिका ने शिव बाबा के गीत पर ब्रह्म नृत्य की प्रस्तुति दी। बी के अनीता ने सभी को शिवरात्रि की शुभकामना देते हुए शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताया। इसके उपरांत अतिथियों ने आश्रम के मुख्य द्वार पर ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में रघुनाथ सिंह, महेश पाल सिंह, रनवीर सिंह, राजवीर सिंह यादव, राजेंद्र सिंह,ओमवीर सिंह,देवेंद्र गांधी, पान सिंह चौहान,रामकुमार यादव, अनिल कुमार, शिव औतार,रामेश्वर, योगेंद्र सिंह, मोहर सिंह,रामकिशोर, जगपाल, योगी कुमार प्रदीप, हरपाल सिंह, सरस्वती मोर्य, शांति देवी, नेमवती, नीशू गौड़, रेनू मौर्य,किरन, सुभाषिनी वर्मा, संतोष, फूलवती, कैलाशो, रामप्यारी आदि शामिल रहे। शोभायात्रा के शाहाबाद रोड पहुंचने पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन के नेतृत्व में शोभायात्रा पर पुष्प बरसाकर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान, भी रहे।

शोभायात्रा आश्रम से चलकर पुरानी तहसील, शाहबाद रोड, सरिया फैक्ट्री से शक्ति नगर, शांतिपुरम होती हुई महाराणा प्रताप चौक, कोतवाली, ओम विहार कॉलोनी, स्टेशन रोड, मानवता गली, साहू कुंज डॉक्टर भारद्वाज वाली गली से गांधी मूर्ति चौराहा, हर्ष नगर वाल्मीकि बस्ती, शंकर भवन, नागों वाले मंदिर से रैली चौक सराफा बाजार गांधी आश्रम होली चौक होती हुई ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर जाकर समाप्त हुई।

# टीएमयू की अब अफ्रीका महाद्वीप की सर्वोच्च चोटी किलिमंजारो पर दस्तक

**मुरादाबाद।** कहते हैं, अगर हौसला बुलंद हो तो कठोर से कठोर लक्ष्य भी आसान होता है। यह कथन जाने-माने पर्वतारोही एवम् पेशे से शिक्षक श्री मनोज कुमार पर सटीक उतरता है। इस पर्वतारोही ने गणतंत्र दिवस पर अफ्रीका महाद्वीप की सर्वोच्च चोटी माउंट किलिमंजारो को फतह कर लिया। यह

विशेषकर तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी परिवार के लिए अविस्मरणीय पल रहे, क्योंकि माउंटेनियर मनोज ने तिरंगे के संग-संग टीएमयू का बैनर भी इस सर्वोच्च चोटी पर लहराया।माउंट किलिमंजारो पर भी टीएमयू की दस्तक से गदगद कुलाधिपति श्री सुरेश जैन कहते हैं, सामाजिक सरोकारों के प्रति हमारी अगाध आस्था है। जीवीसी श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन कहते हैं, यह बड़ी उपलब्धि इतिहास में दर्ज हो गई है। यह कहें तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की वित्तीय मदद ने माउंटेनियर मनोज कुमार के सपनों में रंग भर दिया है। उल्लेखनीय है, लेफ्टिनेंट कर्नल पूजा नौटियाल भी सामाजिक सरोकार के तहत टीएमयू की आर्थिक मदद से 20 मई 2025 को विश्व की सर्वोच्च चोटी- माउंट एवरेस्ट फतह कर चुकी हैं। महंत श्री गुरविंदर सिंह के संग पर्वतारोही श्री मनोज कुमार का यूनिवर्सिटी कैंपस आगमन हुआ, जहां उन्होंने इस उपलब्धि की फोटो कुलाधिपति श्री सुरेश जैन और जीवीसी श्री मनीष जैन को भेंट की। कुलाधिपति ने भी पर्वतारोही को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।



अपनी इस चुनौतीपूर्ण यात्रा का जिक्र करते हुए पर्वतारोही श्री मनोज कुमार बताते हैं, 21 जनवरी को तंजानिया के मोशी शहर पहुंचे, जहां किलिमंजारो के नेशनल पार्क से अपने अभियान का श्रीगणेश किया। छठे दिन यानी 26 जनवरी को प्रातः 09 बजे जैसे ही उन्होंने अफ्रीका महाद्वीप की सर्वोच्च चोटी माउंट किलिमंजारो को स्पर्श किया तो दिल आस्था से भर गया। उन्होंने बिना समय गंवाए तिरंगे के संग टीएमयू का बैनर लहरा दिया। पर्वतारोही श्री मनोज कुमार के नाम पहले से ही अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय उपलब्धियां दर्ज हैं। 2025 में रूस की माउंट चेंगेट और यूरोप महाद्वीप की सर्वोच्च चोटी माउंट एल्ब्रूस को फतह किया।

2024 में हिमाचल प्रदेश की बुनम चोटी, कांग वात्शे-2 और कांग वात्शे-1 की सफलता भी उनकी झोली में है। एक पखवाड़े में इन तीन प्रमुख चोटियों पर तिरंगा फहराने का जुनून उन्हें खघस बनाता है। उल्लेखनीय है, मनोज कुमार शहीद पर्वतारोही श्री रवि कुमार के भाई हैं। माउंटेनियर श्री रवि कुमार ने 20 मई 2017 माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराकर भारत का गौरव बढ़ाया था, लेकिन लौटते समय खराब मौसम के चलते वे शहीद हो गए थे।

# खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को किए गए प्रमाण पत्र वितरित

**ठाकुरद्वारा।** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर चल रहे दो दिवसीय मीना मंच पावर एंजेल एवं जेंडर एक्टिविटी पर आधारित कार्यशाला का गुरूवार का समापन हुआ। समापन सत्र के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बॉस रहे । सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर कार्यशाला का विधिवत समापन किया गया । इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बॉस ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में मीना मंच के सशक्त गठन किया जाए कक्षा 6, 7, 8 से 11 छात्र को पावर एंजेल के रूप में चयनित किया जाए । जिससे साहस नि डरता और प्रभावशाली व्यक्तित्व कौशल का विकास किया जा सके। नवनीत कुमार बिश्नोई संदर्भ दाता ने विद्यालय के टूल 10 भरने में आ रही समस्या उनके निराकरण के उपायों पर मार्गदर्शन करते हुए कहा कि सुगमकर्ता अपने-अपने विद्यालय में लौटकर मीना मंच के प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए टूल्स का प्रशिक्षण दो अन्य अध्यापकों को भी दें ताकि यह पहला स्थाई रूप से विद्यालय में प्रभावी रूप से लागू हो सके। ब्लॉक स्तरीय संदर्भ दाता जितेंद्र कुमार ने अपने सत्र में सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की और बच्चों को उनसे सुरक्षित रखने के उपाय बता कर बालिका शिक्षा , पॉस्को एक्ट एवं बाल संरक्षण आयोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की जिससे उपस्थित शिक्षकों में बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता और दृढ़ता का भाव उत्पन्न हुआ। कार्यशाला के समापन में खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बॉस ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर मीना मंच के उद्देश्यों को विद्यालयों में अप्लाई करने पर बल दिया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वह जेंडर एक्टिविटी बाल अधिकारों सुरक्षा एवं सामाजिक समानता के मूल्यों को अपने विद्यालय में व्यावहारिक रूप से लागू करेंगे।



इस दौरान शिक्षिक सोनिया चौहान शिखा गुप्ता नाजिया करीम पारुल गहलोत हर्ष कुमार रश्मि गुप्ता रश्मि चौहान प्रमिला पंकज सुमित चौहान राजेश कुमार जितेंद्र कुमार डीके मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# सत्यार्थ प्रकाश असत्य पर सत्य की विजय का द्योतक है: आचार्य कुंवरपाल शास्त्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** आर्य समाज चाऊ की बस्ती, लाइनपार की मे दो दिवसीय महर्षि दयानंद सरस्वती का जन्मदिन आयोजन प्रारंभ हुआ। जिसका प्रारंभ आर्य पुरोहित पं लालकिशौर शास्त्री ने अशोक आर्य -नीरज आर्य, निर्मल आर्य -प्रीता आर्य की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराके किया। तत्पश्चात आर्य विदुषी शुलभा शास्त्री ने ईश्वरीय भक्ति और महर्षि दयानंद सरस्वती से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत किये।

आर्य विद्वान आचार्य कुंवर पाल शास्त्री ने बताया कि विश्व में वैदिक संस्कृति का बड़ा महत्व है। महाभारत काल से पूर्व तक भारत की सीमाएं बहुत विस्तृत थी और ऋषि मुनि और राजा वेद आधारित सिद्धांतो और मर्यादाओं के पालन करते थे। हाभारत में वैदिक ज्ञान, शक्ति और यश की बड़ी हानि हुई , परिणाम हुआ कि धर्म शास्त्रों का स्थान व्यक्तिगत पुस्तकों ने ले लिया और शास्त्रो के नाम पर असत्य परक ज्ञान प्रसारित होने लगा और परहित की जगह स्वहित का प्रभाव बढने लगा। ऐसे समय में मथुरा मे प्रज्ञाचक्षु विरजानंद स्वामी की कुटिया से गुरू की आज्ञा पालक महर्षि दयानंद सरस्वती निकला जिसने आजीविन गुरु को दिये वचन का पालन करते हुए वेद आधारित ऋषि मुनियो के वैदिक सिद्धांतों और मान्यताओं का पुनः प्रतिपादन करते हुए वेद की रक्षा हेतु 1875मे आर्य समाज की स्थापना की। महर्षि दयानंद सरस्वती ने ऋषि मुनियो की संस्कृति और वैदिक ज्ञान के विरुद्ध ज्ञान प्रसारित करने वाली 300 से अधिक पुस्तकों का अध्ययन किया जो मानवता, धर्म और सत्य के नाम झूंठ प्रसारित करके धर्म और संस्कृति को बहुत हानि पहुंचा रही थी के विरूद्ध सत्यार्थ प्रकाश लिखकर सत्यता को सामने रखा जिसके विरोध में कुछ मजहबी संस्थाओं ने तत्समय अनेक उच्च न्यायालयों में याचिकाएं दायर की लेकिन उनकी पुस्तकें अस्तित्वहीन होने के कारण याचिकाएं निरस्त हुई। महर्षि दयानंद सरस्वती का सत्यार्थ प्रकाश असत्य पर सत्य की विजय का द्योतक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा अभय श्रोत्रिय ने की और संचालन साहित्यकार रामसिंह निशंक ने किया। कार्यक्रम में एस एस यादव, ऋषिपाल सिंह ज्ञानेंद्र गांधी, आशा जैमिनी,रमेश सिंह आर्य आर्य वेद मुनि, शन्नो आर्य, यशपाल आर्य मंजू, शोभा,क्षमा कोमल ,इंदू,रेखा,पूजा, कविता माधवी गायत्री,ज्वाला, अरविंद कुमार, मथुरा प्रसाद आर्य विजय कौशिक देवेंद्र चौधरी,आशा यादव सोनू हलवाई आदि उपस्थित रहे।



## एक नजर

### श्रीमद् भागवत कथा में गोवर्धन पूजा के प्रसंग पर खूब लगे जयकारे

**बिलारी।** श्री चामुंडा गमादेवत के तत्वाधान में सहसपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस श्रद्धा और भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला। कथा व्यास पूज्य दीपक उपाध्याय व्यास जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण एवं विस्तारपूर्वक वर्णन किया। पंचम दिवस की कथा में पूज्य व्यास जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं, माखन चोरी, पूतना उद्धार तथा गोवर्धन लीला का विशेष रूप से वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र के अहंकार का नाश किया और भक्तों की रक्षा की। उन्होंने श्रद्धालुओं को अहंकार त्याग कर भक्ति और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कथा के दौरान गोवर्धन पूजा का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें गिरिराज जी को छप्पन भोग अर्पित किए गए। गोवर्धन पूजा के अवसर पर पूरा पंडाल भजन-कीर्तन और जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से गिरिराज महाराज की पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कथा स्थल पर भक्ति संगीत से वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं में भावविभोर होकर झूमते नजर आए। अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण हुआ। मुख्य यजमान. लता सरीन विष्णु सहाय सरीन, यजमान. भूपेंद्र श्रोत्रिय. संगीता श्रोत्रिय, मुख्य अतिथि मुन्ना श्रोत्रिय, सती शर्मा, सुधाकर शर्मा. दिवाकर शर्मा. चौधरी महेंद्र सिंह, प्रदीप शर्मा. संजू गुप्ता. सुरेश पाल आदि रहे।



### नोटिस पर तहसील आने वालों की भीड़ बरकरार, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने को दिखाई दे रही रुचि



**कांठ( शाह टाइम्स )** एस आई आर के दौरान मतदाताओं को जारी किए गए नोटिस का जवाब देने आने वालों की तहसील में भीड़ बरकरार है लोगों में मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने की रुचि भी दिखाई दे रही है बतादे की एसआईआर के दौरान 2003 की लिस्ट में नाम होने ना होने वाले मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए थे जिन्हें तहसील के अलग-अलग कार्यालय में अलग-अलग तारीख पर बुलाया गया लेकिन अभी तक भी लोगों की भीड़ कम नहीं हुई है आज भी नोटिस का जवाब देने आए लोगों की काफी भीड़ तहसील में लगी रही और मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए भी महिला और पुरुषों में रुचि दिखाई दी।

### महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक हेतु भरतावाला से रवाना हुए 110 कांवरिए, भक्ति भाव से गूंजा क्षेत्र

**ठाकुरद्वारा।** महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर ग्राम भरतावाला से भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों का एक विशाल जत्था गहरी आस्था और श्रद्धा के साथ हरिद्वार के लिए रवाना हुआ। 9 फरवरी को निकला यह कांवरिया दल 11 फरवरी को मोक्षदायिनी मां गंगा का पवित्र जल लेकर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान कर चुका है। बताया गया कि भरतावाला से लगभग 110 कांवरिए गंगाजल लेकर पैदल यात्रा करते हुए 15 फरवरी, महाशिवरात्रि के दिन काशीपुर स्थित प्रसिद्ध मोटेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग का जलाभिषेक करेंगे। यात्रा के दौरान पूरा वातावरण "हर-हर महादेव" और "बम-बम भोले" के जयघोष से भक्तिमय बना रहा। शिवभक्तों ने बताया कि मोटेश्वर महादेव मंदिर के प्रति भरतावाला के श्रद्धालुओं की विशेष आस्था है और वर्षों से यहां जलाभिषेक की परंपरा चली आ रही है। एक श्रद्धालु ने बताया कि यह उनकी 24वीं कांवड़ यात्रा है, जो भगवान शिव की कृपा और विश्वास का प्रतीक है। हरिद्वार से गंगाजल लाने वाले श्रद्धालुओं में डॉ. ओमपाल सिंह सैनी, राजबाला सैनी, प्रवेश कुमारी, बबीता देवी, विमला देवी, इमरती देवी, राखी कुमारी, अंशु कुमारी, गीता कुमारी, रामदुलारी, लोकेश कुमार, राकेश कुमार, विष्णु कुमार, मोनू कुमार, कृष्ण सैनी, ओमेंद्र सैनी, विमल सैनी, ललित कुमार, जोगिंदर सिंह सैनी, हेमराज सैनी, जयवीर सिंह सैनी, सोनू सैनी, महेश सैनी, धर्म सिंह सैनी, महेंद्र सिंह सैनी सहित अन्य अनेक शिवभक्त शामिल हैं। श्रद्धालुओं की इस पदयात्रा में अनुशासन, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। ग्रामीणों ने जगह-जगह कांवरियों का स्वागत कर उनके लिए जलपान की व्यवस्था की। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर होने वाला यह जलाभिषेक क्षेत्र में धर्म, आस्था और परंपरा की सशक्त अभिव्यक्ति माना जा रहा है।

### सड़क सुरक्षा को लेकर एनएसएस की जागरूकता रैली, ग्रामीणों को बताए यातायात नियम

**ठाकुरद्वारा।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की इकाइयों द्वारा गुरुवार को "सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा" कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति सचेत रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सुखदेई स्मारक महाविद्यालय, रतुपुरा में आयोजित बैठक से हुई, जिसमें एनएसएस की दोनों इकाइयों के स्वयंसेवक एकत्र हुए। बैठक में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई और उनके कारणों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि अधिकांश हादसे लापरवाही, यातायात नियमों की अनदेखी और जागरूकता के अभाव में होते हैं, जिन्हें जन-जागरूकता के माध्यम से कम किया जा सकता है। रैली के दौरान ग्रामीणों को हेलमेट का उपयोग, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा यातायात संकेतों का सम्मान करने के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने नारे लगाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर दीपा, अंजलि, चांदनी, अनवेशा, मोहनी, सुहानी सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना तथा लोगों में सुरक्षित यातायात व्यवहार की भावना विकसित करना रहा।





## संक्षिप्त खेल समाचार

### देव-सिन्हा भारतीय टीम को लीड करेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के डेन स्वीनी और जापान के सेइता वतनबे दिल्ली ओपन 2026 में एक कॉम्पिटिटिव डबल्स फील्ड में हेडलाइन करेंगे, जो 16 से 22 फरवरी तक डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में होगा। एटीपी चैलेंजर इवेंट में जाने-माने डबल्स स्पेशलिस्ट और सिगल्स प्लेयर्स का एक मजबूत मिक्स है, जो ड्रॉ में गहराई और रोमांच जोड़ता है। स्वीनी और वतनबे फील्ड में ऑप-रैंक वाली जोड़ी के रूप में एंट्री करते हैं, जिनकी कंबाइंड टीम रैंकिग 265 है। वतनबे, जो डबल्स में 127 रैंक पर हैं, स्वीनी के साथ मिलकर काम करते हैं, जो सिगल्स में 138 पर हैं, जो टूर्नामेंट में सबसे मजबूत कॉम्बिनेशन में से एक है। भारतीय चुनौती का नेतृत्व एस डी प्रज्ज्वल देव व नितिन कुमार सिन्हा करेंगे, जो मेन ड्रॉ में सबसे ऊंची रैंक वाली ऑल-इंडियन जोड़ी हैं। देव (219) व सिन्हा (243) एक अनुभवी इंटरनेशनल फील्ड के खिलाफ जाने-पहचाने घरेलू हालात का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

### इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट की महिला टीम ने जीता खिताब

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस ने गत विजेता दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना को कांटे के संघर्ष में सडनडेथ में 8-7 से पराजित कर 12वें पद्मश्री श्याम लाल मेमो. रियल हॉकी टूर्नामेंट में महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। विज. ता टीम की खिलाडी यशस्वी ने प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड प्राप्त किया। श्याम लाल कॉलेज के मैदान पर खेले गए फाइनल में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस (आईजीआईपीईएसएस) और दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना के बीच निर्धारित समय में मुक. ाबला 2-2 से बराबरी पर रहा था। इसके बाद टाईब्रेकर में भी दोनों टीमों ने पांच-पांच गोल कर दिए और स्कोर 7-7 हो गया।

### बेंगलुरु आईटीएफ महिला टूर्नामेंट की मेजबानी को तैयार

**बेंगलुरु, वार्ता।** नीदरलैंड्स पर डेविस कप में भारत की रोमांचक जीत के कुछ दिनों बाद, बेंगलुरु एक और मशहूर इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट - केप. ीबी ट्रस्ट आईटीएफ महिला ओपन 100 बेंगलुरु 2026 के चौथे एडिशन को होस्ट करने के लिए तैयार है। यह टूर्नामेंट, जो भारत का सबसे बड़ा आईटीएफ महिला टेनिस टूर्नामेंट है, जो 15-22 फरवरी तक बेंगलुरु के एस-एम- कृष्णा टेनिस स्टेडियम में होगा। आईटीएफ महिला 100 कैटेगरी में डब्ल्यूटीए रैंकिग पॉइंट्स मिलते हैं और यह आईटीएफ और डब्ल्यूटीए टूर्स के बीच एक ब्रिज का काम करता है। इस इवेंट में 32-प्लेयर सिगल्स मेन ड्रॉ, 32-प्लेयर क्वालिफाइंग ड्रॉ और 16-टीम डबल्स ड्रॉ शामिल हैं, जिसका मेन ड्रॉ 17 फरवरी से शुरू होगा। भारत की ऑप रैंक वाली महिला खिलाड़ी सहजा , देश की ऑप रैंक वाली जूनियर खिलाड़ी से होगा।

# जिम्बाब्वे की नजरें उलटफेर करने पर

**● जिम्बाब्वे का मुकाबला टूर्नामेंट की फेवरेट टीम ऑस्ट्रेलिया से होगा, ऑस्ट्रेलिया इस मुकाबले में जीत की जबरदस्त संभावना व दुनिया भर में दबदबे के साथ उतरेंगा**



**कोलंबो, वार्ता।** ग्रुप बी में सबकी नजरें अब क्लासिक डेविड बनाम गोलियथ मुकाबले पर टिकी हैं, जब शुक्रवार को यहां आर- प्रेमदासा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में जिम्बाब्वे का मुकाबला टूर्नामेंट की फेवरेट टीम ऑस्ट्रेलिया से होगा।

ऑस्ट्रेलिया इस मुकाबले में जीत की जबरदस्त संभावना और दुनिया भर में दबदबे के साथ उतर रहा है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या जिम्बाब्वे इस एडिशन का पहला बड़ा उलटफेर कर सकता है? सिकंदर रजा की टीम ने चुपचाप मोमेंटम बना लिया है। ओमान पर उनकी आठ विकेट की बड़ी जीत ने गेंद से डिसिप्लिन और बल्ले से धैर्य दिखाया। लेकिन शुक्रवार का मुकाबला एक बिल्कुल अलग चुनौती पेश करता है। ऑस्ट्रेलियाई टीम का सामना करना जिसमें पावर-हिटर्स, अच्छे ऑलराउंडर्स और कोलंबो के हालात के हिसाब से एक मजबूत स्पिन अटैक है। जिम्बाब्वे की उम्मीदें निडर रवैए पर टिकी होंगी। ब्रायन बेनेट, जिन्होंने पिछले गेम में 48 रन बनाए, पिछले साल उनके सबसे लगातार परफॉर्मर रहे हैं और ऑप पर अहम होंगे। अगर बेनेट और तदीवानाशे मारुमानी नई गेंद को संभालकर एक मजबूत प्लेटफॉर्म तैयार कर पाते हैं, तो ब्रेंडन टेलर, रजा और रयान बर्ल की अनुभवी तिकड़ी बीच के ओवरों में स्कोरिग को आगे बढ़ा सकती है। असली मौका गेंद के साथ हो सकता है। ब्लेसिग मुजराबानी और रिचर्ड नगारवा ने अपने पिछले मैच में छह विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया था। एक ऐसी सतह पर जिससे शुरू में स्विग और बाद में टर्न मिलने की उम्मीद है, जिम्बाब्वे का पेस-स्पिन कॉम्बिनेशन ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक ऑप ऑर्डर की परीक्षा ले सकता है। आयरलैंड के खिलाफ थोड़ी कमजोरी दिखाने वाले मिडिल ऑर्डर को बेनकाब करने के लिए शुरुआती ब्रेकथ्रू जरूरी होंगे। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया अभी भी मजबूत है। कप्तान ट्रैविस हेड लीडर के तौर पर पहली जीत हासिल करने के बाद आगे से लीड करने के लिए बेताब होंगे। जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस और कैमरन ग्रीन की मौजूदगी पूर्व चैंपियन को ऐसी गहराई देती है जिसका मुकाबला कुछ ही टीमें कर सकती हैं। एडम जम्पा और मैथ्यू कुहनेमन की उनकी स्पिन जोड़ी भी कोलंबो की धीमी होती पिच का फायदा उठा सकती है। प्रेमदासा की पिच ने हमेशा लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों को फायदा पहुंचाया है, पिछले दस में से आठ मैच बाद में बैटिग करने वाली टीम ने जीते हैं। मैच के दिन बादल छाए रहने का अनुमान है, जिससे गेंदबाजों को शुरुआत में और मदद मिल सकती है, जिससे मुकाबले में एक और अप्रत्याशित बात जुड़ जाएगी। जिम्बाब्वे के लिए, यह सिर्फ ग्रुप-स्टेज का मैच नहीं है। यह सोच को बदलने और खुद को सिर्फ हिस्सा लेने वाले के बजाय असली दावेदार के तौर पर पेश करने का मौका है। उलटफेर टी-20 वर्ल्ड कप की धड़कन रहे हैं, और सबसे छोटे फॉर्मेट में लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं होती। कागज पर ऑस्ट्रेलिया शायद बहुत ज्यादा पसंदीदा हो, लेकिन अगर जिम्बाब्वे खास मौकों का फायदा उठाता है।

# आचार संहिता तोड़ने पर अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी पर जुर्माना

**दुबई, वार्ता।** अफगानिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी पर टी-20 विश्व कप 2026 ग्रुप डी के मैच में दक्षिण अफीका के खिलाफ आईसीसी अचार संहिता के लेवल 1 को तोड़ने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।



इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के मुताबिक, नबी को कोड के आर्टिकल 2-4 को तोड़ने का दोषी पाया गया, जो इंटरनेशनल मैच के दौरान अंपायर के निर्देश को न मानने से जुड़ा है। यह घटना अफगानिस्तान की पारी के 14वें ओवर की शुरुआत में हुई, जब नबी दक्षिण अफीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी के रिस्टबैंड को लेकर मैदानी अंपायरों से बात कर रहे थे। लेवल 1 के उल्लंघन पर कम से कम ऑफिशियल फटकार और ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी की मैच फीस का 50 परसेंट जुर्माना हो सकता है। मैच का अंत बहुत ही नाटकीय तरीके से हुआ, जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने दो सुपर ओवर के बाद रोमांचक जीत हासिल की। खास बात यह है कि मोहम्मद नबी ने 150 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं, और इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ियों के एलीट ग्रुप में शामिल हो गए हैं।

# स्टर्लिंग के स्कैन की रिपोर्टों का इंतजार



**● आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 विश्व कप मैच के दौरान घुटने में लगी थी चोट**

**कोलंबो, वार्ता।** आयरलैंड को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप मैच के दौरान कैप्टन पॉल स्टर्लिंग के घुटने में लगी चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए स्कैन के नतीजों का इंतजार है। बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आयरलैंड की 67 रन की हार के दौरान एक कैच पूरा करते समय स्टर्लिंग के दाहिने घुटने में चोट लग गई थी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, ओपनर ने आयरलैंड के लक्ष्य का पीछा करते हुए बैटिंग करने के लिए आने पर समस्या और बढ़ा दी और आखिरकार उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ा। बैटिंग कोच गैरी विल्सन ने मैच के बाद कन्फर्म किया कि स्टर्लिंग को स्कैन के लिए भेजा गया था। विल्सन ने कहा कि यह बहुत अच्छा नहीं लग रहा है। वह आज शाम स्कैन के लिए गए थे, इसलिए हमें कन्फर्मेशन का इंतजार करना होगा। लेकिन मैं कहूंगा कि यह आइडियल नहीं लग रहा है। विल्सन ने बताया कि स्टर्लिंग ने टीम के लिए योगदान देने की कोशिश में तकलीफ के बावजूद बैटिंग करने का फैसला किया। विल्सन ने कहा कि इसका क्रेडिट उसे जाता है। उसे पता था कि वह शायद ठीक नहीं है, और फिर भी उसने टीम के लिए काम पूरा करने की कोशिश की। बदकिस्मती से, आज रात ऐसा नहीं हो सका। यह टूर्नामेंट में आयरलैंड की दूसरी हार थी, जिससे उन्हें सुपर आठ में पहुं. चने की अपनी उम्मीदों को जदिा रखने के लिए ओमान और जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने बाकी ग्रुप मैचों में जीत की जरूरत थी। हालांकि, विल्सन आशावादी बने रहे, उन्होंने कहा कि आयरलैंड ने अपने शुरुआती मैचों में अच्छे संकेत दिखाए थे। उन्होंने कहा कि श्रीलंका के खिलाफ 65.70 प्रतिशत गेम के लिए, मुझे लगा कि हम बेहतर टीम थे। बस उनकी और हमारी पारी के आखिरी पांच ओवर ऐसे थे जहां हम ठीक से तालमेल नहीं बिठा पाए। उस ड्रेसिग रूम में बहुत टैलेंट है और बहुत ज्यादा विश्वास है।

# डीवाई पाटिल टी-20 टूर्नामेंट में खेलेंगे वैभव




**● मुंबई में हर साल होने वाले इस टूर्नामेंट में 16 टीमें हिस्सा लेती हैं**

**मुंबई, वार्ता।** टीनएज सेंसेशन वैभव सूर्यवंशी के मुंबई में डीवाई पाटिल टी-20 टूर्नामेंट में खेलने की संभावना है। नवी मुंबई में होने वाले इस सालाना कॉम्पिटिशन में हर साल 16 टीमें हिस्सा लेती हैं, और इस सीजन में भारत का अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाला यह स्टार डीवाई पाटिल की किसी एक टीम को रिप्रेजेंट करने के लिए तैयार है। ऑर्गनाइजर आमतौर पर कॉम्पिटिशन में दो टीमें उतारते हैं। सूर्यवंशी और टूर्नामेंट ऑर्गनाइजर के करीबी सूत्रों ने क्रिकबज को बताया है कि प्लेयर की टीम से बात. चीत चल रही है और इस युवा खिलाड़ी के टूर्नामेंट में खेलने की संभावना बहुत ज्यादा है। यह आईपीएल सीजन से पहले हो रहा है, और इस साल 23 फरवरी से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में आमतौर पर कई इंटरनेशनल प्लेयर हिस्सा लेते हैं। सूर्यवंशी, जिन्होंने हाल ही में हरारे में इंग्लैंड के खिलाफ अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में रिकॉर्ड तोड़ 175 रन बनाए थे, अभी नागपुर के पास तालेगांव में हैं, जहां राजस्थान रॉयल्स की एक फैसिलिटी है। हरारे से आने के बाद, 14 साल का यह खिलाड़ी घर नहीं गया और इसके बजाय आईपीएल सीजन की तैयारी करने लगा। उनके एक करीबी सूत्र ने बताया कि वह अभी तालेगांव में प्रैक्टिस कर रहे हैं, जहां राजस्थान रॉयल्स का कैंप चल रहा है। कैंप 21 फरवरी तक चलेगा, जिसके बाद सूर्यवंशी पटना और फिर अपने होमटाउन जाएंगे। उनके शहर में एक प्रमोशनल इवेंट है। जहां उन्हें एक गाड़ी गि" ट किए जाने की उम्मीद है। लगता है यह बहुत पहले हो जाना चाहिए था और उसके बाद, वह डीवाई पाटिल टूर्नामेंट के लिए मुंबई आ सकते हैं। डीवाई पाटिल स्टेडियम में हर साल होने वाला डीवाई पाटिल टूर्नामेंट, देश के सबसे पुराने टी-20 कॉम्पिटिशन में से एक है, जो 2003 में शुरू हुआ था। यह जगह हाल ही में इंडियन और ग्लोबल क्रिकेट के हॉटस्पॉट में से एक रही है।

# पीएसएल के पहले ऑक्शन में नसीम, फहीम को मिली रिकॉर्ड फीस

**ऑक्शन में नसीम शाह व फहीम अशरफ बड़े विनर रहे, जिन्हें सबसे ज्यादा कीमत मिली**

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पीएसएल के पहले ऑक्शन में नसीम शाह और फहीम अशरफ बड़े विनर रहे, जिन्हें सबसे ज्यादा कीमत मिली। 86.5 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में, नसीम शहर के उस पार इस्लामाबाद यूनाइटेड से इस्लामाबाद के ट्विन सिटी, रावलपिडी में बनी नई टीम में चले गए, जबकि फहीम 85 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में इस्लामाबाद यूनाइटेड लौट आए। हर टीम को रिटेंशन की संख्या आठ से घटाकर चार कर दी गई थी, इसलिए यह साफ था कि खिलाड़ियों को उनकी पुरानी टीमों ने ले लिया क्योंकि फेंचाइजी अपनी टीमों को मजबूत करना चाहती थीं। 2025 में कराची किग्स के कप्तान, डेविड वार्नर, 79 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में फ्रेंचाइजी में लौट आए, जबकि लाहौर कलंदर्स हारिस रऊफ की सर्विस फिर से लेना चाहते थे, और उन्हें 76 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में ले लिया। उन्होंने फखर जमान को रिटेन करने के लिए और भी ज्यादा पैसे दिए, जिसके लिए उन्हें 79.5 मिलियन पाकिस्तानी रुपए देने पड़े। राइली रोसौ एक और खिलाड़ी थे जो उस टीम में वापस जा रहे थे जहां उन्होंने पहली बार पीएसएल में अपना नाम बनाया था। क्वेटा ग्लैडिएटर्स, जिन्हें उन्होंने 2022 में अपना एकमात्र टाइटल जीतने में मदद की थी, ने साउथ अफीकन खिलाड़ी को 55 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में खरीदा, जबकि हसन अली 47.6 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में कराची लौटे। न्यूजीलैंड के दो खिलाड़ियों को नीलामी में ऊंची कीमतें मिलीं। डेरिल मिशेल ने एक जबरदस्त बोली लगाई, जिसका अंत रावलपिडी द्वारा 80. 5 मिलियन पाक रुपए में उनके लिए किए जाने के साथ हुआ, जबकि इस्लामाबाद यूनाइटेड ने इसी तरह की दिलचस्पी को रोकते हुए मार्क चैपमैन को 70 मिलियन पाक रुपए में साइन किया। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में, एडम जम्पा को कराची ने 45 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में साइन किया, जबकि 41 साल के पीटर सिडल को उनके हालिया बीबीएल फॉर्म के लिए 25 मिलियन पाक रुपए की डील मिली। हैदराबाद ह्यूस्टन किग्समेन ने मार्नस लाबुशेन को डायरेक्ट साइन किया था और सैम अयूब को रिटेन किया था। वे ऑक्शन में ज्यादा कंट्रोल में थे, लेकिनपाक -अमेरिकन फ्रेंचाइजी के तौर पर अपनी ब्रांड इमेज को मजबूत करने के लिए उत्सुक थे। उन्होंने हम्माद आजम और शायन जहांगीर को लिया, जो पाक में जन्मे दो खिलाड़ी हैं और अब अमेरिका को रिप्रेजेंट करते हैं।

# ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने जीता स्वर्ण पदक

**● ऐश्वर्य प्रताप ने निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में 20 मी. राइफल थ्री पोजिशन में नए विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता पदक**




**नई दिल्ली, वार्ता।** दो बार के ओलंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिह तोमर ने गुरुवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में पुरुषों की 50मी राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। यहां डॉ. कर्णी सिह शूटिग रेंज में मुकाबला करते हुए, 25 साल के भारतीय निशानेबाज ने फाइनल में नीलिग, प्रोन और स्टैंडिंग राउंड के बाद कुल 362-0 के साथ अपने खिताब का बचाव किया। कुल मिलाकर, यह एशियन चैंपियनशिप में ऐश्वर्य प्रताप सिह तोमर का पांचवां व्यक्तिगत निशानेबाजी पदक है। इससे पहले उन्होंने दोहा 2019 में कांस्य, चांगवोन 2023 में स्वर्ण, जकार्ता 2024 में रजत और शिमकेंट 2025 में स्वर्ण पदक जीता था। भारत ने पुरुषों की 50मी राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में भी क्लीन स्वीप किया, जिसमें नीरज कुमार ने 361-8 के साथ रजत और अखिल श्योरण ने 343.5 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। इससे पहले, नीरज, ऐश्वर्य और अखिल की तिकड़ी ने क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 1769.106 स्कोर करके भारत को टीम स्वर्ण दिलाया। जापान 1754.86 के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि कजाकिस्तान ने 1748.87 के साथ कांस्य पदक जीता। नीरज 593.34 के साथ क्वालिफाइंग में शीर्ष पर रहे, उनके बाद रुद्रांक्ष पाटिल (591.33) रहे, जिन्होंने रैंकिग पॉइंट्स ओनली (आरपीओ) के लिए मुकाबला किया। ऐश्वर्य (588.40) क्वालिफिकेशन में तीसरे और अखिल (588.32) चौथे स्थान पर रहे। आरपीओ के लिए निशानेबाजी कर रहे निखिल तंवर ने 587.29 के साथ छठा स्थान हासिल किया। आज मिले पदकों के साथ चैंपियनशिप में भारत के पदकों की कुल संख्या 26 हो गई है। भारत ने 10 स्वर्ण, नौ रजत और सात कांस्य पदक जीते है।

# अमेरिका को टूर्नामेंट में रहना है, तो जीतना होगा मैच




**● संयुक्त राज्य अमेरिका को आज नीदरलैंड्स के खिलाफ लगातार तीसरी हार उन्हें सुपर-8 की दावेदारी से बाहर कर सकती है**

**चेन्नई, वार्ता।** मुंबई में खेले अपने पहले ग्रुप मुकाबले में संयुक्त राज्य अमेरिका ने भारत के सामने चुनौती पेश की लेकिन कोलंबो में पाकिस्तान की टीम उनके ऊपर हावी रही। शुक्रवार को नीदरलैंड्स के खिलाफ लगातार तीसरी हार उन्हें सुपर-8 की दावेदारी से बाहर कर सकती है। इतिहास भी अमेरिका के पक्ष में नहीं हैं, पुरुष टी-20 में नीदरलैंड्स के खिलाफ तीनों मुकाबले में उन्हें हार मिली है। अभ्यास मैच में अमेरिका ने न्यूजीलैंड को परेशानी में डाला था लेकिन इसके बाद चोटों ने उनकी टीम को कमजोर किया है। तेज गेंदबाज अली खान ग्रोइन इंजरी से उबर रहे हैं जबकि जसदीप सिह कंधे की चोट के चलते टी-20 विश्व कप 2026 से बाहर हो चुके हैं, उनकी जगह पर पाकिस्तान के पूर्व तेज गें. दबाज एहसना आदिल को दल में शामिल किया गया है। आदिल को दूसरे मुकाबले में सीधे एकादश में जगह मिली थी लेकिन तीन ओवरों में उन्होंने 39 रन खर्च किए थे। यह देखना होगा कि अपना घुटना चोटिल कर बैठे शुभम रांजने इस मुकाबले के लिए पूरी तरह फटि हो पाते हैं या नहीं। अमेरिका अभी तक अपनी सलामी जोड़ी तय नहीं कर पाया है। साईतेजा मुक्कामल्ला को भारत के खिलाफ एक असफल पारी खेलने के बाद अगले मुकाबले से बाहर कर दिया गया। जबकि विश्व कप से पहले वह अमेरिका के सबसे सफल बल्लेबाज थे और उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में 31 गेंदों पर 50 रन भी बनाए थे। नीदरलैंड्स नामीबिया के खिलाफ बास डी लीडे के ऑलराउंड प्रदर्शन से जीत के बाद आत्मविश्वास से भरा होगा।

## श्रीलंका ने ओमान को 105 रनों से रौंदा

**पल्लेकेले, वार्ता।** कुसल मेंडिस (61), पवन रत्नायके (60) और कप्तान दासुन शनाका (50) की आतिशी अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहत. रीन प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप के 16वें मुक. ाबले में ओमान को 105 रनों से करारी शिकस्त दी। 226 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओमान के बल्लेबाज श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सके और लगातार विकेट गंवाते रहे। ओमान की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 120 रन ही बना सकी और 105 रनों से मुकाबला हार गई। वसीम अली ने 20 गेंदों में तीन छक्के उड़ाते हुए 27 रन बनाए। वहीं मोहम्मद नदीम आखिर तक टिके रहे और उन्होंने 56 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 53 रनों की पारी खेली। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका के लिए दुष्मंत चमीरा और महीश तीक्षणा ने दो-दो विकेट लिए। दुनित वेल्लालगे, दुशान हेमंता और कामिडु मेंडिस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# ऑमी पॉल ने आखिरी सेट का टाई-ब्रेक जीता, फ्ट्रिज की आसान जीत

**● पांचवें सीड पॉल ने अपने फोरहैंड से 18 विनर मारे और हमवतन ब्रूक्सवी को हराया**

**डलास, वार्ता।** पूर्व नेक्सो डलास ओपन चैंपियन ऑमी पॉल बुधवार को अपने ओपनर में बहुत मुश्किल में थे, लेकिन उन्होंने 2022 के फाइनलिस्ट जेनसन ब्रूक्सबी को हराकर एटीपी 500 के दूसरे राउंड में जगह बना ली।

दो घंटे, 25 मिनट के मुकाबले में, पॉल ने अपने अमेरिकी हमवतन ब्रूक्सबी को 4-6, 6-4, 7-6(4) से हराया। पांचवें सीड पॉल ने अपने फोरहैंड से 18 विनर मारे और तीसरे सेट में अपनी पहली सर्व के पीछे शानदार प्रदर्शन करते हुए 23 में से 21 पॉइंट जीते। पॉल, जो पिछले महीने ऑस्ट्रेलियन ओपन में चौथे राउंड में पहुंचे थे, ने 2024 में टूर्नामेंट में ट्रॉफी उठाई थी, जब यह अभी भी एटीपी 250 था, इससे पहले उन्होंने पिछले सीजन में सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। 28 साल के पॉल अपनी हेड2हेड सीरीज में ब्रूक्सबी से 3-1 से आगे हैं और अगले मैच में मिओमिर केकमानोविच से भिड़ेंगे। ऑप सीड टेलर फ्रिट्ज ने एक घंटे और नौ मिनट के बाद कैलिफोर्निया के अपने साथी ब्रैंडन नाकाशिमा को 6-3, 6-4 से हराया। एटीपी रैंकिंग में दुनिया के 7वें नंबर के खिलाड़ी ने अपने पहले सर्व पॉइंट्स में से 83 प्रतिशत जीते और अपने सामने आए सभी तीन ब्रेक पॉइंट बचाए। फ्रिट्ज, जिन्हें मार्कोस गिरोन के खिलाफ अपने पहले राउंड के मैच के शुरुआती स्टेज में दाहिने घुटने में दिक्कत हुई थी, ने नाका. शिमा के खिलाफ मूवमेंट में कोई रुकावट नहीं दिखाई।

क्वार्टर फाइनल में, 28 साल के इस खिलाड़ी का अगला मुकाबला एक और अमे. रिकी, सेबेस्टियन कोर्डा से होगा, जिन्होंने आठवीं सीड फ्रांसेस टियाफो को 7-5, 6-1 से हराया। 25 साल के कोर्डा ने अपनी पहली सर्व के बाद सिर्फ चार पॉइंट गंवाए और 68 मिनट के बाद आत्मविश्वास से अपना बैकहैंड लगाया और आगे बढ़ गए। अमेरिकी इथन क्विन ने वाइल्ड कार्ड ट्रेवर स्वेज्डा को 7-6(3), 7-5 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए, रैंकिग में नंबर 74 खिलाड़ी ने पहले सेट में ब्रेक डाउन से उबरते हुए, स्वेज्डा के खिलाफ अपने पहले सर्व पॉइंट्स का 87 प्रतिशत (41/47) जीता, और एक घंटे 47 मिनट के बाद जीत हासिल की। क्विन दूसरे राउंड में मारिन सिलिच से खेलेंगे।

# सेरुंडोलो अर्जेंटीना ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** लोकल फेवरेट और ऑप सीड फ्रांसिस्को सेरुंडोलो बुधवार को बोलीविया के ह्यूगो डेलियन को 6-0, 7-6 (6) से हराकर अर्जेंटीना ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। वर्ल्ड नंबर 19 सेरुंडोलो ने शुरुआती सेट में दम दिखाया और दूसरे सेट में आठ सेट पॉइंट बचाकर ब्यूनस आयर्स लॉन टेनिस क्लब के आउटडोर क्ले कोर्ट पर एक घंटे 24 मिनट में मैच अपने नाम कर लिया। 27 साल के सेरुंडोलो ने कहा कि शुरुआत में चीजें जिस तरह से हुईं, उससे मैं खुश था लेकिन फिर उसने अग्रेसिव खेलना शुरू कर दिया और यह मुश्किल हो गया। मैंने कुछ सेट पॉइंट बचाए और मैं बस आगे बढ़कर खुश हूं। सेरुंडोलो एटीपी 250 इवेंट के अगले राउंड में चेक रिपब्लिक के विट कोप्रिवा से भिड़ेंगे। कोप्रिवा ने दिन में पहले इटली के आठवें सीड मातियो

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 13 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## घूसखोर पंडित पर रोक

गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने घूसखोर पंडित फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी। साथ ही इसके फिल्म मेकर नीरज पाण्डेय को भी फटकार लगाई और स्पष्ट कहा कि ऐसे टाइटल का इस्तेमाल कर समाज के एक हिस्से को बदनाम नहीं किया जा सकता। भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय संगठन सचिव अतुल मिश्रा ने एक याचिका दायर की थी, जिसमें कहा था कि फिल्म घूसखोर पंडित की रिलीज पर रोक लगाई जाए। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी बताती है कि उसने याचिकाकर्ता की शिकायत को गंभीरता से लिया है और माना है कि इस तरह के टाइटल समाज में वैमनस्य का कारण बनते हैं। इस मामले की सुनवाई जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्जल भूयान की बेंच कर रही है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली थी। पीठ ने मेकर्स से साफ कहा कि आप ऐसे टाइटल का इस्तेमाल कर समाज के एक हिस्से को बदनाम क्यों कर रहे हैं। यह नैतिकता के खिलाफ है। हालांकि मैकर्स ने फिल्म का नाम बदलने पर सहमति जताई है। इस पर पीठ का कहना था कि जब तक आप हमें बदला हुआ नाम नहीं बताते तब तक हम आपको इसी रिलीज करने नहीं देंगे। कोर्ट ने फिल्म मेकर्स को एक एफिडेविट फाइल करने का निर्देश भी जारी किया है। जिसमें यह बात साबित करने के लिए कहा गया है कि घूसखोर पंडित समाज के किसी भी वर्ग को नीचे नहीं दिखाता। असल में मेकर्स का कहना रहा है कि घूसखोर पंडित मात्र एक टाइटल है और इसका किसी व्यक्ति या समाज से लेना देना नहीं है। इस फिल्म में मनोज वाजपेयी जैसे मंझु हुए अभिनेता काम कर रहे हैं। उनके अलावा नुसरत भरूचा, साकिब सलीम, अक्षय ओबेरॉय और दिव्या दत्ता जैसे कलाकार जुड़े हुए हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि फिल्में समाज को कहीं न कहीं से अवश्य प्रभावित करती हैं। इसलिए फिल्म मेकर्स को चाहिए कि वह इस तरह का कोई काम न करे। जिससे समाज में किसी तरह का वैमनस्य पैदा हो, लेकिन यहां यह कहना भी जरूरी है कि घूसखोर पंडित कोई आज इकलौती फिल्म नहीं है जो विवादों के घेरे में है। पिछले कुछ समय से हम देख रहे हैं कि इस तरह की फिल्में लाई जाती हैं जो बड़े विवाद का कारण बनती हैं और समाज के एक हिस्से को प्रभावित करती हैं। कई बार तो यह भी देखने में आया है कि इस तरह की फिल्मों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होता है। छावा, कश्मीर फाइल्स, गुजरात फाइल्स आदि कई फिल्में काफी विवादों के घेरे में रहीं हैं। कई फिल्मों पर तो बवाल भी कटा। इस तरह की फिल्में वास्तव में नहीं बननी चाहिएं। सच तो यह भी है कि इस तरह की बातें सुप्रीम कोर्ट में नहीं जानी चाहिएं और जो इससे संबंधित विभाग है, यह उनके स्तर तक ही रहनी चाहिए। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय सेंट्रल बोर्ड फॉर फिल्म सर्टिफिकेशन को भी नोटिस दिया है।

## किसानों, मजदूरों और श्रमिकों का भविष्य खतरे में



विदेशी दबाव में आकर किए गए समझौते देशहित के खिलाफ हैं और सरकार की नीतियां करोड़ों मेहनतकश किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के भविष्य को खतरे में डाल रही हैं, देशभर में ट्रेड यूनियन, किसान और मजदूर सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विरोध कर रहे हैं, सरकार की नीतियां करोड़ों मेहनतकश किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के भविष्य को खतरे में डाल रही हैं, विदेशी दबाव में आकर किए गए समझौते देशहित के खिलाफ हैं और इससे आम नागरिकों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, छोटे व्यापारी, कामगार और आम जनमानस इस कथित जन-विरोधी डील का सबसे ज्यादा विरोध कर रहे हैं, पार्टी इस मुद्दे पर सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष जारी रखेगी। **मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

# संघर्ष, सेवा और साहित्य का संगम था सरोजिनी नायडू का जीवन



योगेश कुमार गोयल



आजादी के राष्ट्रीय आन्दोलन में उल्लेखनीय योगदान देने वाली स्वतंत्रता सेनानियों में 'नाइटिंगेल ऑफ इंडिया' तथा 'भारत कोकिला' के नाम से विख्यात प्रख्यात कवयित्री और देश के सर्वोत्तम राष्ट्रीय नेताओं में से एक सरोजिनी नायडू का नाम सदैव आदर के साथ स्मरण किया जाता है। उनके नाम का जिक्र होते ही एक ऐसी महिला की छवि उभरकर सामने आती है, जिन्हें कई भाषाओं में महारत हासिल थी और जिनकी लिखी कविताएं हर ओर धूम मचाती थी। उन्हीं के सम्मान में उनके जन्मदिवस 13 फरवरी को अब प्रतिवर्ष 'राष्ट्रीय महिला दिवस' के रूप में मनाया जाता है। 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में एक बंगाली परिवार में जन्मी सरोजिनी नायडू की 135वीं जयंती के अवसर पर 13 फरवरी 2014 से देश में राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की शुरुआत की गई थी और आज समूचा देश उनकी 147वीं जयंती मना रहा है।

सरोजिनी नायडू के पिता अघोरनाथ चट्टोपाध्याय एक रसायन वैज्ञानिक और निजाम कॉलेज के संस्थापक थे जबकि उनकी माता वरदा सुंदरी बंगाली कवयित्री थी। सरोजिनी के पिता चाहते थे कि उनकी बेटी भी उन्हीं की भांति महान् वैज्ञानिक बने लेकिन सरोजिनी को कविताओं से अगाध प्रेम था, जिसे वह कभी त्याग नहीं सकी। वह बचपन से ही पढ़ाई-लिखाई में बहुत तेज थी और उन्होंने केवल 12 वर्ष की आयु में ही मद्रास यूनिवर्सिटी से मैट्रिक की परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल किया था तथा केवल 13 वर्ष की आयु में ही 1300 पदों की लेडी ऑफ द लेक नामक पहली लंबी कविता और करीब 2000 पंक्तियों का अपना पहला विस्तृत नाटक लिखकर अंग्रेजी तथा अन्य भाषाओं पर अपनी पकड़ का परिचय दिया था। पढ़ाई के साथ-साथ वह कविताएं भी लिखती थी और उनका पहला कविता संग्रह द गोल्डन थ्रैशहोल्ड 1905 में प्रकाशित हुआ, जो आज भी पाठकों के बीच बेहद लोकप्रिय है। अत्यंत मधुर स्वर में अपनी कविताओं का पाठ करने के कारण उन्हें भारत कोकिला कहा जाता था। उन्हें शब्दों की जादूगरनी के नाम से भी जाना जाता था। 14 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने लगभग सभी प्रमुख अंग्रेजी कवियों की रचनाओं का अध्ययन कर लिया था।

मेधावी होने के कारण 1895 में हैदराबाद के निजाम ने उन्हें ज्यादा से ज्यादा ज्ञान अर्जित करने के लिए वजीफे पर इंग्लैंड भेजा और इस प्रकार केवल 16 साल की उम्र में ही वह उच्च शिक्षा के लिए लंदन चली गई। पहले लंदन के किंग्स कॉलेज और उसके बाद कैम्ब्रिज के गिरटन कॉलेज में उन्हें अध्ययन करने का अवसर मिला। इंग्लैंड का मौसम अनुकूल नहीं होने के कारण वह 1898 में ही इंग्लैंड से स्वदेश लौट आई। जब वह इंग्लैंड से लौटी, तब फौजी डॉक्टर डा। गोविन्दराजुलु नायडू के साथ विवाह करने को उत्सुक थी, जिन्होंने तीन साल पहले उनके समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखा था। हालांकि शुरू में सरो. जनी के पिता इस शादी के खिलाफ थे लेकिन बाद में 19 साल की उम्र में उनकी शादी डा। गोविन्दराजुलु के साथ हो गई।

1914 में जब सरोजिनी नायडू पहली बार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से मिली, तभी उनके विचारों से प्रभावित होकर वह वतन के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने को तत्पर हो गई और अपना जीवन देशसेवा में समर्पित कर दिया। 1915 से 1918 तक उन्होंने भारत के स्वतंत्रता आंदोलनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आजादी की लड़ाई में संकटों का डटकर मुकाबला करते हुए वह एक वीरांगना की भांति गांव-गांव, गली-गली घूमकर देश-प्रेम की अलख जगाकर देशवासियों को उनके कर्त्तव्य की याद दिलाती रही। उन्होंने न केवल गांधीजी के अनेक सत्याग्रह आन्दोलनों में हिस्सा लिया और जीवन-पर्यन्त उनके विचारों तथा मार्ग का अनुसरण किया बल्कि 'भारत छोड़ो आंदोलन' के तहत जेल भी गई थी। दांडी मार्च के दौरान गांधीजी के साथ अग्रिम पंक्ति में चलने वालों में वह भी शामिल थी। उनके विनोदी स्वभाव के कारण उन्हें 'गांधीजी के लघु दरबार में विदूषक' भी कहा जाता था।

महात्मा गांधी के अलावा सरोजिनी नायडू गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर, गोपाल कृष्ण गोखले, एनी बेसेंट तथा पं. जवाहरलाल नेहरू के साथ भी विशेष रूप से जुड़ी रही। गोपाल कृष्ण गोखले को तो वह अपना राजनीतिक पिता मानती थी। गांधीजी तो अपने पत्रों में सरोजिनी नायडू को कभी 'डियर बुलबुल' तो कभी 'डियर मीराबाई' और कभी-कभी मजाक में 'अम्माजान' या 'मदर' भी लिखते थे, वहीं सरोजिनी भी गांधीजी को मजाकिया अंदाज में कभी 'जुलाहा' तो कभी 'लिटिल मैन' और कभी 'मिकी माउस' कहा करती थी। गांधीजी ने 8 अगस्त 1932 को सरोजिनी नायडू को लिखे एक पत्र में उन्हें 'बुलब. ुल' नाम से सम्बोधित किया था और उसी पत्र में उन्होंने स्वयं के लिए 'लिटिल मैन' शब्द इस्तेमाल किया था। सरोजिनी कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष भी बनी। वह 1925 में कानपुर में हुए कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्ष बनी और 1932 में भारत की प्रतिनिधि बनकर दक्षिण अफ्रीका भी गई। अंग्रेजी भाषा पर सरोजिनी की बहुत मजबूत पकड़ थी, लंदन की सभा में अंग्रेजी में बोलकर उन्होंने वहां उपस्थित सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया था। बहुभाषाविद सरोजनी नायडू अपना भाषण क्षेत्रानुसार अंग्रेजी, हिन्दी, बांग्ला अथवा गुजराती भाषा में देती थी। गांधीजी ने मधुर आवाज और उनके भाषणों से प्रभावित होकर ही उन्हें 'भारत कोकिला' की उपाधि दी थी। देश की आजादी के बाद सरोजिनी नायडू भारत की पहली महिला राज्यपाल बनी लेकिन यह पद स्वीकार करते समय उन्होंने कहा था कि वह स्वयं को 'कैद कर दिए गए जंगल के पक्षी' की भांति अनुभव कर रही हैं किन्तु वह पं. जवाहरलाल नेहरू का बहुत सम्मान करती थी, इसलिए उनकी इच्छा को टाल नहीं सकी। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के लिए काफी संघर्ष किया और समाज में फैली कुरीतियों के प्रति महिलाओं को जागृत किया तथा भारतीय समाज में जातिवाद, लिंग-भेद को मिटाने के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किए। भारत में प्लेग महामारी के दौरान किए गए सराहनीय कार्यों के लिए उन्हें 1908 में ब्रिटिश सरकार द्वारा 'केसर-ए-हिंद' से सम्मानित किया गया था लेकिन जलियांवाला बाग हत्याकांड से क्षुब्ध होकर उन्होंने यह सम्मान वापस कर दिया था। 2 मार्च 1949 को हृदयाघात के कारण लखनऊ में अपने कार्यालय में कार्य करने के दौरान उनका निधन हो गया। सरोजिनी नायडू का निधन 2 मार्च 1949 में हुआ था। भारत सरकार द्वारा उनकी जयंती के अवसर पर उनके सम्मान में 13 फरवरी 1964 को 15 पैसे का एक डाक टिकट जारी किया गया था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# यह विदाई बजट से भाजपा की विदाई तय!

**इस बार के बजट में और पिछली बार के बजट में क्या अंतर है इस बजट में ऐसी क्या खास बात है और यह चुनावी बजट है। अगले साल जनवरी-फरवरी में इस वक्त चुनाव चल रहा होगा यानी वोटिंग चल रही होगी कई चरण का चुनाव निपट गया होगा। जनरल बजट लाने का अवसर सरकार के पास नहीं रहेगा। फिर क्या रहेगा यही चुनावी बजट है इसके बाद आप मानकर चलिए। सितंबर वगैरा तक सरकार सप्लीमेंट्री बजट भी लेकर आएगी वे सप्लीमेंट्री बजट किसका होगा डायरेक्ट कैश ट्रांसफर उसकी भी सरकार के पास व्यवस्था है।**



शमशाद रशीद माहीगीर

किसी भी मुख्यमंत्री के लिए यह बड़ा गौरवशाली क्षण होता है और खासकर उत्तर प्रदेश की सरकार के मुख्यमंत्री के लिए उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के लिए योगी सरकार ने एक नहीं दो नहीं कर नहीं दसवां बजट पेश किया है उत्तर प्रदेश सरकार की बड़ी उपलब्धि योगी सरकार के नेतृत्व में दसवां बजट पेश किया गया है उत्तर प्रदेश का जो बजट है वह 9 लाख करोड़ से भी ज्यादा का है आप सोचिए कितना बड़ा बजट है हमारे प्रदेश का क्या है इस बजट में और सरकार के इस बजट के पीछे का विजन क्या है जो वित्त मंत्री ने विधानसभा में स्पीच बोली है उसमें तीन-चार बातें हैं। 1 घंटा 50 मिनट की स्पीच में उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर पर काफी धन खर्च करने का वायदा किया है सड़कें बनेगी एक्सप्रेस वे बनेंगे हाईवे बनेंगे और जो भी बड़ी-बड़ी आवश्यक इमारतें होंगी उनको तैयार किया जाएगा जो हमारा मूलभूत तंत्र है ढांचा है उसको तैयार किया जाएगा आईटी इंडस्ट्री पर बड़ा जोर है उत्तर प्रदेश में डाटा सेंटर तो है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वेस्ट डाटा सेंटर नहीं है तो सरकार ने उसके लिए बजट में प्रोविजन किया है नए एलोकेशन किए हैं फंड के ताकि उत्तर प्रदेश में हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वेस्ट डाटा सेंटर तैयार कर सकें। खाली डाटा सेंटर की कोई वैल्यू नहीं रह गई है। वह सिर्फ नाम रह गए हैं। वैसे डाटा का एक स्मार्ट गोदाम है। सरकार ने स्टार्टअप के लिए भी बड़ा फंडा लोकेट किया है। पारंपरिक मत जो है वह तो है ही शिक्षा स्वास्थ्य बिजली सिंचाई का इनका एक अलग बजट होता है सब्सिडी का वह तो है ही और सरकार ने यह वादा किया है इस बार का जो बजट है लोगों को जॉब्स भी मुहैया कराई जाएगी। डायरेक्ट जॉब्स और इनडायरेक्ट जॉब्स। डायरेक्ट जॉब्स वह जो सरकारी नौकरियां मिलेगी और इनडायरेक्ट जब वह सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर क्रिएट करेगी और उद्योग धंधे लेगी उसमें जो इनडायरेक्ट जॉब मिलेगी उसे पर भी सरकार का एक बार विधानसभा में बड़ा फॉकस रहा है। इस बार के बजट में और पिछली बार के बजट में क्या अंतर है इस बजट में ऐसी क्या खास बात है और यह चुनावी बजट है। अगले साल जनवरी-फरवरी में इस वक्त चुनाव चल रहा होगा यानी वोटिंग चल रही होगी कई चरण का चुनाव निपट गया होगा। जनरल बजट लाने का अवसर सरकार के पास नहीं रहेगा। फिर क्या रहेगा यही चुनावी बजट है इसके बाद आप मानकर चलिए। सितंबर वगैरा तक सरकार सप्लीमेंट्री बजट भी लेकर आएगी वे सप्लीमेंट्री बजट किसका होगा डायरेक्ट कैश ट्रांसफर उसकी भी सरकार के पास व्यवस्था है



आज की डेट में मेरे अंदाज से सरकार के पास बचपन से 60000 करोड़ का कैश इस वक्त मौजूद है। सरप्लस पैसा रखा है जो अगले साल सितंबर नवंबर में बाउंसर आएगी खर्च कर लेंगे। चुनाव के लिए विपक्ष का गंभीर आरोप है सरकार बड़ी-बड़ी फिगर लेकर आती है लेकिन पैसे खर्च ही नहीं करती। यह बजट कहा जो पिछली बार विधानसभा से पास हुआ था 55 प्रतिशत खर्च हुआ है। ऐसा विपक्ष का कहना है अखिलेश यादव जी का कहना है कि यह सरकार का अंतिम बजट है अगला बजट हम पेश करेंगे यह जो बजट पेश हुआ है यह झूठ का पुलिंदा है और इसमें कोई सच्चाई नहीं है यह सत्ता पर के दावे और विपक्ष के दावे की बात है आम आदमी को क्या मिला योगी सरकार ने पहला बजट 2 लाख 70000 करोड़ से शुरू किया था और यह बढ़ता जा रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पुलिस की मनमानी गिरफ्तारियों पर रोक लगाता सुप्रीम कोर्ट



रजनीश कपूर

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण फैसले में पुलिस की मनमानी गिरफ्तारियों पर सख्त अंकुश लगाया है। यह फैसला उन अपराधों से संबंधित है जहां सजा की अधिकतम अवधि सात साल तक की कैद है। सतेंद्र कुमार एंटिल बनाम सीबीआई मामले में न्यायमूर्ति एम।एम। सुंदरेश और एन। कोटिस्वर सिंह की पीठ ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में गिरफ्तारी अपवाद है, जबकि नोटिस जारी करना नियम। यह निर्णय न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार लाएगा, बल्कि आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करेगा। फैसले के बाद इस मामले की पृष्ठभूमि, कानूनी प्रावधानों, गिरफ्तारी की आवश्यकता और आम नागरिकों पर इसके प्रभाव परचर्चा होने लगी है। जिससे कि नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

पहले समझते हैं कि यह फैसला ऐतिहासिक क्यों है। भारत में आपराधिक न्याय प्रणाली में गिरफ्तारी एक संवेदनशील मुद्दा रहा है। पुराने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत पुलिस को बिना वारंट गिरफ्तारी का अधिकार था, लेकिन इसका अक्सर दुरुपयोग होता था। विशेष रूप से कम गंभीर अपराधों में, जहां सजा सात साल से कम थी, पुलिस बिना सोचे-समझे लोगों को हिरासत में ले लेती थी। इससे न केवल जेलों में भीड़ बढ़ती थी, बल्कि निर्दोष नागरिकों का जीवन बर्बाद होता था। 2014 में अर्नेश कुमार बनाम बिहार राज्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार दिशानिर्देश जारी किए थे, जिसमें कहा गया था कि ऐसे अपराधों में गिरफ्तारी निश्चित नहीं होनी चाहिए। पुलिस को पहले जांच करनी चाहिए और गिरफ्तारी केवल आवश्यक होने पर ही करनी चाहिए, लेकिन अब नई व्यवस्था में, 1 जुलाई 2024 से लागू भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) ने इस प्रक्रिया को और मजबूत किया है। बीएनएसएस धारा 35 सीआरपीसी की धारा 41 का स्थान लेती है, जबकि बीएनएसएस धारा 35(3) सीआरपीसी की धारा 41ए के समान है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 35 भी गिरफ्तारी से संबंधित है, लेकिन मुख्य रूप से प्रक्रियात्मक पहलू बीएनएसएस में हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बीएनएसएस धारा 35(1) पुलिस को गिरफ्तारी का अधिकार देती है, लेकिन शब्द में (may) का प्रयोग दर्शाता है कि यह विवेकाधीन है, न कि अनिवार्य। धारा 35(1)(बी) में कहा गया है कि पुलिस को विश्वास होना चाहिए कि आरोपी ने अपराध किया है और गिरफ्तारी जांच के लिए जरूरी है, लेकिन धारा 35(3) के तहत पुलिस द्वारा पहले नोटिस जारी करना अनिवार्य है, जिसमें आरोपी को पुलिस स्टेशन में हाजिर होने और सहयोग करने को कहा जाता है।

सवाल है कि क्या गिरफ्तारी आवश्यक है? इस पर सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट उत्तर है- 'नहीं, यह अपवाद है।' फैसले में कहा गया कि सात साल तक की सजा वाले अपराधों में गिरफ्तारी केवल तब की जा सकती है जब आरोपी नोटिस का पालन न करे, या जांच में बाधा डाले, सबूतों से छेड़छाड़ करे, गवाहों को प्रभावित करे, या अदालत में पेश न होने का खतरा हो। पुलिस को गिरफ्तारी के कारण लिखित रूप में दर्ज करने होंगे।

सवाल है कि क्या गिरफ्तारी आवश्यक है? इस पर सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट उत्तर है- 'नहीं, यह अपवाद है।' फैसले में कहा गया कि सात साल तक की सजा वाले अपराधों में गिरफ्तारी केवल तब की जा सकती है जब आरोपी नोटिस का पालन न करे, या जांच में बाधा डाले, सबूतों से छेड़छाड़ करे, गवाहों को प्रभावित करे, या अदालत में पेश न होने का खतरा हो। पुलिस को गिरफ्तारी के कारण लिखित रूप में दर्ज करने होंगे। यदि नोटिस के बाद भी आरोपी सहयोग करता है, तो गिरफ्तारी की कोई जरूरत नहीं। यह अर्नेश कुमार फैसले की भावना को दोहराता है, जहां कोर्ट ने कहा था कि गिरफ्तारी जांच का साधन है, न कि सजा। बीएनएसएस धारा 35(6) गिरफ्तारी को धारा 35(1)(बी) के साथ जोड़ती है, लेकिन कोर्ट ने जोर दिया कि पुलिस को सतर्क रहना चाहिए और गिरफ्तारी को अंतिम विकल्प ही मानना चाहिए।

यदि नोटिस के बाद भी आरोपी सहयोग करता है, तो गिरफ्तारी की कोई जरूरत नहीं। यह अर्नेश कुमार फैसले की भावना को दोहराता है, जहां कोर्ट ने कहा था कि गिरफ्तारी जांच का साधन है, न कि सजा। बीएनएसएस धारा 35(6) गिरफ्तारी को धारा 35(1)(बी) के साथ जोड़ती है, लेकिन कोर्ट ने जोर दिया कि पुलिस को सतर्क रहना चाहिए और गिरफ्तारी को अंतिम विकल्प ही मानना चाहिए।

ऐसे में यह फैसला आम नागरिकों के लिए क्या मायने रखता है? सबसे बड़ा प्रभाव यह है कि अब पुलिस की मनमानी कम होगी। पहले, छोटे-मोटे अपराधों जैसे धोखाधड़ी, मारपीट या संपत्ति विवाद में लोग रातोंरात जेल में डाल दिए जाते थे, जिससे उनका करियर, परिवार और सम्मान प्रभावित होता था। लेकिन अब, नोटिस मिलने पर नागरिक पुलिस के समक्ष पेश होकर अपना पक्ष रख सकते हैं, बिना हिरासत में लिए। इससे जेलों में अनावश्यक भीड़ कम होगी। उल्लेखनीय है कि भारत में जेलों की क्षमता से 130: अधिक कैदी हैं, जिनमें से अधिकांश विचाराधीन हैं। यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को मजबूत करता है। महिलाओं, बुजुर्गों और कमजोर वर्गों के लिए यह विशेष रूप से फायदेमंद है, क्योंकि वे गिरफ्तारी के दौरान अधिक शोषण का शिकार होते हैं, लेकिन इस फैसले का असली लाभ तभी मिलेगा जब नागरिक अपने अधिकारों से अवगत होंगे। आम आदमी को पता होना चाहिए कि यदि अपराध सात साल से कम सजा वाला है, तो पुलिस सीधे गिरफ्तार नहीं कर सकती। ऐसे में आपको नोटिस मिलने पर आप क्या करें? सबसे पहले, नोटिस को ध्यान से पढ़ें, इसमें अपराध का विवरण, हाजिर होने की तारीख और समय होता है। एक वकील से सलाह लें और पुलिस स्टेशन जाएं। यदि आप जांच में पुलिस का सहयोग करते हैं, तो गिरफ्तारी की संभावना कम है। यदि पुलिस बिना नोटिस गिरफ्तार करने की कोशिश करे, तो आप इसे कोर्ट में चुनौती दे सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस को चेतावनी दी है कि दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने पर अधिकारी दंडित हो सकते हैं। नागरिकों को यह भी जानना चाहिए कि बीएनएसएस में इलेक्ट्रॉनिक नोटिस (जैसे व्हाट्सएप) अमान्य हैंय नोटिस व्यक्तिगत रूप से या डाक से ही दिया जाना चाहिए। हालांकि, इस फैसले की कुछ सीमाएं भी हैं। गंभीर अपराधों (सात साल से अधिक सजा वाले) में गिरफ्तारी अभी भी आसान है और पुलिस दुरुपयोग कर सकती है। जांच की गुणवत्ता में सुधार के बिना, अपराधी बच सकते हैं। फिर भी, यह न्यायिक सक्रियता का उदाहरण है, जो पुलिस सुधार की दिशा में एक कदम है। सरकार को पुलिस प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान चलाने चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला लोकतंत्र की मजबूती है, जहां नागरिक पुलिस से डरें नहीं, बल्कि सहयोग करें। हर नागरिक को अपने अधिकार जानने चाहिए, गिरफ्तारी कोई सजा नहीं, बल्कि जांच का हिस्सा है। यदि हम जागरूक होंगे, तो न्याय व्यवस्था अधिक निष्पक्ष बनेगी। यह फैसला हमें याद दिलाता है कि कानून सबके लिए समान है और स्वतंत्रता हमारा मौलिक हक।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बांग्लादेश चुनावः मतदान खत्म, वोटों की गिनती जारी

## 48% वोटिंग हुई, बीएनपी-जमात में मुकाबला, पूर्व पीएम हसीना बोलीं: फर्जी चुनाव रद्द हों, नतीजे आज रात 8 बजे से आने शुरू हो गए

**एक वोटिंग सेंटर के बाहर जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में एक बीएनपी नेता मोहिबुज्जमान कोच्चि की मौत**

**जमात-ए-इस्लामी के नेता शफीकुर रहमान ने कहा: अगर चुनाव निष्पक्ष हुए तो उनकी पार्टी चुनाव परिणाम स्वीकार कर लेगी**

**ढाका।** बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए वोटिंग खत्म हो गई है। देशभर में वोटों की गिनती जारी है। चुनावी नतीजे आज रात 8 बजे से आने शुरू हो जाएंगे। दोपहर 2 बजे तक देश के 36 हजार वोटिंग सेंटर्स पर 47.91 प्रतिशत मतदान हुआ। अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस, बीएनपी चीफ तारिक रहमान और छात्र नेता नाहिद इस्लाम वोट डालने पहुंचे।

इस दौरान यूनुस ने कहा कि आज नए बांग्लादेश का जन्म हुआ। दूसरी तरफ पूर्व पीएम शेख हसीना ने चुनाव को फर्जी बताते हुए रद्द करने की मांग की है। साथ ही यूनुस से इस्तीफा भी मांगा हैं। बांग्लादेश चुनाव को लेकर भारत ने नतीजों का इंतजार करने के लिए कहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि नतीजे आने के बाद ही यह देखा जाएगा कि जनादेश किस तरह का है। वोटिंग के दौरान कई जगहों पर झड़पें भी हुई। खुलना में एक वोटिंग सेंटर के बाहर जमात- ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में एक बीएनपी नेता मोहिबुज्जमान कोच्चि की मौत हो गई। दूसरी तरफ मुंशीगंज-3 और गोपालगंज सदर इलाके में वोटिंग सेंटर के बाहर देसी बम फेंके गए।

गोपालगंज सदर इलाके में धमाके से 3 लोग घायल हो गए थे। जमात-ए-इस्लामी के नेता शफीकुर रहमान ने कहा कि अगर चुनाव निष्पक्ष हुए तो उनकी पार्टी चुनाव परिणाम स्वीकार कर लेगी। इस चुनाव में महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में वोट डाला। मतदान पूरा होने के बाद वोटों की गिनती शुरू हो गई है। बीएनपी ने चुनाव के नतीजे निष्पक्ष तरीके से घोषित करने की अपील की है। पार्टी ने कहा है कि नतीजों में किसी तरह की गड़बड़ी न हो, इसके लिए सभी को सतर्क रहना चाहिए। यह बयान बीएनपी की चुनाव प्रबंधन समिति के प्रवक्ता महदी अमीन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिया। उन्होंने सभी हितधारकों से अपील की कि वे पूरी प्रक्रिया पर नजर रखें, ताकि मतदाताओं की इच्छा सही रूप में सामने आ सके। महदी ने चुनाव प्रक्रिया में शामिल चुनाव आयोग, सशस्त्र बलों, कार्यवाहक सरकार और कानून- व्यवस्था एजेंसियों का आभार जताया। साथ ही उन्होंने चुनावी हिंसा में घायल और मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने गुरुवार को हुए चुनाव को 'फर्जी चुनाव' करार देते हुए इसे रद्द करने की मांग की है। चुनाव के बाद जारी एक बयान में हसीना ने इसे 'मतदाताओं के बिना, अवैध और असंवैधानिक चुनाव' बताया। अपने बयान में शेख हसीना ने कहा कि यह चुनाव कातिल यूनुस द्वारा कराया गया एक दिखावटी चुनाव है। हसीना ने आरोप लगाया कि 11 फरवरी की शाम से ही कई जगहों पर मतदान केंद्रों पर कब्जा, गोलीबारी, पैसे बांटकर वोट खरीदना, मतपत्रों पर मुहर लगाना और एजेंटों से रिजल्ट शीट पर जबरन हस्ताक्षर करवाने जैसी घटनाएं शुरू हो गई थीं। उन्होंने दावा किया कि 12 फरवरी की सुबह से देशभर के ज्यादातर पोलिंग बूथ पर मतदाता उपस्थिति बेहद कम रही और राजधानी ढाका समेत कई जगहों पर मतदान केंद्र लगभग खाली रहे।

बांग्लादेश की मैमनसिंह-11 (वलुका) सीट के एक मतदान केंद्र पर गुरुवार को बड़ी गड़बड़ी सामने आई। पांच युवक बूथ के अंदर घुसे और खुद ही मतपत्रों पर मुहर लगाकर उन्हें बैलेट बॉक्स में डालने लगे। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। मामला सामने आते ही आधे घंटे के लिए वोटिंग रोक दी गई। यह घटना लोहाबोई बरादी सरकारी प्राथमिक स्कूल मतदान केंद्र की है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, दोपहर करीब 2:30 बजे कुछ युवक अंदर गए। इनमें से पांच सीधे एक बूथ में घुस गए। उस समय बूथ में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। 1 मिनट 33 सेकंड के वीडियो में दो युवक मतपत्रों पर मुहर लगाते दिख रहे हैं। तीन युवक उन पर्चियों को मोड़कर बैलेट बॉक्स में डाल रहे हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया।



### बांग्लादेश के प्रमुख नेताओं ने डाला अपना मत

**ढाका।** बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष तारिक रहमान ने गुरुवार को गुलशन मॉडल हाई स्कूल और कॉलेज में अपना मत डाला। इस अवसर पर उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह बहुप्रतीक्षित चुनाव लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बहाल करेगा। रहमान ने कहा कि बंगलादेशी नागरिक स्वतंत्र रूप से मतदान करने के अवसर के लिए एक दशक से अधिक समय से प्रतीक्षा कर रहे थे। उन्होंने नागरिकों से किसी भी 'साजिश' को विफल करने और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए बड़ी संख्या में मतदान करने का आग्रह किया। बीएनपी ने रात भर कुछ क्षेत्रों में 'अवांछनीय घटनाओं' की खबरें मिलने की बात स्वीकार की, लेकिन कानून प्रवर्तन एजेंसियों पर अपना विश्वास भी जताया। उन्होंने कहा कि यदि पूरे बंगलादेश के लोग दिन भर बाहर आकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं, तो किसी भी साजिश को नाकाम किया जा सकता है। मैं आशावादी हूं, दृढ़ता से आशावादी हूं।

### चुनाव से ठीक पहले हिंदू युवक की हत्या चाय बागान में मिली खून से लथपथ लाश

**ढाका।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला मौलवीबाजार जिले से सामने आया है, जहां आम चुनाव से महज एक दिन पहले एक 28 वर्षीय हिंदू युवक की हत्या कर दी गई। युवक का शव मिलने के बाद से इलाके मे तनाव का माहौल है। इस घटना ने वहां के अल्पसंख्यक समुदायों में डर और चिंता बढ़ा दी है। मृतक की पहचान रतन शुवो कर के रूप में हुई है। वह इस्लामपुर यूनियन के चंपारा चाय बागान में काम करता था। पुलिस को उसकी लाश हाथ-पैर बंधी हुई हालत में मिली। स्थानीय मीडिया के अनुसार, रतन के शरीर पर चोट के कई निशान थे और वह खून से लथपथ था। बांग्लादेश के जाने-माने अखबार, द डेली स्टार की एक रिपोर्ट के मुताबिक, लोकल लोगों ने बुधवार सुबह करीब 10:00 बजे चाय बागान के अंदर उसकी लाश देखी, जहां कर काम करता था। उन्होंने तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी। रतन के साथ काम करने वाले लोगों का आरोप है कि उसे किसी दूसरी जगह मारा गया और फिर लाश को बागान में फेंक दिया गया। हालांकि, अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### नाटो में अपना खर्च बढ़ाएं यूरोप, कनाडाः मार्क रट

**ब्रसेल्स।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) महासचिव मार्क रट ने यूरोपीय और कनाडाई सहयोगियों से 'रक्षा व्यय और औद्योगिक उत्पादन' बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा है कि अमेरिका गठबंधन के प्रति प्रतिबद्ध है, लेकिन उसका रणनीतिक ध्यान अब हिंद-प्रशांत क्षेत्र की ओर अधिक केन्द्रित हो रहा है। टीआरटी वर्ल्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार, रट ने गुरुवार को संवाददाताओं से कहा कि चर्चा का मुख्य केन्द्र हेग शिखर सम्मेलन में लिए गए।

### तीसरी बार कोसोवो के प्रधानमंत्री बने अल्बिन कुर्ती

**बेलग्रेड।** कट्टरपंथी सेल्फ- डिटरमिनेशन मूवमेंट (एलवीवी) के नेता अल्बिन कुर्ती को स्वयं-घोषित कोसोवो की संसद ने मार्च 2021 के बाद तीसरी बार प्रधानमंत्री चुना है। कार्यवाहक प्रधानमंत्री कुर्ती के नेतृत्व वाले स्वनिर्धारण आंदोलन (एलवीवी) ने 28 दिसम्बर को कोसोवो में हुए अचानक संसदीय चुनाव में निर्णायक जीत हासिल की। संसदी चुनाव के बाद बुधवार (11 फरवरी) को एलवीवी की अल्बुलेना हाक्सियू को अध्यक्ष चुना गया।

### सूडान में नाव पलटने से 15 लोगों की मौत

**खार्तूम।** उत्तरी सूडान के नाइल नदी प्रांत में यात्री नौका के डूबने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। सूडान के नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण के एक सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार लकड़ी की नाव तैयबा अल-खावद और दैम अल-कराई गांवों के बीच यात्रा कर रही थी और उसमें महिलाओं, बुजुर्गों तथा बच्चों समेत 27 से अधिक यात्री सवार थे। उच्च लहरों के कारण नाव पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही नागरिक सुरक्षा इकाइयां मौके पर पहुंचीं। अब तक 15 से अधिक शव बरामद किये जा चुके हैं।

### सीरिया ने अमेरिका से अपने नियंत्रण में लिया अल-तन्फ़ सैन्य बेस

**दमिश्क।** सीरिया की अंतरिम सरकार ने गुरुवार को सीरिया-इराक-जॉर्डन सीमा पर अल-तन्फ़ सैन्य बेस से अमेरिका के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय गठबंधन के हटने की पुष्टि करते हुए कहा कि सीरियाई सेना की इकाइयों ने इस ठिकाने पर कब्जा कर लिया है। सीरिया के रक्षा अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि सीरियाई और अमेरिकी पक्षों के बीच सहमति के बाद उन्होंने इस सैन्य बेस को अपने काबू में लिया।

# इजरायल ने गिराए थे गाजा में प्रतिबंधित वैक्यूम बम

## रिपोर्ट 'द रेस्ट ऑफ स्टोरी': वैक्यूम बमों से तापमान 3500 डिग्री पहुंचा, हजारों इंसान भाप बनकर गायब हुए

**वाशिंगटन।** इजरायल पर गाजा में 'वैक्यूम बम' इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। रिपोर्ट 'द रेस्ट ऑफ द स्टोरी' के मुताबिक, ये बम पहले हवा में ईंधन जैसा एक बादल फैलाते हैं और फिर उसमें आग लगा देते हैं। इससे बहुत बड़ा आग का गोला बनता है और आसपास की हवा खिंचकर एक तरह का जीरो (वैक्यूम) पैदा हो जाता है। इन धमाकों से तापमान 3500 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है।



**इन बमों में एल्यूमिनियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व होते हैं, जो कुछ ही सेकेंड में शरीर को जला देते हैं**

इन बमों में एल्यूमिनियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व होते हैं, जो कुछ ही सेकेंड में शरीर को जला देते हैं। मिलिट्री एक्सपर्ट्स और चश्मदीदों का भी कहना है कि इजरायल ने वहां ऐसे हथियारों का इस्तेमाल किया, जिन्हें 'वैक्यूम बम', 'थर्मल' या 'थर्मोबैरिक' बम कहा जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, हमलों में मारे गए कई लोगों के शव तक नहीं मिले। गाजा की सिविल डिफेंस टीम ने 2842 ऐसे फलस्तीनियों का रिकॉर्ड दर्ज किया है, जिनके बारे में कहा गया कि दफनाने के लिए उनका कोई हिस्सा तक नहीं बचा। वहीं 3500 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं। इस वक्त गाजा में औपचारिक सीजफायर लागू है और समझौते के 100 दिन पूरे होने के बाद यह दूसरे चरण में पहुंच चुका है, लेकिन तनाव अभी भी बना हुआ है। 10 अक्टूबर 2025 से अब तक 500 से ज्यादा फलस्तीनियों के मारे जाने की खबरें आई हैं। एक मां, यासमीन महानी, ने अपनी आपबीती सुनाई। 10 अगस्त 2024 को गाजा सिटी के अल-तबिन स्कूल पर हमले के बाद वह अपने बेटे साद को ढूंढ रही थीं। उन्हें वहां अपने पति तो मिल गए, लेकिन बेटे का कोई निशान नहीं मिला। उन्होंने बताया कि मस्जिद में उन्हें जमीन पर मांस और खून बिखरा मिला, लेकिन दफनाने के लिए बेटे का कोई हिस्सा तक नहीं मिला। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, यासमीन जैसी हजारों माताएं आज भी अपने बच्चों को अस्पतालों और मुर्दाघरों में तलाश रही हैं। इस युद्ध में मरने वालों की संख्या 72,000 से ज्यादा बताई जा रही है। मानवाधिकार संगठनों ने इजरायल पर युद्ध अपराधों के आरोप लगाए हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि ऐसे बमों का इस्तेमाल घनी आबादी वाले इलाकों में करना बहुत गंभीर मामला है। इजरायली हमले से गाजा की लगभग 90 प्रतिशत इमारतें खंडहर हो चुकी हैं। एमके-84 'हैमर': करीब 900 किलो का बम, जो 3500 डिग्री तक तापमान पैदा कर सकता है। इसका दबाव और गर्मी शरीर को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं। बीएलयू-109 बंकर बस्टर: यह मजबूत ढांचे में घुसकर अंदर फटता है और बंद जगहों में आग का बड़ा गोला बनाता है। जीबीयू-39: इसे सटीक निशाना लगाने वाला ग्लाइड बम बताया गया है। अल-तबिन स्कूल पर हमले के बाद इसके टुकड़े मिलने की बात कही गई है। इन हथियारों को एयरोसोल या वैक्यूम बम भी कहा जाता है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इनका असर इतना भीषण होता है कि इमारत बाहर से ज्यादा खराब नहीं दिखती, लेकिन अंदर मौजूद हर चीज जलकर राख हो सकती है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की बुधवार को व्हाइट हाउस में मुलाकात हुई। ये बैठक करीब 2 घंटे तक बंद कमरे में चली। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा: मैंने नेतन्याहू से साफ कहा है कि अमेरिका को ईरान के साथ परमाणु समझौते पर बातचीत जारी रखनी चाहिए। उन्होंने लिखा कि बैठक बहुत अच्छी रही, लेकिन कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ। ईरान के साथ अच्छा समझौता हो सकता है तो यह बेहतर होगा, लेकिन नहीं हुआ तो आगे क्या करना है, यह देखा जाएगा।

# 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में भाग लेंगे ऋषि सुनक

**इस आयोजन के लिए 100 से अधिक देशों के 35000 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया**

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के पूर्वावलोकन कार्यक्रम (कर्टेन रेजर) 'एआई फॉर ऑल: रीइमेजिनिग ग्लोबल कोऑपरेशन' में वक्तव्य देंगे।

सार्वजनिक नीति शोध संस्था कार्नेगी इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमें यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के कर्टेन रेजर कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस आयोजन के लिए 100 से अधिक देशों के 35000 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें 500 से अधिक स्टार्टअप सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों 17 से 19 फरवरी तक भारत की यात्रा पर रहेंगे और इस शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उनकी यह यात्रा उभरती और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, विशेष रूप से एआई के क्षेत्र में सहयोग को लेकर दोनों राष्ट्रों की प्राथमिकता को रेखांकित करती है। अपनी यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति मैक्रों मोदी के साथ 'होराइजन 2047 रोडमैप' के अंतर्गत द्विपक्षीय सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक चर्चा करेंगे। वे मुंबई में संयुक्त रूप से 'भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष 2026' का भी उद्घाटन करेंगे। नई दिल्ली के भारत मंडपम में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाला 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' पांच दिवसीय कार्यक्रम है, जो नीति, अनुसंधान, उद्योग और सार्वजनिक सहभागिता पर केंद्रित है।



**ढाका। बांग्लादेश में देश के 13वें संसदीय चुनाव के दौरान मतदान करते बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस।**

### वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति ने अमेरिकी ऊर्जा मंत्री से की मुलाकात

**काराकास।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने अपने आधिकारिक आवास मिराफ्लोरेस पैलेस में अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट से मुलाकात कर द्विपक्षीय ऊर्जा एजेंडे की समीक्षा की है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से बुधवार को जारी बयान के मुताबिक, बैठक में वेनेजुएला की ऊर्जा संप्रभुता और द्विपक्षीय रिश्तों के नीतिगत ढांचे में 'दोनों देशों के लिए फायदेमंद ऊर्जा एजेंडे' पर ध्यान केन्द्रित किया गया। इसमें अमेरिका की चार्ज डी' अफेयर्स लॉरा डोगू, वेनेजुएला की सरकारी तेल कंपनी पेट्रोलियोस डी वेनेजुएला एसए के अध्यक्ष हेक्टर ओब्रेगॉन और अमेरिका में वेनेजुएला के कूटनीतिक प्रतिनिधि फेलिक्स प्लासेंसिया भी मौजूद थे।

# ईरान के साथ बातचीत जारी रहेगी: ट्रम्प

## मैंने इजरायल के पीएम नेतन्याहू और उनके प्रतिनिधियों से मुलाकात की: राष्ट्रपति

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता इस बात की संभावनाओं का पता लगाने के लिए जारी रहेगी कि क्या परमाणु हथियारों को लेकर कोई समझौता किया जा सकता है। यह बयान उन्होंने व्हाइट हाउस में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बंद कमरे में हुई बैठक के तुरंत बाद दिया।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर पोस्ट में कहा कि मैंने अभी-अभी इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू और उनके प्रतिनिधियों से मुलाकात पूरी की है। ईरान के साथ वार्ता जारी रखने के अलावा कोई निर्णायक सहमति नहीं बनी, ताकि यह देखा जा सके कि कोई समझौता संभव है या नहीं। यदि समझौता हो सकता है, तो मैंने प्रधानमंत्री को बताया कि यही मेरी प्राथमिकता होगी। यदि ऐसा नहीं हो पाता, तो हमें देखना होगा कि आगे क्या परिणाम निकलता है। उन्होंने कहा कि बैठक में गाजा और पूरे क्षेत्र में हो रही प्रगति पर भी चर्चा हुई। नेतन्याहू बुधवार सुबह व्हाइट हाउस के दक्षिणी लॉन से होते हुए पहुंचे और बिना किसी संवाददाता सम्मेलन या आधिकारिक बयान के रवाना हो गए। दोनों नेताओं के बीच यह ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के दौरान सातवीं मुलाकात थी, जो करीब तीन घंटे तक चली। बैठक से पहले नेतन्याहू ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात की और औपचारिक रूप से 'शांति बोर्ड' का सदस्य बनने पर सहमति दी, जिसे इजरायली संसद में विवादास्पद पहल बताया जा रहा है। अमेरिका रवाना होने से पहले नेतन्याहू ने कहा था कि वह राष्ट्रपति ट्रम्प के समक्ष ईरान से वार्ता के सिद्धांतों को रखेंगे, जो न केवल इजरायल बल्कि पश्चिम एशिया में शांति और सुरक्षा चाहने वालों के लिए अहम हैं। नेतन्याहू के कार्यालय के अनुसार, वह चाहते हैं कि वार्ता में ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर सीमाएं लगाई जाएं और हमास तथा हिजबुल्लाह जैसे संगठनों से उसके संबंधों में कटौती शामिल हो। ट्रम्प ने मंगलवार को फॉक्स बिजनेस नेटवर्क को दिए साक्षात्कार में कहा था कि समझौता अच्छा होना चाहिए। कोई परमाणु हथियार नहीं, कोई मिसाइल नहीं। इस बीच, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने तेहरान में 1979 की इस्लामी क्रांति की 47वीं वर्षगांठ के अवसर पर कहा कि पश्चिम द्वारा खड़ी की गई 'अविश्वास की दीवार' अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता में बाधा बन रही है।



**ईरान के साथ वार्ता जारी रखने के अलावा कोई निर्णायक सहमति नहीं बनी, ताकि यह देखा जा सके कि कोई समझौता संभव है या नहीं**

# किम जोंग ने 13 साल की बेटी को उत्तराधिकारी चुना

## बीजिंग दौरे पर पिता के साथ दिखी थीं, पब्लिक प्रोग्राम्स में भी नजर आ रही

**सिओल।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अपनी 13 साल की बेटी किम जू ऐ को अपना उत्तराधिकारी चुन लिया है।

दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने गुरुवार को सांसदों को दी गई जानकारी में यह दावा किया। दक्षिण कोरिया की नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस (एनआईएस) ने कहा कि किम जू ऐ की लगातार बढ़ती सार्वजनिक मौजूदगी को देखते हुए यह आकलन किया गया है। एनआईएस ने कहा कि उसने 'कई परिस्थितियों' को ध्यान में रखते हुए यह निष्कर्ष निकाला है। इनमें आधिकारिक कार्यक्रमों में किम जू ऐ की प्रमुख उपस्थिति भी शामिल है। हाल के महीनों में जू ऐ कई बड़े कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ नजर आई हैं। सितम्बर में बीजिंग दौरे के दौरान भी वह किम जोंग उन के साथ दिखीं थी। यह उनका पहला विदेशी दौरा था, जिसकी जानकारी सामने आई। किम जू ऐ सितम्बर में बीजिंग दौरे के दौरान पिता किम जोंग उन के साथ दिखीं थी। एनआईएस ने यह भी कहा है कि वह इस बात पर नजर रखेगी कि क्या जू ऐ इस महीने होने वाली पार्टी सम्मेलन में शामिल होती हैं। यह उत्तर कोरिया का सबसे बड़ा राजनीतिक कार्यक्रम है, जो हर पांच साल में एक बार होता है। इसी पार्टी सम्मेलन में प्योंगयांग अगले पांच साल के लिए अपनी प्राथमिकताओं जैसे-विदेश नीति, युद्ध की तैयारी और परमाणु कार्यक्रम पर विस्तार से जानकारी दे सकता है। दक्षिण कोरिया के सांसद ली सोंग-क्वेन ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा कि एनआईएस पहले जू ऐ को 'उत्तराधिकारी बनने की ट्रेनिंग ले रही' बता चुकी है। अब एजेंसी का मानना है कि वह 'औपचारिक तौर पर उत्तराधिकारी घोषित' किए जाने के चरण में पहुंच गई हैं। ली ने कहा, किम जू ऐ कई बड़े कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ दिखी हैं। वह कोरियाई पीपुल्स आर्मी की स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुईं और कुमसुसान पैलेस ऑफ द सन भी गईं। कुछ सरकारी नीतियों पर उनकी राय सामने आने के संकेत भी मिले हैं। इन सब बातों को देखते हुए एनआईएस मानती है कि अब उन्हें उत्तराधिकारी के तौर पर नामित कर दिया गया है।



**हाल के महीनों में जू ऐ कई बड़े कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ नजर आई हैं**

